विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 73 | अंक 100 | पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 07 जनवरी, 2026
माघ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर | मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com
आज के अंक के साथ सत्यकथा




कश्मीर में इन दिनों 40 दिनों के 'चिल्लई कलां' का समय चल रहा है। 'चिल्लई कलां' मौसम के सबसे सर्द 40 दिनों का समय होता है, जो 21 दिसंबर से शुरू हुआ है और 30 जनवरी तक चलेगा। इसका असर मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान जैसे मैदानी राज्यों में भी दिखाई दे रहा है, जहां सर्दी अपने चरम पर है और कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जगह ओस की बूंदें तक जम गई हैं। तस्वीर में श्रीनगर-गुलमर्ग हाईवे दिखाई दे रहा है, जिसे भारी बर्फबारी के कारण बंद कर दिया गया है और यहां सड़क, पहाड़, पेड़- सब कुछ दूर-दूर तक बर्फ की सफेद चादर में ढंका है।

# एसआईआरः उत्तर प्रदेश में 2.89 करोड़ नाम कटे

## देश भर में कुल 6.58 करोड़ मतदाताओं के नाम हटे

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम कटने का मामला सामने आया है। प्रदेश में कुल 2.89 करोड़ मतदाताओं (करीब 18 फीसदी) के नाम सूची से हटाए गए हैं। इसका अर्थ है कि उत्तर प्रदेश में हर पांचवां वोटर अब ड्राफ्ट सूची से बाहर हो गया है।



पहले जहां उत्तर प्रदेश में 15.44 करोड़ मतदाता थे, वहीं अब यह संख्या घटकर 12.55 करोड़ रह गई है। उत्तर प्रदेश में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

ड्राफ्ट सूची से हटाए गए नामों में 46.23 लाख मृत मतदाताओं के नाम, 2.17 करोड़ ऐसे लोग जो स्थानांतरित (शिफ्टेड) हो चुके हैं, 25.47 लाख डुप्लीकेट वोटर शामिल हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश से पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी हो चुकी है। इनमें कुल 3.69 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर वैध मतदाताओं के नाम गलत तरीके से कटे हैं तो यह आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि एसआईआर के तहत हटाए गए वैध नामों का संज्ञान लेकर मतदाता सूची को दुरुस्त किया जाए। देशभर में मतदाता सूची से इतने बड़े पैमाने पर नाम हटने के बाद एसआईआर प्रक्रिया पर राजनीतिक और कानूनी बहस तेज हो गई है, और आने वाले दिनों में इस पर विवाद और गहराने की संभावना है।

### तमिलनाडु में 97 लाख, गुजरात में 73 लाख नाम कम हुए थे

| | |
|---|---|
| मध्य प्रदेश | 42.74 लाख |
| छत्तीसगढ़ | 27.34 लाख |
| केरल | 24.08 लाख |
| पश्चिम बंगाल | 58.20 लाख |
| राजस्थान | 41.85 लाख |
| तमिलनाडु | 97 लाख |
| गुजरात | 73 लाख |
| गोवा | 11.85 लाख |
| पुडुचेरी | 1.03 लाख |
| अंडमान-निकोबार | 3.10 लाख |
| लक्षद्वीप | 1,616 |

### पैरलल एनआरसी नहीं हैं एसआईआरः आयोग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम सवाल उठाया कि क्या संदिग्ध मामलों में दस्तावेजों के जरिए जांच-पड़ताल करना चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकार क्षेत्र से बाहर होगा। इस पर जवाब देते हुए आयोग ने अदालत को यह भी स्पष्ट किया कि एसआईआर किसी भी तरह से एनआरसी जैसी समानांतर नागरिकता प्रक्रिया नहीं है। इस अहम संवैधानिक मुद्दे पर अब अगली सुनवाई गुरुवार को होगी, जहां अदालत यह तय कर सकती है कि एसआईआर की सीमाएं क्या होंगी और चुनाव आयोग के अधिकारों की व्याख्या कैसे की जाए।

### ममता बोलीं- एसआईआर भाजपा के मोबाइल ऐप से हो रहा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल द्वारा बनाए गए मोबाइल ऐप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे आम और पात्र मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर को मनमाने और प्रक्रियागत खामियों के साथ अंजाम दिया जा रहा है। तृणमूल का कहना है कि एसआईआर की मौजूदा प्रक्रिया ने असली और पात्र मतदाताओं की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं।

अर्बन डेवलपमेंट के संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## विकास के साथ ही नागरिकों की सेहत का भी ध्यान रखें अफसर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शहरों के विकास के साथ अधिकारी पूरी गंभीरता से इस बात पर ध्यान दें कि पेयजल की पाइप लाइन और सीवेज लाइन एक-दूसरे से दूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी शहरी क्षेत्रों में निजी निवेश को प्राथमिकता दें, साथ ही निकायों को अपनी आमदनी बढ़ानी होगी। सीएम मंगलवार को मंत्रालय में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक ले रहे थे। बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसमें परिसंपत्ति ■ शेष पृष्ठ 7 पर



इंदौर में दूषित पानी से 17 मौतों पर हाईकोर्ट सख्त, कहा-

## इंदौर की छवि धूमिल, जरूरत पड़ी तो तय होगी आपराधिक जिम्मेदारी

**इंदौर, जेएनएन।** दूषित पेयजल से हुई मौतों के मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार और नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि इस घटना ने 'देश के सबसे स्वच्छ शहर' की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है और स्वच्छ पेयजल नागरिकों का मौलिक अधिकार है, जिससे किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट संकेत दिए कि यदि आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल के साथ-साथ आपराधिक जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। हाईकोर्ट में दूषित पानी से जुड़े पांच याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। पीठ ने यह भी कहा कि अगर पीड़ितों को दिया गया मुआवजा अपर्याप्त पाया गया, तो उस पर भी उचित निर्देश जारी किए जाएंगे।

**अगली सुनवाई 15 को, मुख्य सचिव तलबः** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को विस्तृत जवाब के साथ नई स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में स्वच्छ पेयजल का अधिकार निहित है और इसकी अनदेखी गंभीर अपराध है। मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी, जिसमें मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं।

### अब तक 17 मौतें, 15 आईसीयू में

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को उल्टी-दस्त के 38 नए मामले सामने आए, जिनमें से 6 मरीजों को अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया। कुल मिलाकर 110 मरीज अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। अब तक 421 मरीज अस्पताल लाए गए, जिनमें से 311 डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 15 मरीज आईसीयू में हैं।

**शिकायतों पर नहीं दिया ध्यानः** याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि 31 दिसंबर को ही हाईकोर्ट ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके प्रभावित इलाकों में दूषित पानी की सप्लाई जारी रही। वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि समय रहते शिकायतों पर कार्रवाई होती तो यह त्रासदी टल सकती थी।

**पाइपलाइन के लिए नहीं मिला फंडः** अदालत को यह भी बताया गया कि 2022 में नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव पारित हुआ था, लेकिन फंड जारी न होने से काम शुरू नहीं हो सका।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन

**पुणे, जेएनएन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार तड़के निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उन्हें पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सुबह करीब 3.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर दोपहर तक कलमाड़ी हाउस में रखा गया और शाम 5.15 बजे अंतिम संस्कार किया गया। कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। वे पुणे से तीन बार सांसद चुने गए। राजनीतिक जीवन में उन्होंने रेल राज्य मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। खेल प्रशासन में उनका नाम लंबे समय तक प्रभावशाली रहा। ■ शेष पृष्ठ 7 पर










## कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय



**रीवा।** पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ अन्य संभागीय अधिकारी तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। डिप्टी कमिश्नर एलएल अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी ने कार्यालय आने के लिए ई रिक्शा का उपयोग किया।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर (अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


## इंदौर घटना को लेकर शासन के निर्देश के बाद हरकत में आया जिला प्रशासन

# दूषित पानी की जांच के लिए गठित टास्क फोर्स ने कलेक्ट किये उपभोक्ताओं से सैंपल

### स्वच्छ पेयजल के लिए निगम प्रशासन मुस्तैद, की जा रही पाइपलाइन सुधार की कार्रवाई

जागरण, रीवा

इंदौर की घटना के बाद शहर के नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम प्रशासन ने पूरी तरह मुस्तैदी के साथ काम करना शुरू कर दिया दिया है। शहर में दूषित पानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा लगातार निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की जा रही है।



महापौर एवं निगमायुक्त के निर्देशानुसार गठित विशेष टास्क फोर्स द्वारा कुठुलियां, बरा कोठार एवं रानी तालाब जल शोधन संयंत्रों तथा उनसे संबंधित 10 ओएचटी जिनमें पीटीएस, कोठी, रतहरा, शांतिविहार, चिरहुला क्रमांक 2, धोबिया टंकी चौराहा, निपनिया, सुंदर नगर, अनंतपुर एवं तुलसी नगर की टंकियों में मौके पर जाकर जल गुणवत्ता परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टेस्ट ट्यूब एवं वॉटर टेस्ट किट के माध्यम से पानी के नमूनों की जांच की गई। टास्क फोर्स द्वारा लिये गये पानी के नमूनों की जांच रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। इसके साथ ही टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर उपभोक्ताओं से भी सैंपलिंग कलेक्ट की जा रही है। जिनमें तीनों जल शोधन संयंत्रों के 12 क्षेत्रों से अलग अलग उपभोक्ताओं से सैंपल कलेक्ट किए गए। नगर निगम रीवा ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी पानी के रंग, गंध अथवा स्वाद में किसी प्रकार का परिवर्तन दिखाई दे, तो तत्काल नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 18008899711 पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### अवैध कनेक्शनों को काटा और बंद किये लीकेज कनेक्शन

दूषित पानी की सप्लाई की जहां से शिकायतें प्राप्त हुईं, वहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पाइपलाइन, जॉइंट लीकेज तथा मिट्टी–पानी के संपर्क के कारण जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। ऐसे सभी स्थलों पर टास्क फोर्स द्वारा तत्काल रिपेयरिंग कार्य कराया गया। इसके साथ ही अमानक एवं अवैध कनेक्शनों को भी काटा गया। संजय नगर क्षेत्र में जांच के दौरान कुल 16 नंबर लीकेज कनेक्शन बंद किए गए। एक स्थान पर टी–कट कर लाइन की जांच की गई तथा संजय नगर की मुख्य जलप्रदाय लाइन को कवर किया गया, जिससे बाहरी गंदगी के संपर्क की संभावना को रोका जा सके।

### किया जा रहा पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य

शहर के वार्ड क्रमांक–12, खुटेही में दूषित पानी से निजात दिलाने हेतु पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रगतिरत है, जिसे कल तक पूर्ण कर उक्त स्थल के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि दूषित पानी से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। जलप्रदाय प्रणाली की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार लाइन फ्लशिंग, रिपेयरिंग एवं तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं।



### सीवर खोदाई में पाइप लाइन फूटी, फूलमती मंदिर के पीछे नहीं हुई पानी की सप्लाई



**रीवा।** शहर में सीवर लाइन बिछाने का काम कर रही सहज कांस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही के चलते पाल पैलेस नाला के पास मीठा पानी की पाइप लाइन फूट गई है जिस कारण फूलमती मंदिर के पीछे के हिस्सों में पानी सप्लाई फिलहाल बंद हो गई है। 24 घंटे से अधिक हो गये हैं लेकिन अभी तक टूटी पाइप लाइन को सुधारा नहीं जा सका है। इस कारण सोमवार की शाम और मंगलवार की सुबह पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। वार्ड 13 की निर्दलीय पार्षद नम्रता संजय सिंह बघेल ने इसकी शिकायत निगामायुक्त से की है। शिकायत में उन्होंने कहा कि सीवर कंपनी के लोगों द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य का परिणाम है जिस कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सप्लाई होने वाले पानी का स्तर वैसे भी बदबूदार है। सीवर कंपनी के लोगों का कहना है कि टूटी पाइप लाइन हम बनायेंगे, जबकि सीएमआर कंपनी के देखरेख में पाइप लाइन का सुधार किया जाना चाहिए। सीवरेज कंपनी के कार्यों में कोई गुणवत्ता नहीं है। पार्षद ने कहा कि निगम प्रशासन को टूटी पाइप लाइन को बनाते समय पाइप की गुणवत्ता का भी निरीक्षण करने की आवश्यकता है। नाने का कार्य वर्तमान में बंद है। टंकी बनाने का कार्य शुरू किया जाय और नेहरू नगर में मीठा पानी के लिए नई पाइप डाली जाए तभी लोगों को शुद्ध और मीठा पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### कलेक्टर ने पानी की गुणवत्ता का अपने सामने कराया टेस्ट

इंदौर की घटना से सबक लेते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शहर के कुठुलिया में स्थापित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया तथा टेस्टिंग लैब में पानी की गुणवत्ता टेस्ट किये जाने के कार्य की जानकारी ली तथा अपने सामने पानी की गुणवत्ता का टेस्ट कराया। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ और निर्बाध जल आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता है। पानी की टंकियों तथा घरों में सप्लाई होने वाले पानी की टेस्टिंग करें तथा यदि कहीं भी दूषित या गंदे पानी की शिकायत आये तो तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल वितरण कार्य में संलग्न सीएमआर कंपनी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दें। उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों से अपेक्षा की कि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गंभीरता से करें तथा पानी में किसी भी प्रकार का प्रदूषण न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम बनाकर जल आपूर्ति के समय पानी का परीक्षण करें तथा पाइप लाइन के लीकेज को दुरुस्त करें।

### टेस्टिंग रिकॉर्ड संधारण का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को बताया गया कि प्रत्येक वार्ड से प्रति दिवस दस घरों से पानी के सैंपल लिये जा रहे हैं साथ ही सभी 24 टंकियों के पानी की भी टेस्टिंग की जा रही है। कलेक्टर ने प्रति दिवस की जा रही टेस्टिंग के रिकॉर्ड संधारण का भी अवलोकन किया तथा टेस्टिंग कार्य में संलग्न कर्मचारियों को निर्देश दिये कि पूरी गंभीरता से पानी की टेस्टिंग करें। उन्होंने अमृत 2.0 योजना से निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एस.एन. द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नहीं हो रहा निदान, नलों में आ रहा दुर्गंधयुक्त पानी



**रीवा।** इंदौर में दूषित पेयजल से लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की मौत होने व सैकड़ों लोगों के बीमार होने के बाद भी शहर में जल प्रदाय करने वाले जिम्मेदार इंदौर में घटी घटना से सबक लेने को तैयार नहीं। शहर के वार्ड क्रमांक 13 के रहवासियों को जो पेयजल प्रदाय किया जा रहा है वह कीचड़ से परिपूर्ण दुर्गंधयुक्त प्रदाय किया जा रहा है, वार्ड के लोगों का कहना है कि जो पानी उन्हें प्रदाय हो रहा है, उसका उपयोग लोग शौचालय तक में करने से कतराते हैं। नलों में आने वाला पानी एकदम काले रंग का आ रहा है, जिससे असहनीय बदबू आती है, इस वजह से कई लोग तो नल तक चालू नहीं करते, लोगों को मजबूरी में बाजार से पीने का पानी क्रय करना पड़ रहा है तो अन्य उपयोग के लिए कुछ लोग मिलकर पानी का ठैंकर बुलवाते हैं तो कोई अन्य जल स्रोत से पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि इस समस्या से लंबे समय सये जूझ रहे हैं, किन्तु कोई सुनवाई करने वाला नहीं।

**हैंडपंप में पहुंच रहा है गंदा पानी :** शहर के प्राचीन जल स्रोतों कुएं, बावड़ी, तालाबों की बात करें तो उनमें से कई का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। जो बचे हैं वे भी देखरेख के अभाव में लावारिस पड़े हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में हैंडपंप भी लगे हैं, इन हैंडपंपों में भी कई हैंडपंप के आसपास कचरा डाल दिया जाता है वहीं घरों व क्षतिग्रस्त नालियों से बहने वाला पानी हैंडपंप के आसपास जमा होता है, जिससे गटर का गंदा पानी हैंडपंप के पाइप से अंदर रिसकर हैंडपंप के पानी को भी दूषित कर रहा है, जिसके चलते कई हैंडपंप पानी होते हुए भी अनुपयोगी पड़े हैं, जिसका एक उदाहरण देखा जा सकता है शहर के ईको पार्क के समीप स्थित कबाड़ी मोहल्ले में, यहां लगे हैंडपेंप के चारों ओर कचरा डला है वहीं उसके आसपास गंदा पानी भी जमा रहता है जो रिसकर हैंडपंप को पानी को दूषित कर रहा है। शहर सहित अंचलों में कई हैंडपंपों की भी इसी प्रकार दुर्दशा हो रही है।

## निःशक्तजनों के लिए बनी रैंप में खड़ी रहती हैं साइकिलें



### रैंप के सामने खड़े रहते हैं दोपहिया वाहन, निःशक्तजनों को होती है परेशानी

**जागरण, रीवा।** कलेक्टोरेट कार्यालय में निःशक्तजनों के लिए बनी रैंप में साइकिलें खड़ी रहती हैं वहीं रैंप के सामने दोपहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे कलेक्टोरेट कार्यालय शिकायत करने अथवा अन्य कार्य से आने वाले निःशक्तजनों को रैंप का लाभ नहीं मिल रहा जिसके चलते उन्हें अपनी ट्राइसिकल आदि सीढ़ियों के पास ही छोड़कर अंदर तक जाना पड़ता है, जिन निःशक्तजनों के साथ कोई रहता है वह उन्हें निर्धारित शाखा तक ले जाते हैं, लेकिन जो निःशक्त अकेले यहां आते हैं उन्हें काफी दिक्कत उठाना पड़ती है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने रैंप के सामने दोपहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे रैंप का रास्ता ही बंद हो जाता है। प्रति मंगलवार को जनसुनवाई में निःशक्तजन भी पहुंचते हैं वहीं अन्य दिनों में भी किसी कार्य के लिए यहां निःशक्तों का आना होता है, जिन्हें सहारे से सीढ़ियां चढ़ना पड़ती है। कलेक्ट्रेट गेट के दूसरी ओर बनी रैंप के बीच में दीवार बनी है, जिससे उस ओर से निःशक्तजनों का कार्यालय के अंदर जाना ही संभव नहीं। यहां आने वाले निःशक्तजनों ने बताया कि रैंप के सामने वाहन खड़े रहते हैं यहां पर किसी प्रकार का बोर्ड भी नहीं लगाया गया जिससे लोगों को रैंप की जानकारी हो, जिनको पता है वे लोग जैसे–तैसे अपनी ट्राइसिकल उपर चढ़ा भी लेते हैं तो रैंप के बीच खड़ी साइकिलें रोड़ा बन जाती हैं, जिससे उनकी ट्राइसिकल ऊपर नहीं चढ़ पाती।

## दिसंबर माह में 327 शहरी बेघरों को आश्रय स्थलों में दी गई शरण



**जागरण, रीवा।** शहर में शीत ऋतु में बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम द्वारा लगातार शहरवासियों, राहगीरों, यात्रियों तथा जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से खुले में रहने वाले बेघर व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित आश्रय उपलब्ध तक पहुंचाया जा रहा है। मोबाइल वैन के माध्यम से प्रतिदिन रात्रि के समय शहर भ्रमण करके जरूरत मंदो को आश्रय स्थल में शरण दी जा रही है। नगर निगम द्वारा बीते दिसंबर माह में कुल 327 शहरी बेघरों को आश्रय स्थलों तक सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया। इनमें 17 महिलाएं, 303 पुरुष तथा 7 बच्चे शामिल हैं। बच्चों में 4 बालक एवं 3 बालिकाएं सम्मिलित हैं। रात्रिकालीन मोबाइल वैन द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मंदिर परिसरों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर खुले में सो रहे जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है। आश्रय स्थलों में इन सभी व्यक्तियों के लिए गर्म कपड़े, बिस्तर, भोजन, स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक उपचार एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है। निगम प्रशासन ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आस–पास कोई बेघर, असहाय या जरूरतमंद व्यक्ति खुले में निवास करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना नगर निगम को दें, जिससे समय रहते उसे सहायता प्रदान की जा सके।

## नवनिर्वाचित सेमरिया नगरपरिषद अध्यक्ष का हुआ शपथ ग्रहण

### रीवा से सभी कांग्रेसी नेता व सेमरिया-सतना के विधायक रहे मौजूद



**जागरण, रीवा।** सेमरिया नगर परिषद के उपचुनाव में नव निर्वाचित पद्मा रोहिणी कुशवाहा का शपथ ग्रहण नगर परिषद सेमरिया के प्रांगण में सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता तथा सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शपथ विधायक अभय मिश्रा द्वारा करायी गई। इस अवसर सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत के लिए हम सेमरिया नगर परिषद के सभी मतदाताओं और क्षेत्र के बुद्धजीवियों के प्रति आभार प्रकट करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष द्वारा नगर परिषद के विकास में जो रोड़ा अटाकाया जा रहा था, उस रोड़े को मतदाताओं ने ध्वस्त कर दिया है तथा सेमरिया नगर परिषद के विकास के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। इस अवसर पर मैं नव निर्वाचित अध्यक्ष को विश्वास दिलाता हूँ कि नगर परिषद के विकास में मुझसे जो भी सहयोग लिया जाएगा, उसे पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित हूँ। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा के अनैतिक हथकण्डों को यहाँ के मतदाताओं और सभी साथियों ने ध्वस्त कर भाजपा के मंसूबो को विफल कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयश्री दिलवाया है। विजयश्री दिलाने में विधायक अभय मिश्रा व सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू तथा जिले के प्रभारी संजय शर्मा, चुनाव के लिए नियुक्त किये गये सुनील सर्राफ व रामखिलावन पटेल के सहयोग के लिए जिला कांग्रेस कमेटी विशेष रूप से कृतज्ञ है। सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू ने कहा कि प्रदेश में प्रत्यक्ष निर्वाचन के माध्यम से विजयश्री प्राप्त करने वाली पिछड़े वर्ग की महिला को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ और यहां के सभी जाति वर्ग धर्म मतदाताओं ने भाजपा के मंसूबों को ध्वस्त किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश सिंह, अजीत पाण्डेय, लालमणि पाण्डेय, सुंदरिया आदिवासी, केशकली साकेत, मोबीन खान, संतोष सोहगौरा, चेतनाथ पटेल, जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र अग्निहोत्री सभी मण्डलम् सेक्टर अध्यक्ष तथा हजारों की संख्या कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### चुनाव जीत कर आए मृत्युंजय को पहनाया कांग्रेस का पट्टा



**रीवा।** जिला पंचायत रीवा के वार्ड क्रं. 16 के उप निर्वाचन में मृत्युंजय मुन्ना मिश्रा के विजयी होने के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिये जाने के उपरांत श्री मृत्युंजय जिला कांग्रेस कार्यालय आकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा को अपना प्रमाण पत्र सौंपकर कहा कि यह विजय जिला कांग्रेस कमेटी की है। मैं इस विजय को जिला कांग्रेस अध्यक्ष को समर्पित करता हूँ और आज से अपने स्व0 पिता जी के पदचिन्हों पर चलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लेता हूँ। इस अवसर पर इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा स्वागत कर कांग्रेस पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, गिरीश सिंह, सत्यनारायण शर्मा सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी मृत्युंजय मिश्रा का माल्यार्पण से स्वागत किया। और कहा कि इस ऐतिहासिक विजय के लिए उन्हें बहुत बहुत बधाई तथा अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का जो उन्होंने संकल्प लिया है वह धन्यवाद के पात्र हैं तथा अपने क्षेत्र का तन्मयता के साथ विकास करेंगे।

## मांगें नहीं मानीं तो सपाक्स का प्रदेश बंद 18 को



**रीवा।** सपाक्स पार्टी रीवा ने आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने बावत एवं ग्वालियर के एडवोकेट अनिल मिश्रा को एट्रोसिटी एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजने के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। सपाक्स पार्टी एवं सर्व समाज के लोगों की मांग है कि एडवोकेट अनिल मिश्रा को तत्काल रिहा किया जाए एवं ब्राह्मण बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। यदि प्रदेश सरकार संतोष वर्मा के विरुद्ध अगर कोई कार्रवाई नहीं करती तो सपाक्स पार्टी के साथ ही सर्वसमाज एवं महिला संगठनों के द्वारा 18 जनवरी को प्रदेश बंद किया जाएगा तथा आगामी दिनों प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौपने में इं देवेन्द्र सिंह राष्ट्रीय महासचिव सपाक्स पार्टी संजय सिंह प्रदेश सचिव, तोषण सिंह, रमाशंकर द्विवेदी, कृपा शंकर दिवेदी, चंद्र भूषण उपाध्याय, संतोष तिवारी, विजय तिवारी, अकबर खान, विजय मिश्रा हिमांशु शुक्ला एड.संजय सिंह सुभाष चंद दुबे, रेहाना खां आदि लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के विभिन्न विभागों में सहायक वर्ग तीन एवं मृत्य के पदों पर नियुक्त अनुकंपा के आवेदकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये तथा लगन व निष्ठा से शासकीय कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा की। कलेक्टर ने मनीष कुमार मिश्रा निवासी चंदई त्योंथर, सनत कुमार प्रजापति निवासी सथनी रघुनाथगंज, रोहित दुबे निवासी तिवनी चौवियान टोला तिवनी, आदित्य मिश्रा निवासी खुझ रायपुर कुर्चलियान तथा आदित्य प्रकाश गुप्ता निवासी टिम्बर कैंपस डुपलेक्स नं. 6 गुढ़ चौक को अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किये।


कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
• स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार टैटू रिमूवल
• झुर्रियां, मुंहासे के दाग के लिए
• सफेद दाग का इलाज • फिलर ट्रीटमेन्ट
• लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
• त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
• स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
• हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयॉं)
• कार्बन पीलिंग • Prp थैरेपी, GFC थैरेपी
• मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
• हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
• स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी
शिशु रोग विभाग
पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन
कैंसर का ऑपरेशन
प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आकस्मिक सुविधा
यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

# खरीदी केन्द्र में शनिवार को किसानों को बांटे जा रहे बारदाने, चोरी हो रही धान

## एफआईआर के बाद परसिया खरीदी केंद्र में जांच के लिए पुलिस भी पहुंची



जागरण, रीवा

धान खरीदी केन्द्रों में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा। कहीं धान की चोरी करवाई जा रही है तो कहीं पर समिति प्रभारी ही अपने गोदाम में धान का भण्डारण कर रहे हैं। कहीं किसानों से धान तौलाई के नाम पर खुलेआम राशि मांगी जा रही है। जवा तहसील के अतरैला धान खरीदी केन्द्र में किसानों को शनिवार-रविवार को बारदाने बांटे जा रहे हैं किन्तु उनकी उपज की सुरक्षा की जिम्मेदारी न ली जाकर धान चोरी करवाई जा रही है। यहां धान विक्रय करने आए ग्राम कोनी के सोनू मिश्रा ने बताया कि उनका स्लॉट 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक बुक था, शनिवार को उन्हें बारदाना बांटा गया, रविवार धान खरीदी केन्द्र बंद होने से उनका धान तौला नहीं गया, रात को यहां पर किसानों को रुकने भी नहीं दिया जाता, सोमवार सुबह जब वे धान खरीदी केन्द्र पहुंचे तो उनकी धान की 25 से 30 बोरियां गायब थीं। जब यहां के प्रबधंक आदि से बात की तो उन्होंने साफ तौर पर पल्ला झाड़ लिया। धान की बोरियां गायब होने पर किसानों ने जमकर हंगामा किया, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। किसानों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केन्द्र में शनिवार-रविवार रात किसानों को बारदाने बांटे जा रहे हैं, जिन किसानों की धान की तौल नहीं हो पाती उन किसानों को खरीदी केन्द्र में रुकने भी नहीं देते। किसानों ने बताया कि अतरैला के साथ ही धान खरीदी केन्द्र के अन्य में भी यही स्थिति बरकरार है। किसान खरीदी केन्द्रों के बाहर ठंड में ठिठुरते रहते हैं, जिनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं है।

### धान खरीदी केन्द्र परसिया में किया जा रहा बदलाव

इसी प्रकार जनेह थाना क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र परसिया में समिति प्रबंधक स्वयं ही अपने निजी गोदाम में धान का अवैध भण्डारण करते पाया गया, खरीदी केन्द्र परसिया के समिति प्रबंधक शैलेन्द्र तिवारी ने अपने गोदाम में खुद के भाई प्रदीप तिवारी के नाम से 977 बोरी धान का भण्डारण कर रखा था, धान सरकारी बारदानों में भरी थी, जिससे उक्त धान बेचे जाने की तैयारी थी। किन्तु शिकायत के बाद हुई जांच से मामला सामने आ गया। सूत्रों की मानें तो उक्त धान समीपस्थ राज्य से लाए जाने की संभावना जताई जा रही है, जिसे यहां के किसान के नाम पर ठिकाने लगाए जाने की फिराक में थे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि समिति प्रबंधक शैलेन्द्र तिवारी ने स्वयं के भाई के नाम से अवैध रूप से धान का सरकारी बारदानों में भण्डारण कर रखा था, जिसे बेचने की तैयारी थी। कलेक्टर के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनित मिश्रा ने शैलेन्द्र तिवारी व उसके भाई प्रदीप मिश्रा के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है। कलेक्टर ने बताया कि समिति प्रबंधक को हटाया जा रहा है और परसिया के धान खरीदी केन्द्र में बदलाव भी किया जा रहा है। यहां लक्ष्य के अनुरूप लगभग 95 फीसदी धान का उपार्जन हो चुका है। यहां एक और भी खरीदी केन्द्र है, उसकी भी जांच करवाएंगे और आने वाले समय में नोडल अधिकारियों के माध्यम से विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### जिले में 3 लाख 65 हजार टन धान की हुई खरीदी

**किसानों को 487.16 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान**

**रीवा।** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 6 जनवरी तक 58613 किसानों से 3 लाख 65 हजार 291 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 66000 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 80 हजार 815 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 3 लाख 48 हजार 440 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 87 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 865 करोड़ 37 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 487 करोड़ 16 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा।

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण संबंधी बैठक आज

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक 7 जनवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की समीक्षा करेंगी तथा मतदाताओं की पात्रता के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में निर्देश देंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## ईसीआई मीडिया अवॉर्ड-2025 के लिये प्रविष्टियाँ आज तक

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वर्ष 2025 में बेस्ट कैम्पेन ऑफ वोटर्स, एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने वाले मीडिया संस्थानों के लिये 4 श्रेणियों में पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणी में वर्ष 2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रविष्टियाँ 7 जनवरी तक आमंत्रित की गई हैं। प्रविष्टियाँ बृजेश कुमार, अंडर सेक्रेटरी (कम्युनिकेशन) निर्वाचन सदन, भारत निर्वाचन आयोग, अशोका रोड, नई दिल्ली-11000 या ई-मेल media-division@eci.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

# ट्रेनों में अब फल-सब्जियों के छिलकों से बनी थाली में मिलेगा खाना

## प्लास्टिक डिस्पोजल को रेलवे प्रशासन ने किया टाटा-बाय-बाय




**जागरण, रीवा।** रेलवे प्रशासन अब यात्रियों को सिर्फ तेज और सुरक्षित सफर ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार सेवा देने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। आईआरसीटीसी ने मार्च से वंदे भारत, शताब्दी और बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस में भोजन परोसने के लिए एल्युमिनियम फाइल की जगह बायोडिग्रेडेबल थालियों के उपयोग का निर्णय लिया है। इससे केवल एक ट्रेन में ही हर महीने करीब 15 हजार एल्युमिनियम थालियों की खपत खत्म होगी और 100 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक कचरा कम किया जा सकेगा। रेलवे प्रशासन का मानना है कि यह पहल कार्बन उत्सर्जन घटाने के साथ-साथ स्टेशन और ट्रेनों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। बायोडिग्रेडेबल थालियों का प्रयोग पहले चरण में प्रदेश कह कुछ ट्रेनों में ट्रायल के तौर पर किया जाएगा। इसके बाद इसे सभी रेल मंडलों और लंबी दूरी की ट्रेनों में भी लागू किया जाएगा। आईआरसीटीसी के अधिकारियों का कहना है कि नई थालियां फल-सब्जियों के छिलकों, कागज और अन्य प्राकृतिक सामग्री से तैयार की जाती हैं। इस्तेमाल के बाद यह थाली 3 से 6 महीने के भीतर पूरी तरह मिट्टी में मिल जाती है, जबकि प्लास्टिक की थाली को खत्म होने में सैकड़ों साल लग जाते हैं। प्लास्टिक टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है, जो पानी, मिट्टी और भोजन के जरिए मानव शरीर तक पहुंचकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसके विपरीत बायोडिग्रेडेबल थालियों से न तो माइक्रोप्लास्टिक बनता है और न ही जहरीले रसायन निकलते हैं। इनके निर्माण और निस्तारण में कार्बन डाइआक्साइड का उत्सर्जन भी कम होता है, जिससे पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव घटता है।

### यात्रियों को मिलेगा सुरक्षित और स्वच्छ भोजन

गर्म भोजन परोसने में प्लास्टिक से निकलने वाले रसायनों का खतरा अब नहीं रहेगा। इससे यात्रियों को न केवल स्वच्छ बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित भोजन मिलेगा। रेलवे का मानना है कि इस बदलाव से यात्रियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

### मार्च से होगी शुरुआत

रेलवे के अधिकारियों के अनुसार योजना से जुड़े टेंडर की प्रक्रिया चल रही है और यह प्रयोग पिछले डेढ़ साल से विभिन्न स्तरों पर परीक्षण के रूप में किया जा रहा है। मार्च से इसे औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा। आने वाले समय में एल्युमिनियम और बायोडिग्रेडेबल डिस्पोजेबल सामग्री के संतुलित उपयोग पर भी काम किया जाएगा। इससे पहले रेलवे ने प्लास्टिक कप और थैलियों के उपयोग पर रोक लगाकर कागज आधारित विकल्प अपनाए थे। अब बायोडिग्रेडेबल थालियों को शामिल कर इस अभियान को और मजबूत किया जा रहा है।आईआरसीटीसी ने जन आहार और फूड प्लाजा संचालकों को भी पर्यावरण-अनुकूल सामग्री के उपयोग के निर्देश दिए हैं।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में डीपीसी ने किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन



**जागरण, रीवा।** एसके स्कूल में मंगलवार को डाइट प्राचार्य टीपी सिंह, प्राचार्य एसके स्कूल मिथिलेश सिंह गहरवार, डाइट फैकल्टी अनीता सोहगौरा के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय वृहद विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। डीपीसी राजेश तिवारी ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन मॉडल के बारे में संवाद करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर सम्मानित किया। विज्ञान मेला में विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान इतिहास, भूगोल एवं सामाजिक राजनीतिक जीवन पर आधारित मॉडल प्रदर्शनियों का विकासखंड के जनशिक्षा अंतर्गत प्रत्येक विषय के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने आकर्षक मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रत्येक विषय के चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी जिला स्तर पर सहभागिता करेंगे। मॉडल प्रदर्शनी केस थ ही लघु नाटिका, प्रश्न मंच एवं पर्यावरण गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी डीपीसी सोमनाथ वर्मा, नोडल अधिकारी बृद्धि प्रकाश त्रिपाठी, नवनीत चौबे, आरपी मिश्रा, आरएन मिश्रा, विवेक नामदेव, बीएसी बृजेश द्विवेदी, जनशिक्षक प्रशांत शुक्ला, अनुज पटेल, रामकृष्ण द्विवेदी, कमल नारायण त्रिपाठी, रामशरण सोनी, प्रद्युम्न द्विवेदी, विशाल शुक्ला, रविधर द्विवेदी, शिवानंद, रमेश साकेत, मालती एवं अनीता पुरवार सहित जनशिक्षक, जन शिक्षा केन्द्रों के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। आभार बीआरसी दीपेन्द्र सिंह ने माना।

# हत्या, लूट चोरी जैसे गंभीर वारदात को अंजाम देने वाला कुख्यात बदमाश पकड़ाया

**जागरण, रीवा।** शहर की बिछिया पुलिस ने एक कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुचा दिया है। कुख्यात बदमाश विजय पासी पिता छोटेलाल पासी 28 वर्ष निवासी बैलौहन टोला के खिलाफ थाना बिछिया एवं शहरी समस्त थाना क्षेत्रों मे वर्ष 2015 से अब तक हत्या, लूट, चोरी, राहजनी, गाली गलौज गुण्डागर्दी, मारपीट, तोडफोड़ शराब के जबरन पैसे मांगना नहीं देने पर मारपीट करना, धारधार हथियार रखने जैसे कुल 33 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इसकी अपराधिक गतिविधियों में रोक लगाये जाने हेतु आरोपी के विरुद्ध विधि अनुरूप समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यावाही भी की गयी बावजूद इसके अनावेदक उक्त आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नही हुआ व लगातार अपराध घटित करता रहा है। इस दृष्टि से अन्य कोई उपाय अनावेदक का अपराध रोकने के लिए कारगर साबित नही होने से 03 अक्टूबर को रीवा एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, सतना, मैहर की राजस्व की सीमाओं से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। पुलिस ने 06 जनवरी को आरोपी को भैरव मंदिर रानी तालाब के पास से गिरफ्तार किया। जिला बदर आदेश प्रभावशील होने के बावजूद जिले में रहने के संबंध में सक्षम आदेश भी पुलिस ने मांगा जो आरोपी नहीं दिखा जाया जिसके बाद पुलिस ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 अन्तर्गत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेजा है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की हालत गंभीर

## नईगढ़ी थाना क्षेत्र की महेवा गांव के पास हुई दुर्घटना



**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र के कटरा मऊगंज मार्ग पर महेवा गांव के पास बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार की रात घटी दुर्घटना में घायल युवक सड़क पर कराहता पड़ा रहा लेकिन आसपास के लोग मदद के लिए आगे नहीं आई। घटना के बाद वहां से निकल रही डायल 112 इमरजेंसी वाहन के स्टाफ की नजर युवक पर पड़ी जो खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। आनन फानन 112 इमरजेंसी वाहन चालक एवं पुलिस टीम द्वारा सड़क पर तड़पते घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचाया गया। घायल के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं, खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया गया कि युवक ठीक से बोल नहीं पा रहा था सिर्फ अपना नाम पप्पू गिरी निवासी फैजाबाद बता रहा था। अज्ञात वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल युवक की हालत ठीक न होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया जा रहा है। वहीं नईगढ़ी पुलिस दुर्घटना कारित करने वाले चालक सहित वाहन की तलाश के प्रयास में लगी हुई है।

# खंधो धाम में नवग्रह वाटिका का भूमिपूजन व विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण आज

## उपमुख्यमंत्री मुख्य अतिथि व विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे अध्यक्षता



**रीवा।** माँ खंधो धाम परिसर में 7 जनवरी बुधवार को नवग्रह वाटिका का भूमिपूजन और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे। आयोजन में सांसद जनार्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल और अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजक जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति की सभापति निर्मला संजीव द्विवेदी पिंटू व ग्राम पंचायत एवं वन समिति बांसा ने सभी क्षेत्रीय जनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# हिन्दू धर्म परिषद मकर संक्रांति का करेगा स्वागत-वंदन

## विचार एवं काव्य गोष्ठी शांतिधाम झिरिया में 14 को



**रीवा।** ब्रह्माकुमारी कला-संस्कृति प्रभाग के आमंत्रण पर हिन्दू धर्मपरिषद ने समूचे विंध्य में स्वागतम मकर संक्रांति सूर्य नववर्ष मनाये जाने का आव्हान किया है, साथ ही शांतिधाम झिरिया में 14 जनवरी को हिन्दू नववर्ष के महत्व एवं सार्थकता विषय पर विचार गोष्ठी एवं विंध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार के संयुक्त तत्वाधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें विंध्य के जाने माने ज्योतिषी और पंचाग पंडित बतौर मुख्य वक्ता अपनी बात रखेंगे। इस अवसर पर कलम परिवार के सदस्य कवि-शायर अपनी रचनाओं के माध्यम से मकर संक्रांति नव वर्ष का स्वागत करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक नारायण डिगवानी एवं कलम परिवार के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणि ने दी है। कार्यक्रम संयोजक एवं हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी ने बताया कि इस वर्ष समूचे विंध्य में हिन्दू नव वर्ष को परम्परागत तरीके से सूर्य भगवान को अर्घ्य चढ़ा कर शुरुआत की जायेगी। वैसे समूचे विंध्य में सबसे ज्यादा मकरसंक्रांति पर मेलों का आयोजन किया जाता है जबकि इसका चलन और कहीं देखने को नहीं मिलता।

# औद्योगिक विकास के लिए समन्वय समिति गठित

**रीवा।** जिले में औद्योगिक विकास तथा निवेश प्रोत्साहन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। समिति का अध्यक्ष कलेक्टर प्रतिभा पाल को बनाया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति में आयुक्त नगर निगम, वनमण्डलाधिकारी, अपर कलेक्टर, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, जिला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग को पदेन सदस्य बनाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार समिति में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, अधीक्षण यंत्री ऊर्जा, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला खनिज अधिकारी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति में जिला दूर संचार अधिकारी बीएसएनएल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भू अर्जन अधिकारी, कार्यकारी संचालक औद्योगिक विकास निगम, अध्यक्ष उद्योग संघ उद्योग विहार चोरहटा तथा अध्यक्ष लघु उद्योग संघ को भी समिति का सदस्य बनाया गया है। य समिति जिले के औद्योगिक विकास के संबंध में सुझाव देगी। समिति में शामिल सभी अधिकारियों को पीएम गति शक्ति स्टेट मास्टर प्लान पोर्टल पर नाम, पदनाम, विभाग तथा ऑफिशियल गवर्नमेंट ईमेल आईडी दर्ज करके मोबाइल नम्बर के साथ जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# संस्थानों को जारी हो रहे हैं श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र

**रीवा।** रीवा जिले में संचालित सभी संस्थानों, पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों में बड़ी संख्या में मजदूर कार्यरत हैं। इन संस्थानों में मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण की व्यवस्थाओं के आधार पर श्रम विभाग द्वारा संस्थान को श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए संस्थानों को स्वमूल्यांकन के आधार पर आवेदन करना होगा। संस्थान में श्रम कानूनों के पालन तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए समुचित और पारदर्शी व्यवस्था करना आवश्यक है। श्रम विभाग द्वारा संस्थान के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया के दौरान पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी दिया जाएगा। इसके माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन करके संस्थान द्वारा स्वमूल्यांकन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दर्ज करने होंगे। इन्हीं के आधार पर संस्थान की श्रम स्टार रेटिंग निर्धारित की जाएगी। प्रक्रिया पूरा करने के लिए संस्थान को वचन पत्र तथा संस्थान का लोगो अपलोड करने की भी सुविधा दी गई है। निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने पर संस्थान को प्रमाण पत्र स्वतः जनरेट हो जाएगा। इसके लिए संस्थान संबल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन/स्टार रेटिंग लॉगिन/पेजेस/ईएसटी लॉगिन डॉट एसपीएक्स लिंक पर आवेदन कर सकते हैं।

# नवाचार और नए संकल्पों के साथ संभाग के विकास में योगदान दें: कमिश्नर

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदन पत्र निराकृत करने के निर्देश



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि नए वर्ष में सभी अधिकारी पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। शासन की कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। रीवा संभाग तेजी से विकास कर रहा है। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार और नए संकल्पों के साथ संभाग के विकास में योगदान दें। संभाग में प्राकृतिक और जैविक खेती से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास करें। जल संरक्षण भी हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती है। संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम तीन जल स्वावलंबी ग्राम चिन्हित कर 15 जनवरी तक उनके विकास और जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करें। महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा सुपोषण पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिये जैविक खेती आवश्यक

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कृषि के यंत्रीकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हो गया है। हमें पुनः गौवंश को किसी न किसी रूप में खेती से जोड़ना आवश्यक है। प्राकृतिक और जैविक खेती गौवंश की सुरक्षा तथा हम सबके अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जमीन की उर्वरता, जल संरक्षण और संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर खेती के विकास की योजनाएं बनाई जाएं। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य जाँच के लिए भी आवश्यक प्रबंध करें। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की हर त्रैमास में संयुक्त बैठक आयोजित करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान विभागीय कार्यों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, छात्रावास और अस्पतालों का निरीक्षण करके उनके व्यवस्थाओं के संबंध में प्रतिवेदन दें। कमिश्नर ने कहा कि ई-आफिस में रीवा संभाग संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। संभागीय अधिकारी संभाग के सभी जिलों में भी ई-आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करें।

### पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें

कमिश्नर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम तथा सभी सीएमओ पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। पेयजल स्त्रोत और पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई कराएं। पाइपलाइन की सतत निगरानी करके लीकेज दूर कराएं। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही करें। पेयजल व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारी तैनात कर दें। अधीक्षण यंत्री पीएचई ग्रामीण क्षेत्र के हैण्डपंपों में पानी की गुणवत्ता की जाँच तथा नलजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति की समुचित निगरानी कराएं। मुख्य अभियंता ऊर्जा किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करें। बिजली की आपूर्ति पर सतत निगरानी रखें। खराब ट्रांसफार्मर में तत्काल सुधार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पेंशन प्रकरणों, धान उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण तथा विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन के संबंध में उचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, डिप्टी कमिश्नर एलएल अहिरवार, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार प्रबंधन करें सुनिश्चितः उप मुख्यमंत्री



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, चिकित्सा अधोसंरचना के विस्तार से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रीवा, सिंगरौली, ग्वालियर, सागर एवं बुधनी मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, मानव संसाधन की नियुक्ति और शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय गतिविधियों के सुचारु संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बायो मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक एवं सुनियोजित प्रबंधन सुनिश्चित के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये, पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने और पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला चिकित्सालयों के उन्नयन से संबंधित प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और गुणवत्ता में सुधार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने उन्नयन प्रस्तावों को व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ऐसे सभी विषयों एवं प्रस्तावों, जिनके लिए सक्षम समिति अथवा मंत्रि-परिषद (कैबिनेट) की स्वीकृति अपेक्षित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अग्रेषित करने के निर्देश दिए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## ग्रोक के अशोभनीय रवैये पर रोक लगना जरूरी

*अवैध अनुरोध करके एआई मॉडल की क्षमताओं का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हाल ही में सामने आया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) द्वारा विकसित जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट ग्रोक में एक आकर्षक अनूठा (लेकिन घिनौना भी)सेवा संबंधी पहलू शामिल है। यह सहज बुद्धि और सतर्कता पर आधारित उन सुरक्षा निर्देशों को भी दरकिनार कर रहा है, जिन्हें ओपन एआई और गूगल जैसी अन्य बड़ी कंपनियों ने अपने बड़े लैंग्वेज मॉडल में लागू किया है। इस खुले और गैरजिम्मेदार रवैये के चलते कई नई चीजें सामने आई हैं।*

*मसलन, इस चैटबॉट द्वारा राष्ट्रीय राजनेताओं और मशहूर हस्तियों का खुलकर अपमान करना। लेकिन हाल के दिनों में सामने आया इसका एक खास व्यवहार बेहद चिंताजनक है- उपयोगकर्ताओं के अनुरोधों का जवाब देते हुए, ग्रोक बिना सहमति के महिलाओं की यौन रूप से उत्तेजक एवं अशोभनीय तस्वीरें उकेर रहा है। नए साल की पूर्व संध्या के कुछ दिनों बाद, जब ग्रोक के एक्स अकाउंट पर इस तरह के अनुरोधों की बाढ़ आई, तो भारत और फ्रांस से आई स्तब्ध प्रतिक्रियाओं और सुरक्षा संबंधी उपायों की मांगों के बावजूद यह व्यवहार जारी है। जवाबदेही तय करने की मांगों के जवाब में, एक्स के अरबपति मालिक एलोन मस्क ने ठोस आश्वासन देने के बजाय मजाक में चैटबॉट से उन्हें भी कम कपड़ों में दिखाने का अनुरोध किया है मानो खुद के साथ ऐसा करना और अजनबियों को इस किस्म के अपराध का शिकार होने देना, किसी भी तरह से तुलना के लायक हो। हालांकि इस किस्म की तस्वीरें बनाना अपराध है। मस्क के अन्य कारोबारी प्रतिष्ठानों ने भी अपने-अपने अंदाज में मजाक करते हुए, उपयोगकर्ताओं के हाथों में दी गई सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इन क्षमताओं की गंभीरता को खारिज कर दिया है।*

*केंद्र सरकार ने एक्स से इस किस्म की तस्वीरें बनाना बंद करने की मांग करके बिल्कुल सही कदम उठाया है और खासतौर पर इस तरह से महिलाओं की यौन रूप से अशोभनीय तस्वीरों को उकेरने की आपराधिक प्रकृति का उल्लेख किया है। इससे पहले आईटी मंत्रालय के साइबर लॉ डिवीजन ने एक्स को पत्र लिखकर कहा था कि वह ' सभी अवैध रूप से उत्पन्न या प्रसारित सामग्री को तुरंत हटाए या उसकी पहुंच समाप्त करे। आईटी नियम 2021 के तहत निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन करे और किसी भी तरह से सबूत को नष्ट न करे।' पत्र में मंत्रालय ने यह भी कहा था कि एक्स को अपनी सेवा शर्तों और एआई-उपयोग प्रतिबंधों को लागू करना चाहिए और ' कड़े निवारक कदम' उठाने चाहिए, जिनमें ग्रोक का उपयोग कर महिलाओं और बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने वाले खातों को निलंबित करना, समाप्त करना या अन्य कार्रवाई करना शामिल है। इसके कुछ ऐसे पहलू भी हैं जिसके बारे में न तो सरकार और न ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों ने ज्यादा भरोसा दिलाया है, क्योंकि महिलाओं के साथ यौन हिंसा और जान से मारने की धमकियां साइबरस्पेस और असल दुनिया, दोनों में बेधड़क जारी हैं।*

*एक्स की मनमानी इस धारणा पर टिकी है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की भू-राजनैतिक ताकत उसे ऐसे संवेदनशील मामलों के किसी भी गंभीर नतीजे से बचाएगी। भले ही सरकार इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, लेकिन उन लोगों पर मुकदमा चलाने के लिए पुरजोर कोशिश करनी चाहिए जो बिना सहमति के अंतरंग तस्वीरों को सार्वजनिक रूप से बनाने और फैलाने को बढ़ावा देते हैं। इन उपकरणों की गलत क्षमताओं का इस्तेमाल करने को सबक सिखाकर यह बात साफ कर देनी चाहिए।*

वैश्विक राजनीति | क्या तीसरे विश्व-युद्ध की आहट है वेनेजुएला का 'कॉरपोरेट टेकओवर'?

# हर महाद्वीप में बने हुए हैं जंग वाले हालात

एम जे अकबर

पिछले ही हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चिंता जताई थी कि यदि रूस-यूक्रेन जैसे संघर्ष जल्द खत्म नहीं किए गए, तो दुनिया तीसरे महायुद्ध में फंस सकती है। मगर उन्होंने खुद वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक बंधक बना लिया और वहां नई सरकार के गठन का एलान कर दिया, जिसे अमेरिका चलाएगा। यह एक देश का 'कॉरपोरेट टेकओवर' है, क्योंकि खुद ट्रंप के ही शब्द हैं, 'उन्हें वेनेजुएला का तेल चाहिए'।



दरअसल, इस घटना से उन देशों को साहस मिलेगा, जिनका ऐसा 'एजेंडा' अब तक 'अधूरा' है। यूक्रेन के कई इलाकों पर अधिकार जमाने का एलान रूस ने किया है, जबकि चीन की मंशा 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने की है। अब अमेरिका किस मुंह से इनको रोकने के लिए आगे आएगा? पहली झलक में तो यही लगता है कि यूक्रेन की लड़ाई सिर्फ यूरोप की है, मगर क्रीमिया और यूक्रेन के पूरब में चेचन्या है। चेचन्या से कॉकेशस होते हुए हम सीरिया और पश्चिम एशिया में बहुत जल्द पहुंच जाते हैं, यानी यह यूरेशियाई युद्ध है।

वास्तव में, इस समय भूमध्य सागर, काला सागर, कैस्पियन सागर और लाल सागर के बीच जितने भी इलाके हैं, वे सभी युद्ध में फंसे हुए हैं। यहां इजरायल-हमास जंग, इजरायल-लेबनान तनाव, काकेशस संघर्ष (खासकर आर्मेनिया, अजरबैजान से ईरान का तनाव), वेनेजुएला से ऐन पहले यमन पर सऊदी अरब का हमला, फ्रांस व ब्रिटेन की इराक व सीरिया के आईएस ठिकानों पर बमबारी (वेनेजुएला हमले के दिन) के रूप में तनाव के मोर्चे खुले हुए हैं। उत्तर कोरिया और जापान की ताजा तनातनी को भी इसमें गिन सकते हैं। सवाल उठता है, क्या यह तीसरे विश्व-युद्ध की आहट है? मेरी नजर में यह 'वर्ल्ड वार' नहीं, 'वर्ल्ड वाइड वार' है, यानी हर महाद्वीप में जंग वाले हालात।

इसकी वजह भी है। दूसरे महायुद्ध के बाद दुनिया में शांति व स्थिरता लाने के लिए जितने भी संस्थान बने, वे सभी बेमानी साबित हो रहे हैं। सन् 1945 में दूसरे महासमर का अंत ही नहीं हुआ था, बल्कि औपनिवेशिक देशों में आजादी का आगाज भी हुआ था। इसकी शुरुआत भारत से हुई थी, जब महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय आंदोलन ने बरतानिया हुकूमत का झंडा झुका दिया। उन दिनों अंग्रेज और अंग्रेजीदां हंसते थे कि क्या धोती पहनकर भी कोई 'महान ब्रिटिश साम्राज्य' को झुका सकता है? वे अगले 300 वर्षों तक उस हुकूमत के चलने की भविष्यवाणी किया करते थे। मगर 1920 के बाद वह साम्राज्य 30 साल भी नहीं चला और 1947 के बाद तो अगले तीन दशकों में दुनिया के हर कोने से ही उपनिवेशवाद खत्म हो गया। प्रायः सभी देशों को आजादी अहिंसा के रास्ते ही मिली। उस वक्त संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे तमाम संस्थान गढ़े गए और इनमें हरेक मुल्क का होना यह आश्वासन था कि उनकी संप्रभुता और आजादी अक्षुण्ण रहेगी, बेशक वे अमीर हों अथवा गरीब। मगर 1990 के बाद, खास तौर से 21वीं सदी की शुरुआत से ये तमाम संस्थान बेअसर होने लगे, क्योंकि ताकतवर देशों ने अपने लिए या विश्व-हित में उस नीति को तोड़ना शुरू किया, जिसमें किसी दूसरे देश में दखल न देने की बात कही गई थी। वि-उपनिवेशीकरण से हुए बदलाव को बड़ी ताकतें मानने को तैयार नहीं हुईं, जैसे- चीन ने तिब्बत की आजादी नहीं मानी; वियतनाम विभाजन मानने को तैयार नहीं हुआ और सूडान में जो कुछ हुआ, वह तो जगजाहिर ही है।

वेनेजुएला घटनाक्रम इस सच्चाई को एक नई ऊंचाई पर ले जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप उसी 'मोनरो नीति' का पालन कर रहे हैं, जिसे साल 1823 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स मोनरो ने उस वक्त की भौगोलिक हकीकत के आधार पर तैयार किया था। उस जमाने में पूरा दक्षिणी व उत्तरी अमेरिका का अधिकतर हिस्सा यूरोप का उपनिवेश था। मोनरो ने दावा किया था कि उत्तरी हिस्सा तो अमेरिका का है ही, दक्षिणी अमेरिका पर भी अब विदेशी हित स्वीकार नहीं किए जाएंगे, क्योंकि वह उनका 'आंगन' है। मगर सबसे बड़ा सवाल यह है कि 19वीं सदी की नीति क्या 21वीं सदी में प्रासंगिक साबित होगी?

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि उन्हें अगर कुछ चाहिए, तो वह साम-दाम-दंड-भेद, सबका इस्तेमाल करके उसे अपने कब्जे में लेना पसंद करेंगे। अब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और कानून निरर्थक हैं। वेनेजुएला में जो हुआ है, वह इसी संदेश को पुख्ता कर रहा है। 'अमेरिका ही असल संयुक्त राष्ट्र है' यह बात राष्ट्रपति ट्रंप कहते भी रहे हैं। अब क्या वह ग्रीनलैंड जाएंगे? यूरोपीय देशों के सामने यह दुविधा भी खड़ी हो गई है कि कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात ट्रंप मजाक में कहते रहे हैं या वाकई उनकी यह मंशा है? नया घटनाक्रम यूक्रेन के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है। अगर अमेरिका अपने पड़ोस में अपने हित संभालने को स्वतंत्र है, तो रूस भी यह अधिकार रखता है। इससे कीव की हिम्मत और पस्त हो सकती है।

दूसरी बात। वेनेजुएला की एक सच्चाई यह है कि वहां दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, करीब 300 अरब बैरल। इसके बाद सऊदी अरब (लगभग 265 अरब बैरल) का स्थान आता है। अमेरिका के पास बमुश्किल करीब 35 अरब बैरल का तेल भंडार है। वेनेजुएला पर कब्जे के बाद अमेरिका के पास तेल बाजार को नियंत्रित करने की ताकत आ जाएगी। अब तेल ही नहीं, खनिज भी काफी महत्वपूर्ण हैं, खास तौर से सेमीकंडक्टर और चिप के लिए, तो जाहिर सी बात है कि तेल व खनिज की राजनीति अधिक परवान चढ़ेगी। पिछले 100 साल में आधे से अधिक जंग तेल के कारण ही हुए हैं।

अब रही बात भारतीय नीति की, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बखूबी यह समझते हैं कि आंतरिक ताकत जुटाए बिना कोई भी देश आजाद नहीं रह सकता। आज कई सारे देश स्वतंत्र तो हैं, लेकिन 'आजाद' नहीं हैं। हमें आजाद भी रहना है और संप्रभु भी, जो बिना सामरिक ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति के संभव नहीं है। 'टैरिफ जंग' में ही हमने देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका से टकराने की कुव्वत रखते हैं। वह मौजूदा विश्व-व्यवस्था को समझ रहे हैं।
बहरहाल यह घटनाक्रम यह बता रहा है कि 2026 में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी। सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि जिन संस्थानों पर इसे संभालने की जिम्मेदारी थी, वे खत्म कर दिए गए हैं। इस कारण यदि यह सदी का सबसे खतरनाक साल बन जाए, तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

**(लेखक पूर्व विदेश राज्य मंत्री हैं)**

खुला मंच

## शायद भारी जुर्माना ही सुधार सके हमें

अक्षय शुक्ला

बची हुई कॉफी नाली में बहाने पर लंदन में एक महिला पर डेढ़ सौ पाउंड का जुर्माना लगा दिया गया। पानी में किसी भी तरह का कचरा या खाने पीने का सामान बहाने पर वहां पर्यावरण संरक्षण कानून के तहत कड़ी कार्रवाई का नियम है। हालांकि बाद में जुर्माना माफ कर दिया गया, लेकिन इसके ज़रिए निकला संदेश दूर तक गया। भारतीय अखबारों में भी यह खबर सुर्खियां बनी थी।
सोचिए, उस महिला ने कप नहीं फेंका, सिर्फ बची हुई कॉफी ही बहाई थी। हमारे यहां तो नदी, नालों में लोग पता नहीं क्या-क्या बहा देते हैं। शादियों, पार्टियों में या होटल, रेस्तरां में हम कितना खाना यूं ही छोड़ देते हैं, जो सीधा कूड़ेदान में चला जाता है। ऐसा तब, जब हमारे देश में हज़ारों बच्चे भुखमरी और कुपोषण के शिकार हैं और ग्लोबल हंगर इंडेक्स में हम 127 देशों में 105वें स्थान पर हैं।
लंदन की तरह ही सिंगापुर में सार्वजनिक जगह पर गंदगी करने पर 2 हज़ार डॉलर का फाइन लगता है। तीसरी बार जाने पर जुर्माने की रकम दस हज़ार डॉलर तक हो जाती है। ऐसे ही जुर्माने का प्रावधान हमारे यहां भी क्यों न हो? सोचिए, ऐसा जुर्माना यहां भी सख्ती से लगने लगे तो सरकार का राजस्व कितना बढ़ जाए।
जापान में लोग खाने के बाद बचा हुआ कचरा साथ ले जाते हैं और डस्टबिन में ही डालते हैं। हमारे यहां कूड़ेदान हैं भी तो उसके बाहर ही आपको गंदगी पड़ी मिलेगी। सड़क चलते कुछ भी, कहीं भी फेंक देना हमारी आदत में शुमार है। सफाई के लिए तो कर्मचारी हैं ही। हालांकि कुछ जागरूक लोग भी हैं, जैसे मुंबई के बीच साफ करने में लगे मल्हार कलांबे और अफरोज़ शाह।
पिछले दिनों दो विडियो भी काफी वायरल हुए। इंदौर के एक विडियो में खाली प्लॉट में कूड़ा फेंकने वालों से ही निगम अधिकारी कचरा उठवा रहे हैं। उधर, बेंगलुरु के वायरल विडियो में निगम की गाड़ी ढेर सारा कूड़ा एक घर के सामने डंप करती दिख रही है। ये कूड़ा ऐसे लोगों के घर के सामने डाला जा रहा है, जो खुले में कचरा फेंकते पाए गए। उनका कूड़ा उनके ही घर भेजा जा रहा, बल्कि दो हज़ार रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है।
इधर, हमारी सिविक एजेंसियां कूड़े के उचित निस्तारण का तरीका ही नहीं खोज पा रहीं और उधर अमेरिका की इलिनोइस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बचे हुए भोजन और कचरे से विमान का ईंधन तैयार कर लिया। ऐसे ईंधन के लिए हमारे यहां तो कच्चे माल की कोई कमी नहीं। हर गली में बिखरा पड़ा है। सरकार ध्यान दे तो, रूस से तेल आयात करने की जरूरत ही ना पड़े शायद....!

प्रसंगवश

## राजनीति और कूटनीति से प्रभावित न हों खेल

*क्रिकेट को लंबे समय तक सज्जनों का खेल माना गया, परंतु हाल की घटनाएं इसकी बदलती तस्वीर दिखाती हैं। आईपीएल-2026 की मिनी नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की खरीद के बाद राजनीतिक और सामाजिक विवाद उभर आया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हिंसा को लेकर भारत में विरोध, बहिष्कार अभियान और दबाव तेज हुआ। परिणामस्वरूप बीसीसीआई ने खिलाड़ी को मुक्त करने का निर्देश दिया।*
*यह प्रकरण बताता है कि खेल अब कूटनीति और राजनीति से प्रभावित हो रहा है। आवश्यक है कि क्रिकेट को इन प्रभावों से अलग रखा जाए, ताकि वह सद्भाव और खेल भावना का प्रतीक बना रहे। दुखद है कि जो क्रिकेट कभी पड़ोसी देशों के बीच संवाद और सौहार्द का माध्यम माना जाता था, आज उसी के मैदान पर राजनीतिक कटुता की गहरी लकीरें खींची जा रही हैं। मुस्तफिजुर रहमान प्रकरण ने खेल की सीमाओं को लांघते हुए भारत-बांग्लादेश संबंधों को विवाद के केंद्र में ला खड़ा कर दिया है।*
*सवाल उठने लगे हैं कि क्या अब क्रिकेट भी कूटनीति और आक्रोश का उपकरण बन चुका है? मैदान पर गेंद नहीं, बल्कि अविश्वास और नाराजगी उछलती दिखाई दे रही है। यह पूरा घटनाक्रम पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आईपीएल बहिष्कार की याद दिलाता है, जब कूटनीतिक तनाव ने खेल के दरवाजे बंद कर दिए थे। इस बार भी सोशल मीडिया पर दबाव, राष्ट्रवादी भावनाएं और राजनीतिक बयानबाजी निर्णायक भूमिका में दिखी हैं। इससे क्रिकेट की स्वायत्तता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।*
*बहरहाल अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फैसला लिया है कि उनकी टीम टी-20 विश्व कप के चार मैच भारत में नहीं खेलेगी। उन्हें श्रीलंका स्थानांतरित किया जाए। अभी आईसीसी का फैसला आना है, लेकिन सितंबर में टीम इंडिया के बांग्लादेश दौरे पर बीसीसीआई का क्या निर्णय है? दरअसल यह विवाद ही नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं, उनके घर-मंदिर और उनकी दुकानें जलाई जा रही हैं। इन सबसे आगे की राह और अधिक धुंधली होती दिखाई दे रही है। द्विपक्षीय श्रृंखलाएं, खिलाड़ियों का आदान-प्रदान और संयुक्त क्रिकेट आयोजन सभी गंभीर सवालों के घेरे में आ खड़े हुए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा चुने जाने को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद पर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि खेल को राजनीति और भू-राजनीतिक तनाव से दूर रखा जाना चाहिए। शशि थरूर ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों का बोझ क्रिकेट पर नहीं डाला जाना चाहिए। कुछ क्षेत्रों को एक-दूसरे से अलग रखना ज़रूरी है ताकि खेल अपनी जगह बना रहे। फिलहाल आईसीसी के हस्तक्षेप की संभावना भले मौजूद हो, लेकिन ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना किसी स्थायी समाधान की उम्मीद कमजोर है। ये हालात वैश्विक क्रिकेट के लिए चेतावनी हैं कि बढ़ता राजनीतिक दखल अंततः खेल की आत्मा को खोखला कर देगा।*
*मुस्तफिजुर रहमान की रिहाई एक गहरे प्रतीक के रूप में उभरी है। यह घटना संकेत है कि क्रिकेटअब सिर्फ मैदान का खेल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पहचान, सामूहिक भावनाओं और राजनीतिक सोच का विस्तार बन चुका है। लिहाजा समय रहते संतुलन नहीं साधा गया, तो क्रिकेटीय आत्मा, जो कभी सीमाओं को जोड़ती थी, धीरे-धीरे धुंध में खो सकती है। राजनीतिक और मानवीय मुद्दों को सरकार के स्तर पर उठाया जाए, न कि खेल के जरिये।*




न्याय व्यवस्था | मेडिकल इमरजेंसी की तरह वंचितों को सतत न्याय मिलने की प्रणाली बननी चाहिए।

# अदालतों में बहस की समयसीमा तय करने की आवश्यकता

विराग गुप्ता

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि बीमार व्यक्ति को मेडिकल इमरजेंसी के अनुसार जल्द इलाज मिलता है। उसी तरह अदालतों में वंचितों और गरीबों को सतत न्याय मिलने की प्रणाली बननी चाहिए। कई लोग भारत में जजों की संख्या बढ़ाकर मुकदमों के जल्द निपटारे का नुस्खा देते हैं। परंतु अदालती समय के सही इस्तेमाल से वर्तमान जजों की संख्या के माध्यम से भी न्यायिक व्यवस्था दुरुस्त हो सकती है। तीन वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट के जज संजय किशन कौल ने वकीलों की लंबी बहस के बढ़ते प्रचलन को रोकने के लिए सख्त चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड, अमेरिका और दुनिया के किसी भी प्रगतिशील देश में वकीलों को असीमित बहस की इजाजत नहीं मिलती है।



अमेरिका में आधे घंटे से ज्यादा बहस के लिए वकील को जजों से विशेष इजाजत लेनी पड़ती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जजों को बताया कि जार्ज बुश और अल गोर के चुनाव मामले में 2000 में अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों को बहस के लिए 45 मिनट का समय दिया था। न्यायिक पुनरावलोकन के बारे में 1803 में मलबरी बनाम मैडिसन का फैसला महज 24 पेज का था। समलैंगिकता को आपराधिक बनाने के लॉरेंस बनाम टेक्सास के मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 43 पेज का निर्णय दिया था। उसी विषय पर भारत में 2018 में नवतेज सिंह जौहर मामले में जजों ने 493 पेज का फैसला दिया था। अनेक चेतावनियों के बावजूद सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में सीनियर वकीलों की लंबी बहस का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है। लंबी बहस के कारण बड़े और जटिल फैसले आते हैं। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती के ऐतिहासिक मामले में 68 दिनों की सुनवाई के बाद 700 पेजों का फैसला आया था। वर्ष 2018 में निजता के अधिकार वाले पुट्टुस्वामी मामले में 1,448 पेज का फैसला आया था। अयोध्या विवाद में 40 दिनों की सुनवाई के बाद 2019 में 1,045 पेज का फैसला आया था। तमिलनाडु में विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी वाले दो जजों का फैसला 415 पेज का था। उसके खिलाफ अनुच्छेद-143 के तहत केंद्र सरकार के संदर्भ पर 10 दिन से ज्यादा सुनवाई के बाद 111 पेज का फैसला आया।

तीन वर्ष पहले जस्टिस संजय किशन कौल ने तीन पेज की सिनॉप्सिस देने का चलन शुरू किया था। सुप्रीम कोर्ट की नयी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में उसे संस्थागत बनाने का प्रयास किया गया है। उसके अनुसार रेगुलर मामलों में सुनवाई के तीन दिन पहले पांच पेज की समरी नोट के साथ सुनवाई के एक दिन पहले वकीलों को बहस के अनुमानित समय का विवरण देना होगा। इसका प्रमुख उद्देश्य अदालतों का प्रभावी प्रबंधन, कार्य घंटों का समान वितरण, त्वरित न्याय एवं न्यायिक प्रशासन को सफल बनाना है। कोर्ट की इस पहल को सफल बनाने के लिए पांच पहलुओं को समझना जरूरी है।

**पहला,** सुप्रीम कोर्ट में मामलों की जल्द सुनवाई के लिए मेंशनिंग की व्यवस्था है। पूर्ववर्ती अनेक चीफ जस्टिस ने कहा था कि सीनियर वकीलों को अपने रुतबे का गलत इस्तेमाल करके वीआइपी और कॉरपोरेट मामलों की जल्द सुनवाई का आग्रह नहीं करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में वीआइपी सिंड्रोम खत्म करने के लिए नया सर्कुलर जारी हुआ है। संविधान के अनुसार, आम जनता को न्याय सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रशासनिक आदेशों को सुप्रीम कोर्ट के नियमों में शामिल करने की जरूरत है। एसओपी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के नियमों में भी लिखित तौर पर बदलाव हो।

**दूसरा,** बीते वर्ष सुप्रीम कोर्ट में 1,400 फैसले हुए और मुकदमों की निस्तारण दर 87 फीसदी रही। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट में 92,000 मामले लंबित हैं। नयी एसओपी केवल नोटिस जारी होने के बाद होने वाली नियमित सुनवाई और रेगुलर मामलों में ही लागू होगी। मिसलेनियस, जमानत और अन्य मामलों में भी सीनियर वकीलों की बहस की समयसीमा निर्धारित करने की जरूरत है।
तीसरा, सुप्रीम कोर्ट देश की सर्वोच्च संवैधानिक अदालत है। कई जजों के अनुसार, संवैधानिक व्याख्या की बजाय जमानत, दहेज और मुकदमों के स्थानांतरण जैसे मामलों में सर्वोच्च अदालत का अधिकांश समय खराब होता है। इसके लिए जिला अदालतों और हाईकोर्ट की न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की जरूरत है।

**चौथा,** अदालतों में लंबित कुल 5.41 करोड़ मामलों में जिला अदालतों में 4.76 करोड़ मामले हैं। उनमें से 3.65 करोड़ लंबित आपराधिक मामलों में भारी-भरकम आरोप पत्र और स्थगन का मर्ज बढ़ गया है। नये आपराधिक कानूनों के प्रावधानों को पुराने मामलों में भी लागू किया जाये, तो जिला अदालतों के लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा हो सकेगा।

**पांचवां,** सुप्रीम कोर्ट के जज एचआर खन्ना ने रिटायरमेंट के बाद 1985 में व्याख्यान देते हुए कहा था कि जजों को साहित्यिक उपमाओं और लंबे फैसलों से थीसिस लिखने की बजाय तर्क आधारित कानून सम्मत छोटे फैसले देने चाहिए। बहस के लिए वकीलों को निर्धारित समयसीमा का हर मामले में कड़ाई से पालन हो और तर्कसंगत छोटे फैसले लिखे जायें, तो न्यायिक अनुशासन बढ़ने के साथ लंबित मामलों के निपटारे और मुकदमेबाजी में भी कमी आ सकती है।

जीवन दर्शन

## प्रतिकूलता अस्थिर मनोदशा के लिए जिम्मेदार

मानव जीवन में प्रतिकूलता अपरिहार्य है। इसके परिणामस्वरुप अधिकांश लोगों का मन दुःखी रहता है, जो उनके अस्थिर मनोदशा का कारण बनता है। प्रतिकूलता अपरिहार्य है, लेकिन अधिकांश सफल लोग प्रतिकूलता को लाभ में बदल देते हैं । कुछ लोग बाहरी परिस्थितियों को अपने मानसिक स्थिति पर नियंत्रण करने देते हैं, जिससे उनकी भावनात्मकता में उथल-पुथल होती है। सच्चे सफल व्यक्ति उद्दीपन (परिस्थिति) और प्रतिक्रिया (भावनाएं) के बीच के अंतर को समझते हैं और खुशी चुनते हैं।
विपत्ति अस्तित्व की एक अटल सच्चाई है और इस ग्रह पर कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो इससे बचने का दावा कर सके। चाहे हम कितनी भी मेहनत से धर्म के मार्ग का अनुसरण करें, दुख अपरिहार्य है। सबसे सफल लोगों ने दुनिया की सबसे भयावह परिस्थितियों का सामना किया है और फिर भी उन्होंने इतिहास के पन्नों में अपनी छाप छोड़ी है।
संतों का जीवन इसका आदर्श उदाहरण है। सूरदास जन्म से ही नेत्रहीन थे, मीराबाई विधवा थीं, कबीरदास अज्ञात माता-पिता के संतान थे, और नरसी मेहता व तुलसीदास को समाज ने उपहास का पात्र बनाया। इसी प्रकार, बीथोवन ने अपने श्रेष्ठतम संगीत रचनाएं तब कीं जब वे लगभग बहरे हो चुके थे। फिर भी, इन विपत्तियों की वर्षा ने उनके उत्साह को कम नहीं किया; इसके बजाय, उन्होंने इन कठिन परिस्थितियों को अपनी जीवन में इंद्रधनुष बनाने के अवसर के रूप में उपयोग किया।



इसके विपरीत, कुछ लोग सोचते हैं कि उनके मनोदशा का चालनचक्र दूसरों के हाथों में है। इस प्रकार, वे बार-बार दूसरों के व्यवहार के आधार पर भावनात्मक उतार-चढ़ाव में व्यसित हो जाते हैं। ऐसे लोगों को लगता है कि लोगों या परिस्थितियों के कारण, नकारात्मक भावनाएँ 'उनके साथ घटित होती हैं'। उदाहरण के लिए, वे अपने चिढ़चिढ़े स्वभाव के लिए, अपने माता-पिता को जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें लगता है कि उनके पालन-पोषण के कारण वे ऐसे हो गए हैं। हम विक्टर फ्रेंकल के कठिन जीवन से यह सीख सकते हैं।
विक्टर फ्रेंकल ऑस्ट्रिया में एक यहूदी मनोवैज्ञानिक थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब हिटलर ने यहूदियों का अत्याचार किया तो फ्रेंकल को सबसे भयानक शिविर, ऑशविट्ज, में भेजा गया था। उन्हें अपनी पत्नी और बेटियों से अलग कर दिया गया था और बाद में हत्या कर दी गई थी। उन्होंने अपने भयावह अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा था- हम रात भर चलते थे, नग्न, यह जाने बिना कि हम कहां जा रहे हैं, और यह पता नही होता था कि अगले दिन जीवित रहेंगे या नहीं।
इन दर्दनाक परिस्थितियों में, विक्टर फ्रेंकल ने एक ऐसी स्वतंत्रता की खोज की जिसे कोई उनसे छीन नहीं सकता था - अपने भीतर के मनोदशा को चुनने की। उन्होंने फैसला किया- मैं खुश और प्रसन्न रहूंगा। उन्हें अक्सर मुस्कुराते और यहां तक कि हंसते हुए देखा जाता था। उनके साथी कैदी पूछते थे- आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? वे कहते थे, यह मेरा चयन है। इस तरह उन्होंने इस डरावने अनुभव को सहन किया और जब उन्हें जेल से रिहा किया गया, तो दुनिया को अपनी खोज के बारे में बताने का निर्णय लिया। उनकी खोज यह थी- चाहे बाहरी परिस्थिति कैसी भी हो, हम अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को चुनने के लिए स्वतंत्र हैं।

**-स्वामी मुकुन्दानन्द**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**श्रेयान्द्रव्यमयाद्यज्ञाज्ज्ञानयज्ञः परंतप।**
**सर्वं कर्माखिलं पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते॥**

**भावार्थ**

हे परंतप अर्जुन ! द्रव्यमय यज्ञ की अपेक्षा ज्ञानयज्ञ अत्यन्त श्रेष्ठ है, तथा यावन्मात्र सम्पूर्ण कर्म ज्ञान में समाप्त हो जाते हैं।

## न्यूज कार्नर

### प्री-बोर्ड परीक्षा का डीईओ रीवा ने किया औचक निरीक्षण



रीवा। प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, मंगलवार को कक्षा 10वीं की परीक्षा शुरु की गई। जिला शिक्षा अधिकारी रामराज प्रसाद मिश्रा द्वारा प्री बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया। मार्तंड क्रमांक 3 में सभी परीक्षा कक्षो का निरीक्षण किया, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय सभी परीक्षार्थियों को स्वच्छ मानसिकता से पूरे समय तक पेपर हल करने की समझाइश दी गई। कक्षा 10वीं में आज हिंदी तथा कक्षा 12वीं में भौतिक शास्त्र विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से कुल 10 कमरो में संचालित पाई गई। वहीं इसी प्रकार सांदीपनि विद्यालय देव तालाब का भी निरीक्षण किया गया।

### आरएल दीपंकर बने बीईओ रीवा



रीवा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीवा का प्रभार मार्तंड क्रमांक 3 के प्राचार्य आरएल दीपांकर को दिया गया है। आकांक्षा सोनी को एडीपीसी रमसा का प्रभार दिया गया है। प्रभारी बीईओ की व्यवस्था न होने से जहां कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहा था वहीं आधे से अधिक कर्मचारियों का वेतन भी रुका हुआ था, जिला शिक्षा अधिकारी रीवा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत संकुल मार्तण्ड क्रमांक 3 के प्राचार्य आरएल दीपांकर को रीवा का विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है।

### मानस मंडल की प्रथम आम सभा 8 जनवरी को

रीवा। गत माह मानस मंडल रीवा के पदाधिकारीगण के निर्वाचन के पश्चात मानस मंडल की पहली आम सभा की बैठक आगामी 8 जनवरी गुरुवार को दोपहर बाद 3बजे से आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी मानस मंडल के सचिव डॉ संतोष कुमार अवधिया एडवोकेट ने देते हुए बताया कि आमसभा में आगामी 3साल के कार्यकाल के लिए प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा, आगामी वर्ष हेतु बजट, आगामी कार्ययोजना और 12जनवरी को विमोचित होने वाले वार्षिक कलेंडर के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। मानस मंडल के सभी सदस्यों से आम सभा में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

रीवा। पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा देने के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय संचालित हैं। श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 से 9 तक में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 20 जनवरी तक आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए पंजीकृत मजदूरों के बच्चे पात्र होंगे। आवेदन पत्र डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी एसओएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर केवल ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं। श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। पात्र आवेदकों को परीक्षा के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी एसओएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान 31 तक

रीवा। रीवा जिले में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत मजदूरों तथा उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि पंजीकृत मजदूरों तथा उनके परिवार के सदस्यों की सूची निरामय पोर्टल पर उपलब्ध है। इस सूची के आधार पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान ऐप का उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

# अंडर-18 टीम घोषित, हर्षित को मिली कमान



जागरण,रीवा। डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयनसमिति के चेयरमैन शैलेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य चयनकर्ता महेन्द्र सिंह, अरूण शुक्ला एवं मंडलीक मिश्रा के द्वारा रीवा संभाग की अंडर-18 क्रिकेट टीम की घोषणा की गई। टीम का कप्तान सतना जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले आलराउंडर हर्षित यादव को बनाया गया है, जबकि टीम के उपकप्तान की जिम्मेदारी सतना जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले आकाश चौधरी को दी गयी है। रीवा की यह टीम आज से आरंभ हो रही मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के बीच खेली जाने वाली स्व.हीरालाल गायकवाड़ अंतरसंभागीय प्रतियोगिता के पहले मैच में सागर से खेलेगी। कोच नवीन तिवारी ने कहा कि रीवा की टीम काफी संतुलित है, जिसमे कप्तान हर्षित यादव, सिद्धार्थ सिंह , मेहुल अग्रवाल , मानव मिश्रा एवं आकाश चौधरी जैसे कई प्रतिभाशाली व क्षमतावान खिलाड़ी शामिल हैं, साथ ही हमें घरेलू परिस्थितयों का भी लाभ मिलेगा।

**टीम में यह शामिल :** घोषित टीम में हर्षित यादव (कप्तान), आकाश चौधरी (उपकप्तान), स्वाभिमान सिंह, कृष्णा वर्मा, सिद्धार्थ सिंह, मेहुल अग्रवाल, मानव मिश्रा ,ध्रुव पटेल, लंकी वंशकार, उदितराज मौर्य, अस्तित्व त्रिपाठी, समर प्रताप सिंह, पंकज पटेल, राजशेखर द्विवेदी एवं साहिल तोमर। टीम का कोच पूर्व जाने-माने संभागीय खिलाड़ी नवीन तिवारी को बनाया गया है जबकि रीवा संभाग के पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी धीरेन्द्र शुक्ला टीम के मैनेजर होंगे।

## राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# शहडोल विवि बना चैंपियन उज्जैन की टीम रही उपविजेता

- असफलता में ही छिपा है सफलता का राजः सांसद
- सांसद और कुलगुरु ने विजेताओं को किया पुरस्कृत





जागरण,रीवा

उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के आयोजकत्व में किया गया। मंगलवार को प्रतियोगिता का समापन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में किया गया। प्रतियोगिता में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही शहडोल विवि की टीम ने राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं उज्जैन विवि की टीम को उपविजेता का खिताब मिला। बतौर मुख्य अतिथि सांसद जर्नादन मिश्रा मौजूद रहे, वहीं अध्यक्षता कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार व कार्यपरिषद् सदस्य गजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। बतौर मुख्य अतिथि सांसद जर्नादन मिश्रा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि जो टीमें प्रतियोगिता में खिताब से दूर रहीं हैं वह आगे की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मेहनत करें यह नहीं की हार से निराश हों। असफलता में ही सफलता का राज छिपा होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने खिलाड़ियों को खेल के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन की सीख मिलती है, खिलाड़ी हमेशा अनुशासित होते हैं। उन्होंने कहा कि हार जीत की परवाह किए बिना खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर शुभकामनाएं दी। आयोजक सचिव संचालक डॉ.रामभूषण मिश्रा ने प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी व सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ.हबीब खान, डॉ.रावेन्द्र सिंह, डॉ.राजेश भारती, डॉ.उपेन्द्र पांडेय, डॉ.विजय सिंह, डॉ.विजय पाल सहित अन्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता का सफल आयोजन संचालक शरीरिक शिक्षा विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय डॉ.रामभूषण मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।



### सेमीफाइनल में रीवा ने दी कांटे की टक्कर

बता दें कि समापन के दिन प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच रीवा विवि और उज्जैन विवि के बीच खेला गया। दोनों की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैच का परिणाम ड्रा रहा। मैच में ट्राइबेकर से परिणाम निकला जिसमें उज्जैन ने 2-0 से मैच जीता, दूसरा सेमीफाइनल मैच शहडोल विवि व जबलपुर विवि के बीच खेला गया। जिसमें शहडोल 1-0 से विजेता रहा। फाइनल मुकाबला शहडोल विवि और उज्जैन विवि टीम के बीच खेला गया। जिसमें शहडोल विवि की टीम 2-0 से विजेता रहा व राज्य स्तरीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में 27 खेलों का होगा आयोजन





**पुलिस कंट्रोल रूम में हुई तैयारी बैठक**

जागरण,रीवा। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में मंगलवार को पुलिस कन्ट्रोल रूम मीटिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि 3 चरण में ब्लॉक, जिला, संभाग व राज्य स्तर पर एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, हॉकी, जूडो, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल टेनिस, योगासन, टेनिस, शतरंज कुल 14 खेल, एवं ब्लॉक, जिला, संभाग, एवं राज्य स्तर में बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल, क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पारंपरिक खेल पिट्ठू एवं रस्साकसी, सीधे राज्य स्तर पर ताईक्वांडो, फैंसिंग, रोइंग, क्याकिंग-कैनोइंग, शूटिंग एवं ऑर्चरी सहित कुल 27 खेल कराये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दर्शना बाकड़े, पायल सिंह, डॉ.जीतेन्द्र कुमार पांडेय, डॉ.रावेन्द्र सिंह, इस्तियाक खान, एमपी सिंह, विष्णु तिवारी, गीता प्रसाद पाण्डेय, जय प्रकाश नारायण मिश्रा, विपिन सेन, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आदित्य काछया, अनूप पाण्डेय, प्रकाश सिंह, शिवा गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा, पुष्पराज मिश्रा, सुनील कोरी, लवकुश मिश्रा, कुशल थापा, पप्पू प्रसाद यादव, राखी सिंह चौहान, अमर सिंह जाटव, रीतिका शर्मा, तोषराम कनौजे, ज्योति सिंह, वंदना सिंह, विकास सोनी, नीरज कुमार द्विवेदी, पुष्पादेवी पटेल, प्रतिभा खरे, अमर पासी, विनय भारती, जावेद अली, करन साकेत सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संविदाकार संघ के अध्यक्ष बने पं. रामसज्जन शुक्ला



रीवा। आयोजित संविदाकार संघ की बैठक में संविदाकार सदस्यों द्वारा संविदाकार संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में सभी संविदाकार सदस्यों की सर्वसम्मति से पंडित रामसज्जन शुक्ला को संविदाकार संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के पश्चात पं. रामसज्जन शुक्ला ने सभी संविदाकार सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संविदाकारों के हितों की रक्षा एवं उनके समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वरिष्ठ सदस्य देवेन्द्र तिवारी, के.के. सहगौरा, अरविंद मिश्रा, अशोक मिश्रा, मुन्नी तिवारी, ब्रिजेन्द्र तिवारी, सुशील दुबे, अशोक मुंशी, प्रमोद मिश्रा, कृष्णेन्द्र त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अनुपम त्रिपाठी, राजीव मिश्रा, जितेन्द्र शुक्ला, विजय शंकर गुड्डा, संजय सिंह, रामानुज द्विवेदी, रामनिवास गौतम, ज़ाकिर हुसैन, राजेश्वरी मिश्रा, नरेंद्र सिंह पप्पू, विकास सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अशोक सिंह सेंगर, जानकी शुक्ला, संजय तिवारी, नरेंद्र सिंह परिहार सहित संघ के वरिष्ठ सदस्यों एवं संविदाकारों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

### सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के राजेन्द्र सिंह बने जिलाध्यक्ष



रीवा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भइया' समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.महेन्द्र सिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ पुनीत टंडन, महामंत्री म.प्र.कांग्रेस कमेटी पूर्व विधायक मऊगंज सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' की सहमति से पूर्व विधानसभा गुढ़ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह 'शिब्बू' को सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ जिला रीवा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति पर राजेन्द्र सिंह 'शिब्बू' ने राष्ट्रीय नेतृत्व एवं समस्त वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि एक सामान्य परिवार के व्यक्ति को पार्टी ने जो अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसमें पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### विश्वनाथ बाबा बने विहिप के रीवा- मऊगंज जिले के विभाग मंत्री



रीवा। विश्व हिंदू परिषद की रीवा के सिंधु भवन में सम्पन्न हुई तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक (महाकौशल प्रांत) में लिए गए निर्णय के बाद रीवा व मऊगंज जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने संगठन के प्रति क्रियाशील सदस्यों को नई जिम्मेवारी दिए जाने का निर्णय विहिप संगठन के केंद्रीय मंत्री, क्षेत्रीय संगठन मंत्री व प्रांत संगठन मंत्री के उपस्थिति में ली गई। इसी तारतम्य में जिले के कर्मठ व संगठन के प्रति समर्पित विश्वनाथ सिंह खारोल बाबा को रीवा-मऊगंज जिले का विभाग मंत्री का दायित्व सौंपा गया। विहिप द्वारा सौंपे गए दायित्व पर श्री खारोल ने परिषद के केंद्रीय प्रांतीय पदाधिकारियों के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करते कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन की जो जवाबदारी केंद्रीय व प्रांतीय नेतृत्व ने मुझे दिया है उसका निर्वाहन ईमानदारी से करते हुए रीवा व मऊगंज जिले में अच्छे साथियों को जोड़कर संगठन के मूल उद्देश्य को लोगो के बीच पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। श्री खारोल के विहिप जिला विभाग मंत्री नियुक्त होने पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सदस्य साथी तरुण मिश्रा, कैलाश शुक्ला, लखन यादव, धीरू, आलोक सिंह, शिव सोधिया, नारायण कुशवाहा, राजू सिंह, करुण साहू, कोदूलाल विश्वकर्मा, अतुल सोधिया, राम सिंह, विजय कुशवाहा, राकेश सोधिया, प्रभात प्रजापति, शिवम पांडेय, छोटू पटेल, रमेश विश्वकर्मा, शिवलाल कुशवाहा, किशनलाल चौधरी, पवन सिंह, नीरज शुक्ला, पुनीत वर्मा, दीपक कुमार, सुमित माजवानी, विपिन कुशवाहा, रामलखन पटेल, संतोष, सहित संगठन के कई साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी व कहा कि श्री विश्वनाथ बाबा के विभाग मंत्री बनने से रीवा व मऊगंज जिले में संगठन और मजबूत व गतिशील होगी।

# 'सब जुड़ो सब बढ़ो' ने धूमधाम से मनाया स्थापना का 21वां वर्ष

**लकी ड्रा पुरस्कार वितरित किये**





रीवा। यूकेएस पैलेस नया बस स्टैंड में 'सब जुड़ो सब बढ़ो' द्वारा नववर्ष मिलन समारोह को आयोजन किया। मां-लक्ष्मी सरस्वती के छायाचित्र पर केके गुप्ता व उनकी माताश्री रामकली गुप्ता ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भोपाल से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। आयोजनकर्ता केके गुप्ता ने बताया कि 'सब जुड़ो सब बढ़ो' व्यापारियों की आर्थिक मजबूती के लिए है, जिसमें एक दूसरे का सहयोग किया जाता है, इस संस्था में रीवा शहर एवं जिले के सभी तहसीलों के भी व्यापारी जुड़े हुए हैं । सभी मेंबरों ने साथ मिलकर'सब जुड़ो सब बढ़ो' का शानदार 21वां वर्ष मनाया। इस अवसर पर 109 मेंबरों का सम्मान हुआ साथ में लकी पुरस्कार भी प्रदान किये गये। प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी वेंकटेश गुप्ता घोघर को प्रदान की गयी। दूसरा पुरस्कार रूम हीटर रवि गुप्ता मनगवां को प्राप्त हुआ, तीसरा पुरस्कार निर्मला गुप्ता बांसघाट को माइक्रोवेव एवं चौथा पुरस्कार गायत्री गुप्ता को साउंड बॉक्स प्राप्त हुआ। बच्चों में वंशिका गुप्ता अर्जुन नगर रीवा को स्मार्ट वॉच मिली। कार्यक्रम के सहयोगी साथी के तौर पर रवि गुप्ता शिबू गुप्ता वीरू गुप्ता अंबुज गुप्ता संजीव गुप्ता दुर्गेश गुप्ता कन्हैया गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।

# फसलों को पाला लगने से बचाने की सलाह



रीवा। कृषि विज्ञान केन्द्र के पौधे सरंक्षण वैज्ञानिक डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से जिले का तापमान काफी नीचे जा रहा है जिसमें पाला लगने की स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति में कृषकों को सलाह दी जाती है कि खेत में आवश्यकता अनुसार हल्की सिचाई करें, खेत की मेड़ों पर धुआं करें, उत्तर पश्चिम दिशा में वायु अवरोधक पेड़ लगाए साथ ही साथ तापमान नियंत्रित करने के लिए मिट्टी में मल्चिंग करे जिससे पाला का असर कम हो, सब्जियों की पौधेशाला टाट, पुआल या प्लास्टिक शीट से ढकना चाहिए। पाला की आशंका होने पर फसलों तथा उद्यान की फसलों में घुलनशील गंधक 80 प्रतिशत डब्ल्यू पी का दो से ढाई ग्राम मात्रा को प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर डेढ़ से दो सौ लीटर पानी में घोलकर फसलों के ऊपर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करना लाभकारी होता है।

# आवाम फाउंडेशन चलाएगा फ्री ट्यूशन क्लासेस

**6 वीं से कक्षा 12 तक के बच्चों को सभी विषय की पढ़ाई मुफ्त**



रीवा। आवाम फाउंडेशन द्वारा फ्री क्वालिटी ट्यूशन क्लासेस का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अलग अलग क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले अनुभवी लोगों ने शिरकत की, खासकर के रीवा यूनिवर्सिटी से एमबीए डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ अतुल पांडे , शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ तारिक कमाल, डॉ सैयद अरशद, घोघर कन्या स्कूल प्राचार्य फैज़ अहमद सिद्दीकी, हाजी मो अमीन, अध्यापक मुजीबुद्दीन सिद्दीकी, महाराजा स्कूल प्रिंसिपल मंज़र खान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

अवाम फाउंडेशन की टीम के द्वारा ये बताया गया कि रीवा शहर में इसी तरह की 5 अवाम फ्री ट्यूशन क्लासेस खोले जाने का प्लान है जिसमें की निपानिया , घोघर और पचमठा को पहली संस्था में कवर किया गया है और 6 वीं से लेकर के कक्षा 12 की क्लास तक के बच्चों को सभी विषय की पढ़ाई मुफ्त में कराई जाएगी। फिलहाल इन क्लासेस की टाइमिंग शाम 4 बजे से रात के 8 बजे तक की रखी गई है। बच्चों को पढ़ाने के लिए अनुभवी टीचर्स को रखा गया है। अवाम फाउंडेशन के फाउंडर प्रेसिडेंट रॉक्सी खान ने बताया कि अवाम टीम के मकसदों में सबसे प्रथम एजुकेशन को रखा गया है और इसके लिए टीम के द्वारा भविष्य के लिए भी काफी बड़ी योजनाओं में काम किया जा रहा है । इस अवसर पर इमरान खान, अकील खान, मो आसिफ, फिरोज खान, वसीम अंसारी, जावेद आजाद, फिरोज अली, राशिद अंसारी , मोनू अंसारी, काशिफ सिद्दीकी, अमी सिद्दीकी, असलम खान, बबलू भाई, अय्यूब खान, जिशान खान, सगीर भाई, मकसूद खान, रियाज खान, आकिल अंसारी, जावेद अंसारी, फरीद खान, शानू खान, इकबाल खान, जावेद खान, फारुक खान, वारिस बेग, रहमान खान, मोइन हसन सहित अन्य शामिल रहें।

# छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प





**यूको बैंक ए.जी. कॉलेज शाखा ने किया शा.कन्या शिक्षा परिसर में पौधरोपण**

रीवा। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूको बैंक ए.जी. कॉलेज शाखा द्वारा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाली बढ़ाने एवं भावी पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में यूको बैंक की शाखा प्रबंधक नेहा द्विवेदी, बैंक के समस्त कर्मचारीगण, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य प्रभाकर त्रिपाठी, विद्यालय के अन्य शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नेहा द्विवेदी ने उपस्थित छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यूको बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने गृह ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, सावधि जमा, आवर्ती जमा, बचत खाता आदि बैंकिंग योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही बच्चों के लिए संचालित यूको स्मार्ट किड योजना के बारे में जानकारी देते हुए कम उम्र से ही बचत की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूको बैंक के इस सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रयास की सराहना की गई।

# रीवा की पहली पारी के 245 रनों के जवाब में सीधी ने बनाये 5 विकेट खोकर 125 रन



जागरण, रीवा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशानुसार एवं रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व मे स्व. नरेन्द्र सिंह स्मृति अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर) का 3 दिवसीय फाइनल मैच मेजबान रीवा एवं सीधी की टीमों के बीच 6 जनवरी से अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम के मैदान में आरंभ हुआ। उक्त जानकारी देते हुये आरडीसीए मानसेवी सह सचिव देवेश शुक्ला ने बताया कि फाइनल मैच में टॉस रीवा की टीम ने जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया परंतु 131 रनों के स्कोर पर रीवा के 6 विकेट गिर गये तथा उनकी पारी का अंत नजदीक दिख रहा था। ऐसी स्थिति में ऑलराउंडर प्रांजुल पुरी एवं कप्तान सौम्य पाण्डेय ने साहसिक व आक्रामक बल्लेबाजी की तथा रीवा की पहली पारी के स्कोर को सम्मानजनक 245 रनों तक पहुंचाया । प्रांजुल पुरी ने 49 गेंदों में 8 चौके एवं 2 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली वही सौम्य पाण्डेय ने 50 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 56 रन बनाये । अमरजीत यादव ने 45 रनों की ठोस पारी खेली जबकि स्वभाव सोनी एवं अनंत वर्मा ने क्रमशः 35 एवं 30 रन बनाये । सीधी की ओर से उनके कप्तान व वामहस्त गेंदबाज अभिषेक सिंह ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये जबकि आर्यन तिवारी ने 3 विकेट एवं विनीत सिंह ने 2 विकेट हासिल किये । रीवा की पारी के समाप्त होने के पश्चात सीधी ने अपनी पहली पारी आरंभ की परंतु आर्यन तिवारी के अतिरिक्त सीधी का अन्य कोई बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सका जिसके कारण पहले दिन के खेल की समाप्ति के समय तक सीधी ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट खोकर 125 रन बना लिये हैं । मध्यप्रदेश की अंडर-23 टीम के सदस्य आर्यन तिवारी ने शानदार बल्लेबाजी की तथा 79 रन बनाकर अभी भी नॉट आउट हैं । रीवा की ओर से भारत की अंडर-19 टीम के उपकप्तान रह चुके सौम्य पाण्डेय ने सधी हुयी गेंदबाजी करते हुये 3 विकेट लिये । इस प्रकार पहले दिन के खेल में दोनो ही टीमें लगभग बराबरी पर हैं। फाइनल मैच में अंपायर प्रेमशंकर भार्गव (राष्ट्रीय स्तर अंपायर ) एवं सुहैल खान है जबकि स्कोरर अमित प्रताप सिंह भदौरिया हैं । खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखने के उद्देश्य से आरडीसीए की सीनियर चयनसमिति के सदस्य व पूर्व खिलाड़ी फरीद खान बतौर चयनकर्ता उपस्थित रहे।

### रीवा एवं सागर तथा शहडोल एवं चंबल के बीच खेले जाएंगे मैच

रीवा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन को स्व. हीरालाल गायकवाड़ अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता(अंडर-18) के 5 मैचों के आयोजन का दायित्व प्रदान किया गया है। यह मैच आज से नगर के दो क्रिकेट मैदानों पर एक साथ शुरू होंगे। यह जानकारी आरडीसीए के मानद सह-सचिव देवेश शुक्ला ने दी। इस प्रतियोगिता में रीवा के अलग-अलग मैदानों पर दो मैच आरंभ होंगे। एक मैचा एमपीसीए के इंटौरा मैदान में व दूसरा महराजा पब्लिक स्कूल के मैदान में खेला जायेगा। एमपीसीए के मैदान में मेजबान रीवा एवं सागर संभाग की टीमों के बीच मैच होगा। दूसरा मैच चंबल एवं सागर की टीमों के बीच महराजा पब्लिक स्कूल के मैदान में खेला जावेगा।

# कलेक्टर ने 87 आवेदकों की सुनी समस्याएं



## वृद्धा सुनीता मिश्रा को भरण पोषण के तहत सुविधा दिलाने के दिये निर्देश उमरी ग्राम के निवासियों ने रास्ता बहाल किये जाने का किया आवेदन

**जागरण, रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई करते हुए 87 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के दिये निर्देश। मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में मढ़ी निवासी वृद्धा सुनीता मिश्रा के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को भरण पोषण के तहत सुविधा दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने उमरी निवासियों के सतगढ़ तालाब की मेंड़ को ध्वस्त कर रास्ता बंद करने के आवेदन पर तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करते हुए रास्ता बहाल किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में मझियार निवासियों ने दुबगांव में स्थित तालाब के स्वरूप को नष्ट करने पर रोक लगाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। पुष्पेन्द्र सेन पड़री के पैतृक भूमि वापस दिलाने, कृष्ण कुमार द्विवेदी जोन्हा के शासकीय भूमि में निर्मित दूकानों से अतिक्रमण हटाने, संतोष कोल निवासी जोरी के आदिवासी बस्ती में अवैध बाउंड्रीबाल निर्माण रोके जाने तथा शिवबालक पाण्डेय जवा के स्वामित्व भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार पुरवा निवासी पाण्डेय के नक्शा तरमीम कराने के आवेदन पर तहसीलदार सिरमौर को, गोड़हा निवासी दुकौड़ीलाल के स्वंय की भूमि में जबरन बन रहे मकान निर्माण को रोकने के आवेदन पर तहसीलदार सेमरिया को, सिलपरा निवासी मोलई प्रसाद साकेत के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जबकि दयाशंकर जायसवाल अल्हवा खुर्द के मुआवजा दिलाने के आवेदन पर भूअर्जन शाखा प्रभारी को एवं टेकुआ निवासी मोनू शर्मा के अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर प्रभारी अधिकारी स्थापना शाखा को कार्यवाही के लिये कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को समाधान कारक कार्यवाही के निर्देश दिये।

## कमिश्नर ने आमजनता के आवेदन पत्रों में की सुनवाई



कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी आमजनता के आवेदनों पर तत्परता और संवेदनशीलता से कार्यवाही करके उनका निराकरण करें। आवेदन पत्रों के निराकरण का प्रतिवेदन हर सप्ताह प्रस्तुत करें। जनसुनवाई में देवेन्द्र पटेल ने खसरा सुधार के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने एसडीएम को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामप्रताप वर्मा ने अनुकंपा नियुक्ति तथा शंभू सिंह ने लंबित पेंशन प्रकरण के संबंध में आवेदन दिया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक शिक्षा को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में महेश पटेल ने वेतन भुगतान, दिनेश साकेत ने पिता की कैंसर से मौत पर आर्थिक सहायता देने, रामावतार साकेत ने पेंशन प्रकरण के निराकरण तथा अजीत रावत ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों में तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए। राजबहादुर गोड़ तथा रामखेलावन गोड़ निवासी धमोखर जिला सीधी ने जमीन के पट्टे तथा आवास के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी को आवेदकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान झूलेलाल सिंधु समाज के हर फोर व्हीलर में विराजेंगे

## टीम ने लिया भक्ति भावना के साथ संकल्प



**जागरण, रीवा।** कैलेंडर नववर्ष 2026 के आगमन के साथ ही रीवा के सिंधु समाज ने आस्था, संस्कार और सामाजिक एकता से ओत-प्रोत एक ऐतिहासिक संकल्प लिया है। अब समाज की प्रत्येक फोर व्हीलर में सिंधु समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी की मनमोहक एवं आशीर्वाद प्रदान करती आकर्षक मुद्रा में प्रतिमा विराजमान होगी। यह पहल केवल एक प्रतिमा स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा, सकारात्मक उर्जा, सामाजिक समरसता और सुरक्षित यात्रा का प्रतीक बनेगी। विश्वास है कि प्रभु श्री झूलेलाल जी की कृपा से हर यात्रा मंगलमय होगी और हर परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धी एंव सदभाव का संचार करेगी। सिंधी समाज रीवा को कैलेंडर नववर्ष का यह अनमोल तोहफा माह जनवरी से हिंदू नववर्ष चेट्टीचंद 19 मार्च तक सिंधु समाज के स्वजनों को वितरित किया जाएगा। इसके पुर्व भी सेवादार टीम द्वारा श्री झूलेलाल जी की तस्वीर घर घर तक वितरित की गयी थी। इष्टदेव की सेवा टीम के हरीश पंजवानी, अशोक टेकवानी, कैलाश बजाज, चंद्र कुमार जेठवानी, राजेश सोनेता खन्ना भैय्या, शोभराज वाधवानी, राजकुमार टिलवानी ने सिंधु भवन से पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, श्री झूलेलाल धाम के संरक्षक लद्धाराम ठारवानी के वाहन में इष्टदेव श्री झूलेलाल जी की संगमरमर की प्रतिमा विराजमान कराई। कार्यक्रम में सेवादार टीम के हरीश पंजवानी, अशोक टेकवानी, कैलाश बजाज, चंद्र कुमार जेठवानी, राजेश सोनेता खन्ना भैय्या, शोभराज वाधवानी, राजकुमार टिलवानी, सुशील कुगंवानी, घनश्याम कुलचंदानी, विनोद डोडवानी, रामकुमार नारवानी, गुलाब साहनी, पप्पन पंजवानी, यश आसनानी, श्याम ग्वालानी ने सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सेवादार टीम ने बताया यह सेवा मार्च तक निरंतर चलती रहेगी।

## परसमनिया के सखौहा बीट में खनिज अधिकारी ने मारा छापा

**सतना** परसमनिया क्षेत्र के अंतर्गत हो रहे अवैध उत्खनन की जानकारी लगते ही जिला खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी ने मंगलवार को अचानक छापामार कार्यवाही कर दी। इस दौरान खनिज अधिकारी ने एक हाइवा और एक पोकलेन मशीन भी जप्त कर ली है। इस कार्यवाही की खबर लगते ही अवैध खनन माफियॉ में हडकम्प मच गया। इस कार्यवाही के दौरान उचेहरा एसडीएम सोमेश द्विवेदी भी दलबल के साथ मौजूद रहे।

**लम्बे समय से चल रहा था खेल :** जानकारी के मुताबिक परसमनिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सखौहा बीट में अवैध उत्खनन लम्बे समय से चल रहा था जिसकी जानकारी जिला खनिज अधिकारी को लगी थी। बताया जाता है कि खनिज अधिकारी ने यहां पर अवैध उत्खन्न करते हुये पाये जाने पर सडक निर्माण करने वाले संविदाकार रविशंकर जैसवाल के विरूद्ध अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर लिया है। कितने रकवे पर उत्खनन किया गया है।

## कलेक्टर परिसर के सामने धरना जारी



**रीवा।** कलेक्टर परिसर के सामने अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। 5 जनवरी से प्रारंभ किए गए इस आंदोलन के दौरान अब तक कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुँचा, जिससे आंदोलनकारियों एवं आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त रहा। यह अनिश्चितकालीन आंदोलन सेन परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ओबीसी महासभा, मूलनिवासी विद्यार्थी संघ, अजाक्स, जयस, भीम आर्मी एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना अनवरत जारी रहेगा।

# गुरु गोविन्द सिंह ने समरस समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया

## गुरु गोविन्द सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं पौधरोपण का आयोजन




**जबलपुर, जागरण।** समरसता सेवा संगठन द्वारा श्री गुरु गोविन्द सिंह की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह डॉ प्रहलाद पटेल, मुख्य वक्ता ओजस्वी वक्ता कथाकार कवि पं अभिनेष अटल, विशिष्ट अतिथि नगर पंडित सभा अध्यक्ष पं रमेश दुबे, नगर पंडित सभा महामंत्री पं संतोष शास्त्री, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला, साकेत धाम के पास, ग्वारीघाट में किया गया। विचार गोष्ठी के उपरांत सभी अतिथियों एवं आगंतुक जनों ने नर्मदा उद्यान में पौधारोपण किया। मुख्य वक्ता पं अभिनेष अटल ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविन्द सिंह जी पर व्यख्यान और संगोष्ठी ही नहीं बल्कि उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर हमें उस पर चलने का कार्य करना होगा। मुख्य अतिथि डॉ प्रहलाद पटेल ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी गुरु गोविन्द सिंह जी के पिता जी थे और उन्होंने धर्म परिवर्तन का विरोध करते हुए सनातन की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया, अपने पिता के बलिदान को याद करते हुए धर्म की रक्षा करते हुए मुग़ल आक्रांताओ से लड़ते हुए अपने पुत्रों का भी बलिदान कर दिया और सनातन की रक्षा की। कार्यक्रम में नगर पंडित सभा के अध्यक्ष पं रमेश दुबे एवं महामंत्री पं संतोष शास्त्री ने भी विचार गोष्ठी को सम्बोधित किया।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा समरसता सेवा संगठन का उद्देश्य है कि ऐसे महापुरुष जिन्होंने अपनी वाणी, विचार, कृतित्व और ज्ञान के माध्यम से भारत की संस्कृति और सनातन की ध्वज पताका को विश्व पटल पर फहराते हुए लोगों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया उनकी जन्म जयंती के अवसर पर उनके कृतित्व, व्यक्तित्व और उनके विचार सर्व समाज के बीच पहुंच। कार्यक्रम का संचालन मनोज सेठ एवं आभार सचिव उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर आचार्य पं रोहित दुबे, सरदार परमवीर सिंह, पं कामता तिवारी, सरदार सुरजीत सिंह, पं जयनारायण तिवारी, लखविंदर कौर, पं अशोक पांडे, प्रहलाद अग्रवाल, एड रवि दुबे, टिकेंद्र यादव, चमन दोहरे, बच्चन श्रीवास्तव, रूपेंदर सिंह, दासप्रसाद अहिरवार, सरदार रविंदर चंदना, रामबाबू विश्वकर्मा, सरदार अवतार सिंह फरबा, राजेश सोनकर, सरदार सतनाम सिंह, सरदार पृथ्वी सिंह, उपस्थित थे।

# सोलर प्लांट से रीवा जिले को मुफ्त बिजली देने की मांग

जागरण, रीवा। अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस परिषद एवं सरपंच महा परिषद के अध्यक्ष ब्रह्मांशी पंडित राजकुमार सिंह तिवारी ने संभागायुक्त के माध्यम से डीसीआर एलएल अहिरवार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग करते हुए कहा कि सोलर प्लांट से रीवा जिले को मुफ्त में बिजली प्रदान की जाए। रीवा जिला प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। जिसका भरपूर दोहन हो रहा है। किंतु सोलर प्लांट से रीवा वासियों को कुछ भी नहीं मिल रहा है। स्थानीय युवाओं को नौकरी न मिलने से बेरोजगारी बढ़ रही है। किसान, व्यापारी और गरीब महंगी बिजली के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। जिस कारण कृषि उद्योग व्यवसाय चौपट हो रहे हैं। अधि ग्रहण में पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया गया। वर्तमान में किसानों की काफ़ी भूमियों को कंपनी द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। प्लांट से रीवा नहीं बाहरी लोगों को फायदा मिल रहा है। अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो जन आंदोलन होगा। ज्ञापन सौंपने में अधिवक्ता कमलेश्वर तिवारी, रश्मि द्विवेदी, उमेश पांडे, सूर्यकान्त तिवारी, भूपेंद्र तिवारी, सुरेश साहू, वेदप्रकाश, रामनरेश, धनेष, भगवानदीन, बुद्ध सेन, रोहित, सूर्यभान, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिल्वर जुबली साल में स्कोडा ने भारत में बेची 72,665 कारें

## ग्राहक की खुशी पर ज़्यादा ध्यान देने के लिए कई पहल शुरू की गई

**जबलपुर, जागरण।** स्कोडा ऑटो ने 2025 को अपनी भारत यात्रा के 25 वर्ष पूरे होने पर अब तक की सबसे मज़बूत सेल्स परफॉर्मेंस के साथ मनाया। ब्रैंड ने इस साल 72,665 कारों की बिक्री के साथ पूरा किया। 2024 में बेची गई 35,166 यूनिट्स की तुलना में सालाना 107 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह शानदार परफॉर्मेंस 2025 को स्कोडा ऑटोइंडिया का अब तक का सबसे शानदार साल बनाती है, जो प्रोडक्ट्स, मार्केट्स और कस्टमर टचपॉइंट्स में हुई तेज़ी को उजागर करती है।

इस खास साल पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटोइंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, साल 2025 हमारे लिए हमेशा खास रहेगा। यह भारत में हमारी 25वीं सालगिरह है और हमने यह साल अब तक के सबसे बेहतर और अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ देखा है और अब हम नेटवर्क और मार्केट में अपनी सबसे बड़ी मौजूदगी के मामले में सबसे आगे हैं। इस सबने, हमारे ग्राहकों के भरोसे और प्यार के साथ मिलकर इसे भारत में अब तक का हमारा सबसे शानदार साल बनाया है। काइलैक को मिला ज़बरदस्त रिस्पॉन्स, कोडियाक के लिए लगातार तारीफ और ऑक्टेविया आरएस की वापसी के लिए जोश ब्रैंड के साथ ग्राहकों के मज़बूत इमोशनल जुड़ाव को और पक्का करता है। इसके साथ ही, जिन कारों कुशाक और स्लाविया से हमारी इंडिया 2:0 जर्नी शुरू हुई। उनकी लगातार डिमांड बनी हुई है। जैसे ही हम 2026 में कदम रख रहे हैं, हम इस मोमेंटम को नए प्रोडक्ट अटैक, बेहतर सेल्स और आफ्टरसेल्स इनिशिएटिव्स और अपनी पहुँच बढ़ाने और अपने ग्राहकों के करीब आने पर और भी ज़्यादा फोकस के साथ आगे बढ़ाने की उम्मीद करते हैं।




### अलग पहचान बनाना

प्रोडक्ट्स के अलावाए 2025 में स्कोडा ऑटोइंडिया ने सही विचारों वाली स्टोरी, सांस्कृतिक महत्व और ग्राहक को महत्व देने वाले अनुभवों के ज़रिए अपने ब्रैंड की आवाज़ को बेहतर बनाया। भारत दुनिया का पहला बड़ा स्कोडा मार्केट बन गया, जिसने अपडेटेड कॉर्पोरेट आइडेंटिटी और डिज़ाइन के साथ अपने नेटवर्क की 100प्रति रीब्रांडिंग पूरी की। जिससे ग्राहकों के लिए एक जैसा और मॉडर्न ब्रैंड अनुभव मज़बूत हुआ। रणवीर सिंह के स्कोडा ऑटोइंडिया के पहले ब्रैंड सुपरस्टार बनने से कस्टमर कम्युनिकेशन में एक बड़ी छलांग लगी जिससे ब्रैंड में युवा एनर्जी और सांस्कृतिक जुड़ाव आया। साल के आखिर मेंए इस रफ्तार को आगे बढ़ाते हुए फैन्स नॉट ओनर्स कैंपेन ने स्कोडा के साथ लोगों के गहरे इमोशनल जुड़ाव का जश्न मनाया जो ओनरशिप से कहीं ज़्यादा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, नागौद पुलिस ने दबोचा

सतना। दुष्कर्म के एक आरोपी को नागौद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है यह कार्यवाही आई-डीआइजी रीवा के निर्देश पर एसपी, एएसपी एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में नागौद टीआई अशोक पाण्डेय द्वारा की गई है।

**मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण**

क्रमांक- /वी.भा.न्यास/2026, भोपाल, दिनांक 05.01.2026

मध्यप्रदेश शासन, स्वराज संस्थान संचालनालय अधीन वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित बौद्धिक गतिविधियों के संचालन तथा निष्पादन हेतु संस्थाओं का चयन किये जाने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) का आमंत्रण किया जा रहा है। ऑनलाइन प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तिथि 06.01.2026 सुबह 10:00 बजे तथा अंतिम तिथि 12.01.2026 शाम 6:00 बजे तक होगी, जिससे संबंधित सूचना, प्रपत्र एवं अन्य जानकारी वेबसाइट https://www.veerbharatnyas.com पर अपलोड की गई है।

उक्त से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार-पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही किये जावेंगे। अन्य संबंधित जानकारी वीर भारत न्यास से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

न्यासी सचिव
वीर भारत न्यास
स्वराज संस्थान संचालनालय, म.प्र.
G-24003/25

**जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं व्यासमुनि मिश्रा आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. पिता श्री सूर्यनारायण मिश्रा निवासी ग्राम मिसिरगवॉ पोस्ट सरईसेंगर तहसील मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार कार्ड नं. 3495 4020 4389 है एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मैं आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. 36 RSR Regiment के पद पर पदस्थ हूँ जो सही व सत्य है। मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07.1959 अंकित है जबकि पिता के समस्त दस्तावेजों में जन्मतिथि 01.06.1956 दर्ज है जो सही व सत्य है। जन्मतिथि 01.07.1959 और 01.06.1956 दोनो जन्मतिथि एक ही व्यक्ति के हैं व मेरे पिता के हैं। अतः उपरोक्त आर्मी रिकार्ड के सभी अभिलेखों में मेरे पिता का सही जन्मतिथि 01.06.1956 दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 82985 व्यासमुनि मिश्रा

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आर्मी नंबर 4571536F, रैंक नायक (Naik), निवासी- ग्राम/पोस्ट पथरी, तहसील सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.) के श्री विकास चतुर्वेदी की पुत्री का नाम आर्मी दस्तावेज में "वैशाली" (VAISHALI) अंकित है। अब नाम में केवल उपनाम जोड़ते हुए इसे "वैशाली चतुर्वेदी" (VAISHALI CHATURVEDI) किया जाए। यह परिवर्तन मात्र उपनाम जोड़ने हेतु है, उच्चारण में कोई परिवर्तन नहीं है। अतः भविष्य में उक्त आर्मी रिकार्डो समेत सभी शासकीय, शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम "वैशाली चतुर्वेदी" (VAISHALI CHATURVEDI) अंकित किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 83133 विकास चतुर्वेदी

**जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं व्यासमुनि मिश्रा आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. पिता श्री सूर्यनारायण मिश्रा निवासी ग्राम मिसिरगवॉ पोस्ट सरईसेंगर तहसील मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार कार्ड नं. 3495 4020 4389 है एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मैं आर्मी नं. JC, 781987A Rank NB SUB. 36 RSR Regiment के पद पर पदस्थ हूँ जो सही व सत्य है। मेरे दस्तावेजों में माता श्रीमती चन्द्रकली मिश्रा की जन्मतिथि 01.07.1964 अंकित हैं जब कि माता के दस्तावेजों में जन्मतिथि 01.01.1965 हैं जो सही व सत्य है। जन्मतिथि 01.07.1964 और 01.01.1965 दोनो जन्मतिथि एक ही व्यकित के हैं व मेरी माता के है। अतः उपरोक्त आर्मी रिकार्ड के सभी अभिलेखों में मेरी माता का सही जन्मतिथि 01.01.1965 दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 82984 व्यासमुनि मिश्रा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लो.नि.वि. रीवा (म.प्र.)**

E-mail Address-piurewa@gmail.com, dpepiu.rewa@mp.gov.in Phone: 07662-406740

**वाहन हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से प्रति वाहन माहवार किराये के आधार पर निम्नानुसार वाहन उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत ट्रेबल्स एजेंसियों से मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | जिला | निरीक्षणकर्ता अधिकारी का नाम | वाहन का नाम | मॉडल | वाहन की संख्या | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई.एम.डी. (एफ.डी.आर. के रूप में) | वाहन प्रदाता की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रीवा | कार्यपालन यंत्री वि./यां.कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.) | स्कार्पियो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 2 | रीवा | कार्यपालन यंत्री (भवन) | स्कार्पियो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 3 | रीवा | सहायक यंत्री (सिविल) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 4 | रीवा | सहायक यंत्री (सिविल) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 5 | रीवा | सहायक यंत्री (सिविल) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |
| 6 | रीवा | सहायक यंत्री (वि./यां.) | बोलेरो/ समकक्ष वाहन | वर्ष 2024 अथवा 2025 | 01 | 2000.00 | 10000.00 | ट्रेवल्स एजेंन्ट के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। | एक वर्ष हेतु |

**1.** निविदा प्रपत्र दिनांक 04.01.2026 से दिनांक 09.01.2026 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में रु. 2000/- (प्रति वाहन) जमा करके क्रय किया जा सकता है। **2.** मुहर बन्द निविदा लिफाफा दिनांक 13.01.2025 को शाम 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री के माध्यम से पहुँचना आवश्यक है। डाक विलम्ब हेतु यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। **3.** निविदा की अमानती राशि ( धरोहर राशि) किसी शेड्यूल बैंक की एफ. डी. आर. के रूप में रू. 10000.00 (दस हजार) की निविदा प्रपत्र के साथ (अलग लिफाफे में जो कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा के नाम देय हो जमा करना आवश्यक है, साथ ही ट्रेवल्स एजेंसी पंजीयन, पैन कार्ड, जीएसटी पंजीयन एवं निविदा शर्त में दिये गये समस्त अभिलेख जमा करना अनिवार्य है। **4.** निविदा की अन्य शर्ते निविदा फार्म के साथ दिया जायेगा। **5.** निविदा दिनांक 14.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे निविदाकारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खोली जायेगी।

G-24024/25
कार्यपालन यंत्री ( भवन )
लो.नि.वि. रीवा म.प्र.

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)**

**प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा के अधीनस्थ समस्त सर्किल जिला जेल-उमरिया, सीधी, बैढ़न, एवं सब जेल त्योंथर, मऊगंज, ब्यौहारी, बुढ़ार में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये प्रथम वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक 31/01/2026 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 13/01/2026 प्रात:11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी) | 28/01/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/01/2026 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 30/01/2026 सायं 05:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.) |
| 5. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 02/02/2026 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

**नोट :- 1.** निविदा फार्म, नियम व शर्तें तथा इस निविदा संबंधी अन्य विवरण संबंधी अन्य विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर किया जायेगा, जिसका पृथक से प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। **2.** ई-निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।

G-24015/25
जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा ( म.प्र. )

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**बेचना है**

चोरहटा बाईपास में 52×126 वर्ग फिट डबल रोड में ढावा संचालित है, इसमें 2W/4W की एजेंसी या कोई बड़ा शो रूम डाला जा सकता है, बेचना है।

श्रीकान्त मिश्रा
मो. 9981603232
RN.83132 (8/1)

**आवश्यकता है**

जी.एस. सिक्यूरिटी सर्विसेज को मुंबई महाराष्ट्र के लिए तत्काल सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता है। वेतन 20000 रूपये प्रति माह + P.F. & ESIC + रहने के लिए रूम मिलेगा। योग्यता 10वीं पास, लम्बाई-5 फीट 10 इंच, इच्छुक उम्मीदवार मोबाइल-8982149857, 8396010263 पर सम्पर्क करें।

RN. GM Sir 7/1

# 10 हजार करोड़ से बनेगी प्रदेश की ग्रामीण सड़कें, कैबिनेट में प्रस्ताव पर लगी मुहर

## मंत्रियों और भारसाधक सचिवों को मिले टेबलेट, अब ऑनलाइन भेजा जाएगा बैठक का एजेंडा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक आहुत की गई, जिसमें ग्रामीणों को सुगम यातायात परिवहन उपलब्ध कराने के लिए 10 हजार करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण कराने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई है। कैबिनेट ने सिंचाई परियोजनाओं सहित कई अहम प्रस्तावों पर सहमति जताई है। मंत्रालय में अपरान्ह हुई मंत्रि परिषद की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत मंजूरी प्रदान की गई। इससे अब चिन्हित मार्गो में नई सड़कों के निर्माण एवं खराब हुई सड़के के मेंटीनेस का रास्ता साफ हो गया। साथ ही मंत्रिपरिषद ने पीएम जनमन और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को अगले वर्षों तक जारी रखने का फैसला भी लिया है। इसी तरह कैबिनेट ने बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील की झिरमिटी मध्यम सिंचाई परियोजना को 922 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी। बताया गया है कि इस परियोजना से खकनार तहसील के 42 गांवों की 17 हजार 700 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी. इससे करीब 11 हजार 800 किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलेगाष इसी तरह नेपानगर तहसील की नावथा वृहद सिंचाई परियोजना को भी 1,676 करोड़ 6 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट में इस बात को लेकर भी चर्चा हुई कि सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से पूरा कराया जाए। इसके लिए नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के माध्यम से वित्त पोषण की स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन योजना) की निरंतरता को 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक स्वीकृति प्रदान की। बताया गया है कि इस योजना के जरिए 22 जिलों में रहने वाली विशेष जनजातियों बैगा, भारिया और सहरिया के लिए 1,039 किलोमीटर सड़क और 112 पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 795 करोड़ 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



**ई-कैबिनेट की दिशा में एक और कदम**

बैठक के दौरान मंत्रि-परिषद के सदस्यों और उनके भारसाधक सचिवों को ई-कैबिनेट प्रणाली के लिए टैबलेट प्रदान किए गए और प्रशिक्षण दिया गया. सरकार का कहना है कि इससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होगी।

### 1960 से अब तक हुए निर्णय मिलेंगे देखने को

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि वर्ष 1960 से लेकर अब तक लिए गए मंत्रि-परिषद के निर्णयों को डिजिटलाइज किया गया है। गत 2 वर्ष के मंत्रि-परिषद के निर्णय एक क्लिक पर देखे जा सकते हैं। मंत्रि-परिषद की बैठक के अंत में एक प्रेजेंटेशन द्वारा मंत्रियों को टैबलेट के उपयोग को प्रारंभ करने के उद्देश्य, व्यापक उपयोगिता और टैबलेट के कार्य संचालन की बुनियादी जानकारी दी गई।

### साल की पहली बैठक में सीएम का नवाचार

नववर्ष 2026 में डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की पहली बैठक में सीएम ने नवाचार करते हुए मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों को टैबलेट वितरण किया। मंत्रि-परिषद के भारसाधक सचिवों को भी टेबलेट प्रदाय किए गए। बैठक में लिए गए निर्णयों के संबंध में जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप ने बताया कि कैबिनेट की पेपर लेस बनाने की दिशा में आज मंत्रियों को टेबलेट वितरित किए गए। अब मंत्री पूरा कम टेबलेट से करेंगे। उन्होंने बताया इस मौके पर सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत ई-कैबिनेट की पहल हुई है। ई-कैबिनेट एप्लीकेशन के संबंध में संबंधितों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह एप्लीकेशन आधुनिक तकनीक, पेपरलैस, सुरक्षित और ऐसी गोपनीय प्रणाली है, जिसे मंत्रि-परिषद सदस्य कभी भी और कहीं भी अपनी सुविधा के अनुसार अवलोकन कर सकते हैं। मुख्य रूप से मंत्रि-परिषद की कार्य सूची देखने, ई-कैबिनेट एप्लीकेशन द्वारा पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों का पालन-प्रतिवेदन देखने में सुविधा होगी। डॉ. यादव ने कहा कि पारदर्शिता और समय की बचत के लिए मंत्रि-परिषद सदस्य नई व्यवस्था का पूरा लाभ लेंगे। प्रारंभ में मंत्रि-परिषद बैठक का एजेण्डा भौतिक एवं डिजिटल रूप दोनों फार्मेट में भेजा जाएगा, बाद में यह पूर्णता डिजिटल रूप में भेजा जाएगा। इस पेपरलैस व्यवस्था अर्थात ई-कैबिनेट एप्लीकेशन प्रारंभ होने से भौतिक रूप से होने वाले फोल्डर वितरण, कागज एवं समय की बचत हो सकेगी। मंत्री काश्यप ने बताया कि बैठक में बैठक में वर्ष 2026 को कृषि उद्योग वर्ष के रूप में मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई है।

### आज सरकार के खाते में आएंगे 4 हजार करोड़

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार को बाजार से 4 हजार करोड़ रुपए का ऋण लिया है। यह राशि 7 जनवरी को सरकार के खाते में आएगी। जानकारी के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश सरकार दिसबंर 2025 तक 53100 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। बुधवार को कर्ज की राशि आने बाद प्रदेश पर इस वर्ष का कुल ऋण57100 करोड़ तक पहुंच जाएंगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से सरकार ने मंगलवार को तीन हिस्सों में कर्ज लिया है। इसमें पहले और दूसरे कर्ज की राशि 1500-1500 करोड़ की होगी,जबकि तीसरा कर्ज 1 हजार करोड़ रुपए का है। पहला कर्ज 4 साल की अवधि के लिए लिया गया है,यानि कि सरकार को जनवरी 2023 तक चुकाना होगा। जबकि दूसरा कर्ज 1500 रुपए का 12 साल के लिए लिया गया है। जबकि तीसरा कर्ज की अवधि 18 साल की होगी। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा इन कर्ज पर लगने वाले ब्याज का भुगतान हर साल की जुलाई और जनवारी में छमाही आधार पर करेगी। हालांकि सरकार का कहना है कि हम अपनी वित्तीय सीमाओं के अंतर्गत ही ऋण ले रहे है। वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का कहना है कि सरकार कर्ज को लेकर अधोसंरचना में निवेश कर रही है। सरकार का पूरा ध्यान राज्य के समग्र विकास पर है और इसके लिए हमें वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए जो भी कदम उठाने पड़े,उसे हम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमा के तहत ही ऋण ले रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरसिंगपुर की यूनिट 4 में दूसरी बार 100 दिन उत्पादन

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के दो ताप विद्युत गृहों ने नए वर्ष की शुरुआत में ही नए रिकार्ड बनाए हैं। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 210 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस वित्तीय वर्ष में जहां दूसरी बार लगातार 100 दिन तक विद्युत उदत्पादन किया, वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावॉट क्षमता की यूनिट ने बिना ट्रिपिंग और ज़ीरो तेल की खपत के एक कैलेंडर वर्ष पूर्ण कर लिए। यह यूनिट 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक निर्बाध रूप से संचालित रही। वर्तमान में इस यूनिट ने लगातार संचालन के 462 दिन पूर्ण कर लिए। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 210 मेगावॉट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगातार दूसरी बार 100 दिन सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाया। इस यूनिट ने इस दौरान 88.83 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 81.98 फीसदी प्लांट यूटिलाइजेशन फेक्टर (पीएलएफ) व 9.25 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत को हासिल कर ऑपरेशनल विश्वसनीयता व दक्षता का प्रदर्शन किया।

### 53 युवा जन सीख रहे हैं वृद्धों की देखभाल के गुर

**भोपाल।** वृद्धजनों की देखभाल कैसे की जाए, इस विषय पर 75 दिवसीय केयर गिवर्स प्रशिक्षण राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (निमहर) सीहोर में प्रारंभ किया गया है। दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिकन्याय और अधिकारिका मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अटल वयों अभ्यूदय योजनांतर्गत यह प्रशिक्षण शिविर 5 जनवरी से 26 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसमें 53 युवा वृद्धों की देखभाल, उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रमुख सचिव, सामाजिकन्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत स्टेट एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसमें नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस तथा लक्ष्मी बेन सुरजी फाउंडेशन मुंबई के संयुक्त तत्वाधान वरिष्ठजनों की देखभाल के लिये युवाओं को तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाजनों को बुर्जुगों की देखभाल के तरीकों, उनके अनुभव को साझा करने की प्रक्रिया और बुर्जुगों के साथ संवेदनशील बरताओं के लिय तैयार किया जाएगा। यह अपने तरह का प्रथम प्रशिक्षण है जो प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है।

### भारतेन्दु हरिशचंद्र की पुण्यतिथि पर नमन

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतेन्दु जी ने हिंदी साहित्य को मातृभूमि की स्वतंत्रता का सशक्त माध्यम बनाने का संकल्प साकार कर जनचेतना जागृत की। उनके अतुलनीय योगदान का राष्ट्र अनंतकाल तक कृतज्ञ रहेगा।

### स्टार्ट अप्स एवं एमएसएमई हुए शामिल

**भोपाल।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के द्वारा सीएसआई - एमपीरी में आयोजित दो दिवसीय आईपी यात्रा के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में रिसर्चरस, स्टार्टअप्स एवं एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यात्रा आयोजक एमएसएमई इंदौर के सहायक निदेशक निलेश त्रिवेदी ने अपने आरम्भिक सम्बोधन में जानकारी दी कि आईपी यात्रा के प्लेटफार्म से हम अनुसंधानकर्ता विभागों की नवीनतम तकनीकों को एमएसएमई इकाईयों तक पहुंचाने की प्रक्रिया को प्रकाश में लाने में सफल हुए हैं। इंदौर छोटे उद्योगों और अनुसंधान करने वाली संस्थाओं के मध्य तकनीकी हस्तातरण और उनके आईपी अधिकारों के संरक्षण की प्रक्रिया में सदैव सहयोग, समन्वय और सेतु की भूमिका के लिए तत्पर रूप से सक्रिय रहेगी।

# डिप्टी सीएम को संविदा कर्मचारियों का ज्ञापन, संविलियन की मांग

## संविदा नीति में संशोधन की मांग, 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार को प्रदेश भर से संविदा कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति में 50 प्रतिशत पदों पर संविदा को आरक्षण देने का उल्लेख है, लेकिन चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालकों पदों पर शासन ने भर्ती पर रोक लगा रखी है। इस नीति से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लाभ नहीं मिल रहा और इसके कारण 30 सालों से संविदा पर काम करने वाले ये कर्मचारी कभी नियमित नहीं हो पाएंगे। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी, वाहन चालक, चौकीदार के खाली पदों पर संविदा कर्मचारियों का संविलियन्न करने की मांग उठाई है। प्रतिनिधि मंडल ने संविदा नीति में अनेक विसंगतियां गिनाते हुए इसमें संशोधन कर वरिष्ठता के हिसाब से विभागों में रिक्त पदों पर नियमित करने की मांग भी की है। इन 11 सूत्रीय मांगों में संविदा कर्मचारियों के वेतन भत्ते वरिष्ठता के आधार पर तय करने, समयमान वेतनमान देने, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश देने एवं संविदा कर्मचारियों के ग्रेड पे को कम करने के फैसले को बदलने जैसी मांगें शामिल हैं।

# नगर निगमों और नगर पालिकाओं में गठित होंगी टाउन वेंडिंग कमेटी, पार्षद चुनाव की तर्ज पर चुने जाएंगे प्रतिनिधि

### विभाग ने फिर लिखा पत्र

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन संचालनालय ने एक बार फिर नगरीय निकायों में पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए बनाए गए पथ विक्रेता अधिनियम 2014 को लेकर नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) के चुनाव कराने को कहा है। प्रदेश में यह व्यवस्था 2017 में लागू की गई थी लेकिन अब तक एक बार भी टीवीसी के चुनाव नहीं हुए हैं। ऐसे में विभाग ने एक बार फिर सभी नगरीय निकायौं को इन सदस्यों के निर्वाचन कराने का रिमाइंडर जारी किया है। प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका एवं नगर परिषदों के सीएमओ को लिखे पत्र में नगरीय प्रशासन संचालनालय के अपर आयुक्त शिशिर गेमावत ने कहा है कि नियम के अनुसार चुनाव संबंधी प्रक्रिया कराई जाए। टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) को नगर विक्रय समिति कहते हैं, जो नगरीय निकायों में स्ट्रीट वेंडर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके काम को व्यवस्थित करने के लिए गठित की जाती है। टीवीसी किसी भी नगरीय निकाय के लिए वेंडिंग ज़ोन तय करने के साथ सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग सर्टिफिकेट भी जारी करती है। टीवीसी का जिम्मा शहर में वो जगहें तय करना है जहां ठेले, रेहड़ी वाले अपना सामान बेच सकते हैं। इसके साथ ही टीवीसी के पास ही स्ट्रीट वेंडरों को आधिकारिक सर्टिफिकेट जारी करने के अलावा उनकी समस्याओं का समाधान भी यही कमेटी करती है। नियम के अनुसार हर नगरीय निकाय में एक जोन में एक टीवीसी मेंबर का चुनाव पार्षद की तर्ज पर होना चाहिए। टीवीसी में संबंधित निकाय का कमिश्नर या सीएमओ पदेन अध्यक्ष होता है।



### अब मानवाधिकार आयोग को शिकायत की तैयारी

इस मामले को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे पथ विक्रेता एकता संघ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष रत्नेश उपाध्याय का कहना है कि इस तरह के रिमाइंडर लंबे समय से जारी होते रहे हैं लेकिन इसके बाद भी किसी भी नगरीय निकाय में टीवीसी मेंबर के चुनाव नहीं कराए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि किसी भी नगरीय निकाय के पास स्ट्रीट वेंडर्स की मतदाता सूची ही नहीं है। ऐसे में चुनाव कराए ही नहीं जा सकते। उपाध्याय अब टीवीसी मेंबर के चुनाव कराने के लिए मानवाधिकार आयोग की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि एमपी में टीवीसी के 40 फीसदी सदस्य स्ट्रीट वेंडर्स के बीच में से चुनकर आने चाहिएं लेकिन नगरीय निकायों में इसके बजाय कुछ व्यापारी संगठनों के नुमाइंदों को सदस्य मनोनीत कर दिया जाता है।

### एक्ट 2014 का लेकिन एमपी में 2017 से हुआ लागू

सड़क किनारे हाट बाजार, ठेले, पटरी, फुटपाथ पर सामान बेचकर आजीविका चलाने वाले पथ विक्रेताओं के लिए केंद्र सरकार ने 2014 में स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट लागू किया। इस अक्ट के तहत सभी राच्यों को नियम बनाकर लागू करना था। एमपी में 24 अप्रैल 2017 को नियम बनाकर पथ विक्रेता अधिनियम को लागू कर दिया गया। इस एक्ट के नियमानुसार राच्य के सभी नगरीय निकायों में टीवीसी का गठन चुनाव के जरिए कराने का प्रावधान है। इन चुनाव में सदस्य बनने के लिए वही उम्मीदवार खड़ा हो सकता है जो खुद एक स्ट्रीट वेंडर के रूप में नगर निगम में दर्ज हो। इसके बाद भी राच्य सरकार के एक भी निकाय में इसका पालन नहीं हुआ। इसे लेकर इससे पहले भी दो बार सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखे जा चुके हैं लेकिन निकायों में टीवीसी मेंबर का चुनाव के बजाय मनोनयन किया जा रहा है।

# इंदौर में सुरक्षा के बीच कांग्रेस नेताओं ने की पीड़ितों से मुलाकात

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर में मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दूषित पानी से प्रभावित परिजनों से मिलने भागीरथपुरा पहुंचे। जहां नेताओं ने मृतकों के परिजनों के 2-2 लाख का मुआवजा देने पर सवाल खड़ा किया,तो उन्होंने कहा कि मामले को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उठाया जाएगा।

हालांकि स्थानीय पुलिस ने कानून व्यवस्था के बनाए रखने के लिए पूरे भागीरथपुरा को छावनी के तौर पर तब्दील कर दिया था। भारी पुलिस फोर्स तैनात कर जगह-जगह बैरीकेडिंग की गई। कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के परिजनों से चर्चा की. इस दौरान जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर पीड़ितो के साथ राहत के नाम पर लीपापोती करने के आरोप लगाते हुए प्रति परिवार को एक करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि कहा पंचायत की बैठक में लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं लेकिन भागीरथपुरा में लोगों की मौत की कीमत सरकार ने महज दो लाख तय कर रखी है। कांग्रेस इसका विरोध कर रही है तो विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है. इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा राज्य सरकार ने प्रशासनिक रूप से अस्पताल में भी पुलिस लगा रखी है। यह बात समझ से परे है कि इस मामले में सरकार को इतना डर क्यों है, उन्होंने सवाल उठाया की क्या यह सरकार की असंवेदनशीलता है या फिर नाकामी है।



### टंकी पर चढ़े कांग्रेसी

इधर भोपाल के बरखेड़ा पठानी में कांग्रेसियों ने पानी की टंकियों का निरीक्षण किया। यहां कांग्रेस नेता पानी की टंकी पर चढ़ भी गए। कांग्रेस नेता राविन्द्र साहू ने बताया कि बरखेड़ा पठानी के निरीक्षण में सप्लाई स्थल पर गंदगी, शराबियों का जमावड़ा और टंकी के अंदर भी गंदगी पाई गई। इसी टंकी से हज़ारों लोगों को पीने का पानी दिया जा रहा है। यह सीधा जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है।



# डीजीपी को मिला प्रथम हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं संवेदनशील पुलिसिंग की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए डीजीपी कैलाश मकवाणा को प्रथम हार्टफुलनेस चेंज मेकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मंगलवार को भोपाल के पीएचक्यू में आयोजित एक कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधियों और आईजी रुचिवर्धन ने डीजीपी को यह सम्मान प्रदान किया। इस सम्मान की घोषणा 21 दिसंबर को हैदराबाद के कान्हा शांतिवनम में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की मौजूदगी में की गई थी। एमपी पुलिस में 2022 से हार्टफुलनेस मेडिटेशन लागू किया गया, जिसे फरवरी 2025 में विस्तार दिया गया। इसके तहत सभी पुलिस तानों में स्टाफ एवं प्रशिक्षण संस्थानों में नवआरक्षकों को नियमित रूप से ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। विभाग के पास लगभग 1000 प्रशिक्षित हार्टफुलनेस प्रशिक्षक हैं और विभाग अब इन-हाउस प्रशिक्षक भी तैयार कर रहा है। इस नवाचार के परिणाम भी सामने आए हैं और इससे पुलिसकर्मियों की निर्णय क्षमता और कार्यकुशलता में सुधार हुआ है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### विकास के साथ ही...

प्रबंधन और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन प्रस्तावित है। बैठक में सीएम ने कहा कि शहरों के विकास से जुड़ी योजनाओं को नियोजित ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। अधिकारी सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि पेयजल की पाइप लाइन और सीवेज लाइन न तो एक दूसरे के समीप हो और न ही कहीं भी एक दूसरे को क्रास करें। सीएम ने कहा कि निकायों को अपनी आमदनी बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। शहरी क्षेत्रों में निजी निवेश को प्राथमिकता दी जाए, उन्होंने कहा कि नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में बताया गया कि शहरी गतिशीलता प्रभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश ईवी पॉलिसी क्रियान्वयन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब, रोपवे, मल्टी लेवल पार्किंग, सार्वजनिक साइकिल सेवा, सिटी मोबिलिटी प्लान तथा ई-वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा।

नदियों में न मिले दूषित पानी

सीएम ने बैठक में साफ किया कि अधिकारियों को यह विशेष तौर पर ध्यान देना होगा कि विकास योजना में स्थानीय सीवेज का पानी किसी भी जलाशय या वहां से निकली नदियों के जल में नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने नर्मदा और तापी नदी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नदियों के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे के समान नमामि नर्मदे परियोजना का क्रियान्वयन सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से करें। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, उद्योग विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश ...

वे भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रहे और 2010 में दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के अध्यक्ष भी थे। कलमाड़ी का नाम कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 से जुड़े भ्रष्टाचार आरोपों के कारण भी सुर्खियों में रहा। राजनीति में आने से पहले कलमाड़ी का सैन्य करियर उल्लेखनीय रहा। उन्होंने 1960 में नेशन डिफेंस अकादमी ज्वाइन की और बाद में इंडियन एयर फोर्स में पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त किया।

**केंद्र को निर्देश** ईपीएफओ वेतन सीमा पर होगा फैसला,15 हजार की वर्तमान सीमा से कई कर्मचारी बाहर

# चार महीने में लें वेतन बढ़ाने पर फैसला: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ को 4 महीने के अंदर वेतन सीमा में संशोधन करने के लिए फैसला लेने का निर्देश दिया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि वेतन सीमा में ठहराव के कारण कई कर्मचारी एपीएफओ के दायरे से बाहर हो गए हैं।



यह याचिका डॉ. नवीन प्रकाश नौटियाल नामक शख्स ने दाखिल की थी। इस याचिका पर जस्टिस जेके माहेश्वरी और अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आदेश की एक कॉपी के साथ एक विस्तृत प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का वक्त भी दिया।

बता दें कि केंद्र सरकार ने न्यूनतम वेतन की सीमा को 15 हजार रुपये प्रति महीने तय किया है। सितंबर 2014 से ही यह सीमा स्थिर बनी हुई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि 15 हजार रुपये प्रति महीने की वेतन सीमा मनमानी और अतार्किक है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि इसका मुद्रास्फीति, न्यूनतम मजदूरी या प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से कोई संबंध नहीं है। याचिका में कहा गया है कि प्रति माह 15,000 रुपये से थोड़ा अधिक कमाने वाले कर्मचारी भी ईपीएफ कवरेज से बाहर हो गए हैं।

## आवारा कुत्तों के केस में याचिकाओं की बाढ़

आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल हो रही याचिकाओं की असामान्य संख्या पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि इस मामले में जितनी इंटरलोक्यूटरी एप्लीकेशंस (आईए) दाखिल की जा रही हैं, उतनी तो कई बार मानव मामलों में भी नहीं आतीं। यह टिप्पणी जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने की, जब दो वकीलों ने अपनी-अपनी अर्जियों का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा, 'आमतौर पर इंसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अर्जियां दाखिल नहीं होतीं।' कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आवारा कुत्तों से जुड़े इस मामले की सुनवाई बुधवार को तय है और इससे संबंधित सभी याचिकाएं उसी दिन एक साथ सुनी जाएंगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इंसानी मामलों में भी इतनी अर्जिया नहीं**

**मेडिकल जांच के बाद टैटू हटाना स्वीकार्य नहीं**

## कलकत्ता हाईकोर्ट: सशस्त्र बल उम्मीदवार की याचिका खारिज

**कोलकाता, जेएनएन।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सशस्त्र बलों में भर्ती के इच्छुक एक अभ्यर्थी की याचिका खारिज करते हुए साफ कहा है कि डिटेल्ड मेडिकल एग्जामिनेशन के बाद टैटू हटाकर रिव्यू मेडिकल एग्जामिनेशन में खुद को 'फिट' घोषित कराए जाने की कोशिश कानूनन स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि उम्मीदवार की चिकित्सकीय स्थिति- जिसमें टैटू के निशान भी शामिल हैं का आकलन एग्जामिनेशन की तारीख के आधार पर किया जाएगा।

### क्या था मामला

याचिकाकर्ता, जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में कांस्टेबल पद का अभ्यर्थी था, को 3 दिसंबर 2025 को हुए डिटेल्ड मेडिकल एग्ज़ामिनेशन में दाहिने अग्रभाग (फोरआर्म) पर टैटू और फ्लैट फुट के आधार पर चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित किया गया था। इसके बाद उसने 6 दिसंबर 2025 को अपना टैटू हटवा लिया और रिव्यू मेडिकल एग्ज़ामिनेशन के जरिए खुद को फिट घोषित किए जाने की मांग की।

# हरियाणा के जींद पहुंची देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

## जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन व चीन के बाद भारत यह तकनीक अपनाने वाला 5वां देश


आरामदायक होगा भविष्य का सफर...

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हरियाणा का जींद जिला इतिहास रचने जा रहा है। देश में पहली बार संचालित होने वाली हाइड्रोजन ट्रेन जींद जंक्शन पहुंच चुकी है। यह क्षण रेलवे के लिए ही नहीं बल्कि हरियाणा के लिए भी गौरवपूर्ण है, क्योंकि यह ट्रेन आने वाले समय में भारतीय रेल के स्वरूप और तकनीक को नई दिशा देगी। सोनीपत ट्रैक पर दौड़ने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के कोच चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में तैयार हुए हैं। इसका परीक्षण भी पूरा हो चुका है। जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन के बाद भारत इस तकनीक को अपनाने वाला देश बन गया है। आठ कोच की इस आधुनिक ट्रेन में दोनों छोर पर पावर कारें लगाई गई हैं, जिससे संचालन और सुरक्षा को और मजबूत बनाया गया है। ट्रेन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा और बेहतर सफर का नया अनुभव मिल सके। ट्रेन के कोच पूरी तरह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। रेलवे ने यह भी सुनिश्चित किया है कि यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। इसी के तहत ट्रेन तभी प्लेटफार्म से रवाना होगी, जब सभी दरवाजे पूरी तरह बंद होंगे। इससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं काफी हद तक कम होंगी। हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन से जींद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर नई तकनीक अपनाने वाले शहरों में शुमार हो गया है। जींद-गोहाना-सोनीपत ट्रैक पर जल्द ही पर्यावरण हितैषी और अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हाइड्रोजन ट्रेन रफ्तार पकड़ेगी।

### अन्य रूटों पर भी हाइड्रोजन ट्रेनें चलाई जाएंगी

इस तकनीक को अपनाने वाले चुनिंदा देशों में भारत का नाम भी जुड़ जाएगा। इससे यहां विकास की नई संभावनाओं के द्वार भी खुलेंगे। यदि इस प्रोजेक्ट को सफलता मिलती है तो देश के कई अन्य रूटों पर भी हाइड्रोजन ट्रेनें चलाई जाएंगी। हाइड्रोजन गैस से ट्रेन चलने के बाद रेलवे के लिए भी यह गर्व का पल होगा, क्योंकि जींद में पहली हाइड्रोजन ट्रेन का पहुंचना केवल एक ट्रेन का आगमन नहीं, बल्कि तकनीकी क्रांति की शुरुआत है। यह कदम आने वाले वर्षों में देश की रेल व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और यात्री सुविधाओं को नया आयाम देगा। जींद इस ऐतिहासिक उपलब्धि का गवाह बन चुका है। अब सभी की निगाहें इस अत्याधुनिक ट्रेन के आगे के सफर पर टिकी हैं।

### ट्रेन की खास सुविधाएं

- इलेक्ट्रिक की तुलना में दस गुना अधिक दूरी तय करेगी।
- 360 किग्रा. हाइड्रोजन से 180 किमी. सफर तय करेगी।
- बिना आवाज के चलेगी, यात्री आरामदायक सफर कर सकेंगे।
- हाइड्रोजन ट्रेन के दोनों छोर पर पॉवर इंजन लगे हैं।
- यात्रियों के बैठने के लिए ८ डिब्बे लगाए गए हैं।
- यात्रियों को सफर के दौरान पंखे, लाइट और एसी की सुविधा मिलेगी।
- मेट्रो जैसे कोच के दोनों तरफ प्रवेश, निकासी के लिए 2-2 दरवाजे।
- हर कोच में डिसप्ले होगी, जिससे स्टेशन आने के बारे में सूचना प्रसारित होगी।

## दो हफ्ते में प्रदूषण के कारण बताएं: कोर्ट

**नईदिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को स्पष्ट शब्दों में फटकार लगाते हुए कहा कि आयोग न तो प्रदूषण के वास्तविक कारणों की पहचान करने में तत्परता दिखा रहा है और न ही दीर्घकालिक समाधान पेश कर पा रहा है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि समाधान खोजने में अनावश्यक देरी भविष्य में और गंभीर जटिलताओं को जन्म देगी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि एक विशेषज्ञ निकाय होने के नाते आयोग की पहली जिम्मेदारी यह है कि वह यह बताए कि आखिर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारण क्या हैं। समाधान बाद का चरण है, लेकिन कारणों की पहचान के बिना कोई ठोस योजना संभव नहीं है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि आयोग दो हफ्ते के भीतर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सूची तैयार करे और उनकी बैठक बुलाए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अध्यक्ष ने रितेश देशमुख से माफी मांगी

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर अपनी टिप्पणी को लेकर उनके बेटों से माफी मांगी है। रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा-मेरी टिप्पणी राजनीतिक मकसद से नहीं थी।अगर इससे दिवंगत नेता के बेटे की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह उनसे माफी मांगते हैं। रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को लातूर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपका उत्साह देखकर मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि विलासराव देशमुख की यादें इस शहर से मिट जाएंगी। विलासराव के बड़े बेटे और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि किसी बाहरी व्यक्ति के कहने से उनके पिता की यादें नहीं मिट सकतीं। पूर्व सीएम के छोटे बेटे और एक्टर रितेश देशमुख ने भी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को जवाब दिया।

### गांव की आबादी 1300 प्रमाण-पत्र बने 27 हजार

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। 1300 आबादी वाली शेंदुरसानी ग्राम पंचायत में 27 हजार जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी होने का मामला पकड़ा गया है। राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की है। अधिकारियों के मुताबिक गांव की जनसंख्या और जारी प्रमाणपत्रों की संख्या में भारी अंतर है। सरकारी जानकारी के अनुसार सिर्फ 3 महीनों में गांव में 27398 डिलेयड बर्थ रजिस्ट्रेशन (देरी से रजिस्टर्ड बर्थ सर्टिफिकेशन) दर्ज किए गए। यह आंकड़ा सामान्य जनसांख्यिकीय स्थिति से बिल्कुल अलग है। अधिकारियों ने इससे डिजिटल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के दुरुपयोग व फर्जीवाड़े की आशंका जताई है।

### घाटों पर गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने की तैयारी

**देहरादून/हरिद्वार, जेएनएन।** उत्तराखंड सरकार हरिद्वार के 120 वर्ग किमी में फैले 105 गंगा घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यह मांग कुछ संतों और गंगा सभा की ओर से उठाई गई है, जो हरिद्वार के प्रमुख हर-की-पौड़ी घाट के रखरखाव की जिम्मेदारी संभालती है। हर-की-पौड़ी क्षेत्र में नपा के उपविधानों के तहत गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर पहले से ही सीमित प्रतिबंध लागू हैं, इसमें सरकारी ड्यूटी करने वाले गैर-हिंदुओं को छूट दी गई है। यह प्रक्रिया अर्धकुंभ से शुरू की जा सकती है, जो 14 जनवरी 2027 से प्रस्तावित है। सरकार हरिद्वार,ऋषिकेश को 'सनातन पवित्र शहर' घोषित करने पर भी विचार कर रही है। सरकार 1916 के उस ऐतिहासिक समझौते के प्रावधानों को खंगाल रही है, जो मदन मोहन मालवीय व ब्रिटिश सरकार के बीच हुआ था। मालवीय गंगा सभा के पहले अध्यक्ष थे।

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी पर फ्रांस ने ट्रंप को घेरा, कहा

# कार्रवाई सही, तरीका गलत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** वेनेजुएला के तानाशाह निकोलस मादुरो की अमेरिकी सेना द्वारा गिरफ्तारी पर वैश्विक प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मादुरो की सत्ता से विदाई का स्वागत तो किया, लेकिन जिस 'तरीके' से अमेरिका ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, उस पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कैबिनेट बैठक में मैक्रों ने स्पष्ट किया कि निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका द्वारा इस्तेमाल की गई विधि का फ्रांस 'न तो समर्थन करता है और न ही उसे मंजूरी देता है'। सरकार की प्रवक्ता मौड ब्रेगन ने फ्रांस 24 के हवाले से बताया कि मैक्रों ने मादुरो को 'तानाशाह' करार दिया और कहा कि उनका जाना वेनेजुएला के लोगों के लिए 'अच्छी खबर' है। पेरिस का यह रुख दर्शाता है कि वह राजनीतिक परिणाम से तो सहमत है, लेकिन संप्रभु देश के भीतर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के अंतरराष्ट्रीय कानूनी पहलुओं को लेकर आशंकित है। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के भीतर गुप्त प्री-डॉन ऑपरेशन चलाकर मादुरो और पत्नी सीलिया फ्लोर्स को हिरासत में लिया था। ट्रंप प्रशासन ने मादुरो पर नार्को-टेररिज्म, ड्रग तस्करी व हथियारों से संबंधित कई आरोप लगाए हैं।

### ट्रंप के खिलाफ जर्मनी, फ्रांस समेत 7 देश एकजुट

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के ताजा बयानों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में खलबली मचा दी है। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने अगला निशाना ग्रीनलैंड को बताया। ट्रंप की धमकी पर अब यूरोपीय देश एकजुट हो गए हैं। फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क ने संयुक्त बयान जारी कर कहा, आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा यूरोप की शीर्ष प्राथमिकताओं में है और ग्रीनलैंड के भविष्य पर फैसला सिर्फ डेनमार्क,ग्रीनलैंड के लोगों का अधिकार है। बयान पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर मर्ज, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टुस्क,स्पेन पीएम पेद्रो सांचेज, ब्रिटेन पीएम कीर स्टारमर और डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन के हस्ताक्षर हैं। बयान में कहा, आर्कटिक की अंतरराष्ट्रीय, ट्रांस-अटलांटिक सुरक्षा के लिए भी बेहद अहम है। नाटो पहले आर्कटिक को प्राथमिकताओं में शामिल कर चुका है और यूरोपीय सहयोगी देश वहां मौजूदगी, सैन्य गतिविधियां और निवेश बढ़ा रहे हैं। यूरोपीय नेताओं ने स्पष्ट किया कि डेनमार्क साम्राज्य (ग्रीनलैंड) नाटो का हिस्सा है, और आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका के साथ सामूहिक रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके तहत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांत संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की अक्षुण्णता से कोई समझौता नहीं होगा।




#### डेनमार्क की पीएम बोलीं-ग्रीनलैंड पर हमला किया तो नाटो खत्म

डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो नाटो सैन्य गठबंधन का अंत हो जाएगा। एक इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा, अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

### अंतरिम राष्ट्रपति बनीं डेल्सी



वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और तेल मंत्री डेल्सी रोड्रिगेज ने औपचारिक रूप से अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह शपथ ऐसे समय में हुई, जब अपदस्थ राष्ट्रपति मादुरो न्यूयॉर्क की कोर्ट में पेश हुए। शपथ ग्रहण के दौरान डेल्सी ने भावुक और आक्रामक भाषण देते हुए कहा, वह संवैधानिक राष्ट्रपति मादुरो की उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने आई हैं और वेनेजुएला के लोगों को हुए दर्द को महसूस कर रही हैं।

### मादुरो की गिरफ्तारी पर सट्टा, 4 करोड़ कमाए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की अमेरिकी कस्टडी में गिरफ्तारी ने सिर्फ अंतरराष्ट्रीय राजनीति ही नहीं बदली, बल्कि एक ट्रेडर की किस्मत भी पलट दी। महज 27 लाख रुपए का लगाया गया दांव कुछ ही घंटों में करीब 3.9 करोड़ रुपए की वैल्यू तक पहुंच गया। यह मामला प्रिडिक्शन मार्केट्स में अब तक के सबसे चर्चित सौदों में गिना जा रहा है। जैसे ही अमेरिका की ओर से मादुरो को पकड़े जाने की पुष्टि हुई, उससे पहले लगाए गए एक सटीक दांव ने जबरदस्त रिटर्न दे दिया। यह दांव मादुरो के सत्ता से हटने से जुड़ा था, जिसे उस समय बेहद कम संभावना वाला माना जा रहा था।

### वेनेजुएला में राष्ट्रपति भवन के पास गोलीबारी

वेनेजुएला की राजधानी काराकास में सोमवार देर रात राष्ट्रपति भवन मिराफ्लोरेस पैलेस के पास गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं। यह घटना उस समय हुई जब निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेना के छापे में हटाए जाने के कुछ दिन बाद ही उनकी उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। प्रत्यक्ष गवाहों के अनुसार, गोलीबारी की आवाजें जोरदार थीं, लेकिन ज्यादा देर तक नहीं चलीं है। स्थिति अब पूरी तरह काबू में है।

## दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला

# बांग्लादेश में 18 दिन में 6 हिंदुओं की हत्या



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शरत चक्रवर्ती मणि (४०) के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 19 दिसंबर को मणि ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और अपने इलाके को मौत की घाटी बताया था। इसके पहले 5 जनवरी को ही जेसोर जिले में भी एक हिंदू व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मोनिरामपुर इलाके में आइस फैक्ट्री मालिक राणा प्रताप बैरागी की सार्वजनिक रूप से हत्या हुई। वे कपलिया बाजार में आइस फैक्ट्री चलाते थे और दैनिक बीडी खबर' अखबार के कार्यकारी संपादक भी थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाइक पर सवार तीन हमलावर उन्हें फैक्ट्री से बाहर बुलाकर एक गली में ले गए और सिर में नजदीक से गोली मारकर फरार हो गए।

### नेपाल: सीमा के पास फिर हिंसा, बॉर्डर सील

पड़ोसी देश नेपाल एक बार फिर हिंसा की चपेट में आ गया है। भारतीय सीमा से सटे नेपाल के पारसा और धनुषा धाम जिले में हिंसा भड़क उठी है। पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसी बीच भारत-नेपाल सीमा भी सील कर दी गई है। धनुषा जिले में मस्जिद में तोड़-फोड़ के बाद नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा शुरू हो गई है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी सामने आई हैं। पारसा के बीरगंज में हिंसक प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। पारसा जिले की सीमा बिहार के रक्सौल जिले से लगती है।

### ईरान: हिंसा से बेकाबू हुए हालात, अब तक 35 की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान में एक हफ्ते से भी ज्यादा समय से भड़की हिंसा थम नहीं रही है। हिंसक प्रदर्शन में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हैं। हालातों पर काबू पाने के लिए ईरान सरकार ने 1200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया है। ईरानी हिंसा में 29 प्रदर्शनकारी समेत 4 बच्चों, 2 सुरक्षाबलों की मौत हो चुकी है। ईरान के 31 में से 27 राज्य हिंसा की चपेट में हैं। पूरे ईरान में 250 से ज्यादा जगहों पर हिंसक प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। ईरान में मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को तेहरान को धमकी देते हुए कहा, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों को जबरन मारा जा रहा है।

**1200 लोग हिरासत में**

# पंजाब में सीमा पार से ड्रग्स तस्करी का खुलासा, 100 करोड़ की हेरोइन जब्त



**चंडीगढ़।** एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बॉर्डर रेंज के साथ मिलकर मंगलवार को पंजाब में सीमा पार से ड्रग तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई की, जिसमें 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई और सप्लाई चेन संभालने वाले मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। शुरुआती जांच के अनुसार, पंजाब पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से जुड़े थे और राज्य के कई जिलों में ड्रग्स की खेप की डिलीवरी और डिस्ट्रीब्यूशन का कोऑर्डिनेशन कर रहे थे। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, और सप्लाई रूट्स का पता लगाने, अतिरिक्त हैंडलर्स की पहचान करने और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है। सीमा पार तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स, बॉर्डर रेंज ने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन में 19.980 किलोग्राम हेरोइन बरामद की और सप्लाई चेन संभालने वाले मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से जुड़ा है और पूरे क्षेत्र में ड्रग्स की खेप की डिलीवरी और डिस्ट्रीब्यूशन का कोऑर्डिनेशन कर रहा था। जब्त हेरोइन की कीमत 100 करोड़ रुपए आंकी गई है। एक्स पर एक पोस्ट में डीजीपी ने लिखा, एक बड़ी सफलता में पटियाला पुलिस ने एक संगठित अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया और हत्या, जबरन वसूली और टारगेट किलिंग में शामिल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी एक अच्छी तरह से संगठित आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा था और एक गंभीर अपराध की सक्रिय रूप से योजना बना रहा था।

# ट्रंप के आगे क्यों झुक रहे मोदी: खरगे

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले-उन्हें सिर हिलाने के लिए प्रधानमंत्री नहीं चुना, ये ठीक नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर सोमवार को पीएम मोदी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा-मैं नहीं समझ पा रहा कि मोदी ट्रंप के सामने क्यों झुक रहे हैं। यह देश के लिए ठीक नहीं है। आपको देश के लिए खड़ा होना चाहिए। देश ने आपको प्रधानमंत्री सिर हिलाने के लिए नहीं चुना।

दरअसल, खरगे का बयान ट्रंप के दावे पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात पर अमेरिकी नाराजगी के बाद भारत ने तेल खरीद घटाई, क्योंकि मोदी मुझे (ट्रंप) खुश करना चाहते थे। खरगे ने वेनेजुएला की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा-वहां बन रहे हालात दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। डराने और विस्तारवादी नीति ज्यादा समय तक नहीं चलती। हिटलर और मुसोलिनी जैसे लोग इतिहास बन चुके हैं। वैश्विक शांति बिगाड़ने वाली सोच ठीक नहीं है। खरगे ने ट्रंप के उस दावे पर भी सवाल उठाया।

### कांग्रेस ने पूछे तीन सवाल

1. क्या भारत की विदेश नीति अब अमेरिका तय कर रहा है?
2. क्या रूस से तेल आयात घटाने का फैसला ट्रंप को खुश करने के लिए लिया गया?
3. ट्रंप की धमकियों और दावों पर मोदी चुप क्यों हैं?



### क्या ट्रंप हमारे पीएम को भी किडनैप कर लेंगे?: चव्हाण

कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने विवादित बयान देकर राजनीति में हलचल मचा दी है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो पर ट्रंप की कार्रवाई का जिक्र करते हुए चव्हाण ने कहा, क्या भविष्य में ट्रंप भारतीय प्रधानमंत्री के साथ भी ऐसा ही कर सकते हैं? भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता करार दिया है। चव्हाण ने ये टिप्पणियां ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ पर टिप्पणी करते हुए कीं। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार को बाधित करने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल किया. अगर ट्रंप अतिरिक्त 50त्न टैरिफ भी लगा दें, तो भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा. इसके बाद चव्हाण ने सवाल करते हुए कहा, सवाल यह है कि क्या भारत में भी वही होगा जो वेनेजुएला में हुआ? क्या ट्रंप हमारे प्रधानमंत्री को किडनैप करेंगे ?बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने ङ्ग पर इंटरव्यू का एक क्लिप शेयर करते हुए कांग्रेस नेता की आलोचना की. उन्होंने लिखा, कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण बेशर्मी से भारत की स्थिति की तुलना वेनेजुएला से कर रहे हैं. यह पूछकर कि जो वेनेजुएला में हुआ, क्या वह भारत में हो सकता है, कांग्रेस अपनी भारत विरोधी मानसिकता साफ कर रही है।

## चीमा को एक्टिंग शो ने बनाया स्टार

इस गणतंत्र दिवस सनी देओल की मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर 2 धमाका करने वाली है। सालों के इंतजार के बाद सिनेलवर्स को थियेटर्स में एपिक वॉर ड्रामा का सीक्वल देखने को मिलेगा, इसमें सनी देओल को छोड़कर तकरीबन नए एक्टर्स को कास्ट किया गया है। फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी लीड रोल में दिखेंगे, इनके अलावा मूवी के टीजर और गाने में एक और एक्टर की झलक देखने को मिली है। नाम है परमवीर चीमा. वो मूवी में सूबेदार निशान सिंह के रोल में दिखेंगे। ओटीटी के दीवानों और पंजाबी सिनेमा को फॉलो करने वालो के लिए ये नाम नया नहीं है। उन्होंने परमवीर के कई शोज देखे होंगे। हाल ही में रिलीज हुई कृति सेनन और धनुष की मूवी 'तेरे इश्क में' में भी परमवीर नजर आए थे। बॉर्डर 2 उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित होने वाली है। ये प्रोजेक्ट इंडियन ऑडियंस के बीच यकीनन उनके फेम को और बढ़ाएगा। परमवीर जालंधर, पंजाब के रहने वाले हैं। उन्हें पंजाबी क्राइम थ्रिलर सीरीज टब्बर से लाइमलाइट मिली। उन्होंने इंस्पेक्टर लखविंदर का रोल बड़े ही उम्दा तरीके से निभाया था, इस प्रोजेक्ट से उन्हें ऑडियंस के बीच पहचान मिली। बची हुई कसर 2025 में रिलीज हुई नेटफ्लिक्स सीरीज ब्लैक वॉरंट ने पूरी की। उनका काम पसंद किया गया, इस शो ने उन्हें ग्लोबल फेम दिया। परमवीर के बॉर्डर 2 में कास्ट होने की कहानी भी दिलचस्प है। जूम संग बातचीत में एक्टर ने इसका जिक्र किया था। उनके मुताबिक, फिल्म बॉर्डर 2 के डायरेक्टर अनुराग सिंह ने उनका शो टब्बर देखा था।



**विवाद** | जेएनयू में मोदी-शाह विरोधी नारों पर सियासी उबाल

# भाजपा बोली-यह राष्ट्रविरोधी विचारों का प्रसार




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में सोमवार रात कुछ छात्रों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित नारे लगाए जाने का मामला सामने आया है। नारेबाजी का करीब 35 सेकेंड का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे 5 जनवरी की रात जेएनयू कैंपस में रिकॉर्ड किया गया बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ छात्र 'मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर' जैसे नारे लगाते और गाते दिख रहे हैं। इस पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया कि यह प्रदर्शन उमर खालिद और शरजील इमाम के समर्थन में किया गया। उन्होंने इसे विरोध नहीं, बल्कि 'राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार' बताया।

### कांग्रेस ने कहा- यह गुस्सा जाहिर करने का तरीका

- **उदित राज (कांग्रेस):** यह गुस्सा जाहिर करने का तरीका है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से असहमति है; उमर खालिद और शरजील इमाम के साथ नाइंसाफी हुई है।
- **गिरिराज सिंह:** जेएनयू 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का ऑफिस बन गया है; ऐसे विचार देशद्रोही हैं।
- **हन्नान मौला (सीपीएम):** ऐसे नारे नहीं लगाने चाहिए; विरोध में सावधानी जरूरी है।

### हर साल होता है प्रदर्शन: छात्र संघ

जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि 2020 में एबीवीपी से जुड़े लोगों ने कैंपस में छात्रों के साथ हिंसा की थी। हर साल 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा में छात्र प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि लगाए गए नारे वैचारिक थे, किसी व्यक्ति पर व्यक्तिगत हमला नहीं थे और किसी के लिए निर्देशित नहीं थे।

### प्रशासन ने की एफआईआर की मांग

मंगलवार को जेएनयू प्रशासन ने वसंत कुंज पुलिस को पत्र लिखकर साबरमती हॉस्टल के बाहर नारेबाजी के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रशासन ने इसे कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन बताते हुए कहा कि ऐसे नारे लोकतांत्रिक विरोध के खिलाफ हैं और कैंपस की शांति, सुरक्षा व सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### उमर-शरजील की जमानत याचिका हो चुकी है खारिज

दरअसल, एक दिन पहले 2020 दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसी फैसले के बाद कैंपस में विरोध-प्रदर्शन हुआ।

## गुजरात-कर्नाटक में सात कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, जेएनएन।** मंगलवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में बम धमकियों से हड़कंप मच गया। गुजरात और कर्नाटक में कुल 7 अदालतों को उड़ाने की धमकी मिली, जबकि उत्तर प्रदेश में एक ट्रेन में बम होने की सूचना के बाद यात्रियों को उतारकर घंटों तलाशी अभियान चलाया गया। वहीं केरल में पुलिस ने दो स्थानों से 12 देसी विस्फोटक बरामद किए हैं। हालांकि, गुजरात, यूपी और कर्नाटक के मामलों में अब तक किसी भी स्थान से विस्फोटक मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। गुजरात में हाईकोर्ट सहित 6 अदालतों को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई। सूरत कोर्ट के आधिकारिक ईमेल पर सोमवार देर रात करीब 2 बजे धमकी भरा मेल आया। सुबह कर्मचारियों द्वारा ईमेल देखे जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद सूरत कोर्ट परिसर को खाली कराया और बम व डॉग स्क्वॉड ने सघन जांच की। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को भी धमकी भरे ईमेल मिले। पुलिस के अनुसार, यह धमकी लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के नाम से भेजी गई है। शुरुआती जांच में सभी धमकियां फर्जी प्रतीत हो रही हैं, लेकिन साइबर टीम ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।गौरतलब है कि अहमदाबाद ग्रामीण न्यायालय को सोमवार को भी इसी तरह की धमकी मिली थी, जिसके बाद कोर्ट का कामकाज अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।

## खजराना मंदिर में बप्पा को लगा महाभोग

**जागरण, इंदौर।** माघ माह की तिल चतुर्थी पर खजराना गणेश मंदिर पर भक्त मंडल की ओर से तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का भोग समर्पित किया गया। वहीं पवित्र ध्वजा पूजन के साथ परंपरागत तीन दिवसीय मेले की शुरुआत भी हुई। मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, पं. जयपाल, पं आधार और पं. धर्मेन्द्र भट्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बप्पा के दरबार में इन लड्डुओं का संग्रह कर दिया गया।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

**85,063**

-376

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Apollo Hospital | 7,360.00 | 3.74% |
| ICICI Bank | 1,413.60 | 2.89% |
| HDFC Life | 779.90 | 2.44% |
| TATA Cons. Prod | 1,215.00 | 2.39% |
| Sun Pharma | 1,762.60 | 1.81% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Trent | 4,208.30 | -8.63% |
| Reliance | 1,569.00 | -4.47% |
| ITC | 350.70 | -2.07% |
| Kotak Mahindra | 2,228.00 | -2.03% |
| Interglobe Avi | 5,140.50 | -1.96% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 90.170 |
| € यूरो | 105.62 |
| ¥ येन | 0.5767 |
| £ पौंड | 122.06 |

# 2026 में आरबीआई ब्याज दरों में 0.50% की करेगा कटौती, आम आदमी को मिलेगी बड़ी राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) साल 2026 में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत (50 बेसिस पॉइंट्स) की और कटौती कर सकता है। आईआईएफएल कैपिटल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में ब्याज दरों में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती करने के बाद भी केंद्रीय बैंक के पास रेट कट की जगह बची है। अगर ऐसा होता है, तो होम और ऑटो लोन की ईएमआई में और कमी आएगी, जिससे आम आदमी की जेब को बड़ी राहत मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में रेपो रेट और कोर इन्फ्लेशन (बुनियादी महंगाई) के बीच का अंतर लगभग 2.8 प्रतिशत है। पिछले 7 सालों का औसत देखें तो यह अंतर 1.1 प्रतिशत के करीब रहता है। जानकारों का मानना है कि महंगाई कंट्रोल में होने और इस बड़े अंतर के कारण आरबीआई के पास रेट कम करने के पर्याप्त तकनीकी कारण मौजूद हैं।

### 2025 में 1.25 घटी थी ब्याज दर

बीते साल यानी 2025 में रिजर्व बैंक ने ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए ब्याज दरों में कुल 125 बेसिस पॉइंट्स यानी 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। साल के आखिरी महीने दिसंबर में भी ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई गई थी, जिससे रेपो रेट गिरकर 5.25 प्रतिशत पर आ गया। अब 2026 में इसके 5 प्रतिशत से नीचे या उसके करीब जाने की संभावना जताई जा रही है।




### आम आदमी पर क्या असर होगा?

अगर आरबीआई साल 2026 में 0.50 प्रतिशत की कटौती और करता है, तो बैंकों पर लैंडिंग रेट कम करने का दबाव बढ़ेगा। इसका सीधा फायदा नए और पुराने दोनों तरह के लोन ग्राहकों को मिलेगा।

- **सस्ती ईएमआई :** होम, कार और पर्सनल लोन की किश्तें कम होंगी।
- **कॉर्पोरेट लोन :** कंपनियों के लिए कर्ज सस्ता होने से बिजनेस विस्तार में मदद मिलेगी।
- **एफडी रेट्स :** वहीं एफडी कराने वालों को मिलने वाले ब्याज में भी थोड़ी कमी आ सकती है।
- **इकोनॉमी को मिलेगी रफ्तार** ब्याज दरों में कमी और सरकार के रिफॉर्म्स से देश की जीडीपी ग्रोथ को सपोर्ट मिलेगा। बैंकों के प्रदर्शन में सुधार होगा और क्रेडिट कंडीशन बेहतर होगी। कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर के आसपास रहने के अनुमान से महंगाई का खतरा भी कम नजर आ रहा है।

# महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ भारतीय बाजार में हुई लांच

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया गया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 13.66 लाख रुपये है और इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 24.92 लाख रुपये है। भारत में इसकी टेस्ट ड्राइव टेस्ट ड्राइव 8 जनवरी शुरू होगी। इसकी बुकिंग महिंद्रा ने दिसंबर 2025 के मध्य से शुरू कर चुकी है। इसे कुल आठ वेरिएंट में लॉन्च किया गया है। इसमें से एएक्स7, एएक्स7टी और एएक्स7एल वेरिएंट की डिलीवरी 14 जनवरी से शुरू होगी। एएक्स7, एएक्स3 और एएक्स5 वेरिएंट की डिलीवरी अप्रैल 2026 में होगी। आइए विस्तार में जानते हैं कि किस वेरिएंट की कीमत कितनी है?



नई महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ के फ्रंट में काफी बदलाव किए गए हैं। इसमें बूमरैंग शेप वाली एलईडी डीआरएलएस नए डिजाइन की फ्रंट ग्रिल और नए एलईडी हेडलैम्प्स दिए गए हैं। इसके पीछे की तरफ टेल-लाइट्स को भी नया लुक मिला है, जिनमें हेक्सागोनल डिजाइन नजर आता है। इसके साइड प्रोफाइल पहले जैसा रखा गया है, लेकिन इसमें नए डिजाइन के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं।

**इंटीरियर प्रीमियम फीचर्स से लैस**

महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ का केबिन अब पहले से ज्यादा फ्यूचरिस्टिक रखा गया है। इसमें नया इंटीरियर कलर थीम दिया गया है और सबसे बड़ा बदलाव है इसका तीन स्क्रीन वाला सेटअप। इसमें 12.3-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 12.3-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 12.3-इंच फ्रंट पैसेंजर स्क्रीन शामिल है।

- टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील
- टच-बेस्ड एचवीएसी कंट्रोल पैनल
- पैनोरमिक सनरूफ
- वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स
- फ्रंट पैसेंजर के लिए बॉस मोड
- वायरलेस चार्जिंग।
- हारमन कारडोन साउंड सिस्टम डाल्वी एटोम्स

**एक्सयूवी 7एक्सओ में सेफ्टी फीचर्स पर खास ध्यान**

महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ के टॉप वेरिएंट में सेफ्टी का खास ध्यान रखा गया है। इसमें कई ऐसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इस सेगमेंट में किसी भी कार में पहली बार दिया गया है। 7 एयरबैग, 540-डिग्री कैमरा सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक ऑटो होल्ड के साथ, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट माउंट्स भी दिया गया है। महिंद्रा का दावा है कि महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ को इस तरह तैयार किया गया है कि यह भारत एनकेप में 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग हासिल कर सके, ठीक वैसे ही जैसे एक्सयूवी 700 को 2021 में ग्लोबल एनकेप में मिली थी। इंजन के मामले में महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें वही पुराने भरोसेमंद इंजन दिया गया है। दोनों इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स और 6-स्पीड ऑटोमैटिक (टॉर्क कन्वर्टर) गियरबॉक्स दिया गया है। डीजल इंजन के साथ ऊंचे वेरिएंट्स में ऑल-व्हील ड्राइव का ऑप्शन भी दिया गया है।

# एक लाख करोड़ स्वाहा, रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 5 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आज भारी गिरावट आई। कंपनी का शेयर बीएसई पर 5 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 1497.05 रुपये तक लुढ़क गया। पिछले सत्र में यह 1,577.45 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,575.55 रुपये पर खुला। लेकिन बिकवाली का दबाव बना रहा और ट्रेडिंग वॉल्यूम में काफी बढ़ोतरी देखी गई। कंपनी का कहना है कि उसे जनवरी में रूस से कच्चे तेल की कोई डिलीवरी मिलने की उम्मीद नहीं है और पिछले तीन हफ्तों से उसे ऐसा कोई कार्गो नहीं मिला है। इस गिरावट से कंपनी के मार्केट कैप में करीब 1 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। रिलायंस कभी रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाली भारतीय कंपनी थी। कंपनी ने एक्स पर एक बयान जारी कर ब्लूमबर्ग की उस रिपोर्ट का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि रूस से तेल लेकर आ रहे तीन जहाज रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर चिंताएं फिर से बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अगर भारत रूस से तेल की खरीद कम नहीं करता है तो भारत पर टैरिफ बढ़ाया जा सकता है। शेयर का प्रदर्शन रिलायंस का यह शेयर आज निफ्टी 50 इंडेक्स पर सबसे बड़े गिरावट के कारक के रूप में उभरा। इसने बेंचमार्क की कुल 91 अंकों की गिरावट में 72.5 अंकों का योगदान दिया। उसके बाद एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट का नंबर रहा। रिलायंस के शेयर की कीमत में हाल ही में मिला-जुला रुझान देखा गया है। पिछले हफ्ते शेयर 0.54 प्रतिशत गिरा और पिछले दो हफ्तों में 2.44 प्रतिशत की गिरावट आई। मासिक आधार पर यह 0.55 प्रतिशत नीचे है। हालांकि तिमाही आधार पर रिलायंस ने 11.45 प्रतिशत का मजबूत लाभ दर्ज किया है जबकि पिछले एक साल में यह शेयर 25.8 प्रतिशत चढ़ा है। तकनीकी दृष्टिकोण से देखें तो शेयर मिड से लॉन्ग टर्म पीरियड के एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज से ऊपर बना हुआ है।

## चांदी हुई सोना : 2.45 लाख के रिकार्ड ऑलटाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय सर्राफा बाजार में बड़ा रिकॉर्ड बना है। चांदी पहली बार 2.45 लाख प्रति किलो के करीब पहुंच गई है, जबकि सोना भी मजबूती के साथ 1.37 लाख प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वैश्विक हालात, डॉलर की कमजोरी और औद्योगिक मांग ने कीमतों को नई ऊंचाई दी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत एक ही दिन में 7,725 बढ़कर 2,44,788 हो गई। इससे पहले यह 2,37,063 प्रति किलो थी। बीते 10 दिनों में चांदी की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के बावजूद रुझान मजबूती का रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चांदी अब केवल ज्वेलरी तक सीमित नहीं रही, बल्कि सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल के कारण इसकी औद्योगिक मांग लगातार बढ़ रही है। यही वजह है कि निवेशक और उद्योग दोनों ही चांदी की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### 2025 में सोना 75 और चांदी 167 प्रतिशत महंगी हुई

आंकड़ों के अनुसार, सोने की कीमतों में सालभर में 57,033 यानी करीब 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। 31 दिसंबर 2024 को सोना 76,162 प्रति 10 ग्राम था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 पर पहुंच गया। वहीं चांदी ने और भी बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इसकी कीमतों में 1,44,403 यानी करीब 167 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एक साल पहले 86,017 प्रति किलो मिलने वाली चांदी अब 2.30 लाख के पार पहुंच चुकी है।

## साइलेंट अटैक से 6वीं की छात्रा की मौत

**जागरण, धार।** जिले के बदनावर जवाहर नवोदय विद्यालय मुलथान में मंगलवार सुबह एक छात्रा की अचानक मौत हो गई। छठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 13 साल की निशा सूर्यवंशी स्कूल ग्राउंड में पीटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी। गिरने के बाद छात्रा दोबारा उठ नहीं सकी। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने साइलेंट अटैक से बच्ची की मौत की आशंका व्यक्त की है। निशा रोज की तरह सुबह पीटी के लिए बाकी बच्चों के साथ ग्राउंड पर गई थी। सुबह करीब सवा 7 बजे वह पीटी करते-करते अचानक गिर पड़ी। ग्राउंड पर मौजूद बच्चों और शिक्षकों ने उसे संभाला। शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर उसे फौरन सिविल अस्पताल, बदनावर ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने चेकअप के बाद निशा को मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार सुरेश नागर भी सिविल अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा। छात्रा की मौत का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। डॉ. कृष्णा राठौड़ ने बताया कि बच्ची को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।



## कोहरे ने रोकी रफ्तार, चौथे दिन भी 10 से अधिक उड़ानें लेट

**जागरण, इंदौर।** मौसम और घने कोहरे ने लगातार चौथे दिन देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उड़ानों की राह रोक ली। मंगलवार सुबह एयरपोर्ट क्षेत्र में दृश्यता कम बनी रही, जिसके चलते उड़ान संचालन प्रभावित हुआ और 10 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित करनी पड़ीं। खराब मौसम के कारण सुबह के स्लॉट में उड़ानों की समयबद्धता पूरी तरह बिगड़ गई। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार तड़के से ही इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। कम दृश्यता के चलते पायलटों को विशेष सतर्कता बरतनी पड़ी, जिससे उड़ानों की टेकऑफ और लैंडिंग में देरी हुई। सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे के बीच का समय सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। सुबह की उड़ानों के यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा, वहीं कई यात्रियों की आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट भी प्रभावित हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि खराब मौसम को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रही। मौसम में सुधार के बाद उड़ानों को रवाना और लैंड कराया गया। जबलपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर, जयपुर, बैंगलुरु की उड़ानें लगातार देरी से संचालित हुईं।

# गश्त पर सवाल, पीटीआर के कोर क्षेत्र में चुपचाप घुस गया युवक

## बाघ ने कर लिया शिकार, 4 जनवरी की शाम से लापता था युवक, 48 घंटे बाद जंगल में मिला क्षत-विक्षत शव

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** एक ओर वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े जंगलों में वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर गश्त को मजबूत करने और वनों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दे रहे हैं। दूसरी सिवनी जिले में स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में एक युवक वन विभाग की नाक के नीचे टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंच गया, जहां कथित तौर पर बाघ ने उसका शिकार कर लिया। जिसके बाद टाइगर रिजर्व के अंदर से युवक का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार सिवनी जिले के टिकारी ग्राम निवासी 43 वर्षीय कमल उइके 4 जनवरी की शाम से लापता था। बताया जा रहा है कि कमल अक्सर पेंच नदी से मछलियां पकड़ने जाता था। 5 जनवरी की शाम 6.30 बजे कमल उइके के परिजन जमतरा पहुंचे और टाइगर रिजर्व स्टाफ को सूचित किया कि कमल 4 जनवरी की शाम से लापता है। संभवतः वह गांव से बहने वाली पेंच नदी के किनारे किनारे होते हुए टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंच गया होगा। जिसके बाद वन विभाग ने मंगलवार सुबह 9.30 बजे चांद थाना पुलिस के साथ मिलकर पेंच नदी के किनारे से मृतक को ढूंढते हुए खोज अभियान चलाया तो मृतक का क्षत विक्षत शव गुमतरा कोर एरिया में मिला। शव की हालत को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि संभवतः उसे बाघ के द्वारा खाया गया है।



### मछलियों का शिकार करने अक्सर कोर एरिया में पहुंच जाता था मृतक

बताया जा रहा है कि कमल उइके अक्सर शराब पीने और मछलियों को पकड़ने के लिए टाइगर रिजर्व के कोर एरिया के अंदर पहुंच जाता था। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह अक्सर तिकाड़ी घाट और महादेव घाट की ओर जाया करता था। परिजनों से मिली जानकारी के बाद चांद थाना पुलिस की मौजूदगी में मृतक को ढूंढने के लिए अभियान चलाया गया तो मृतक के शव के टुकड़े महादेव घाट के पास, बीट छेड़िया के अंतर्गत गुमतरा कोर वन परिक्षेत्र में मिले। बता दें कि गुमतरा कोर एरिया के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र को गंभीर बाघ पर्यावास या क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट (सीटीएच) घोषित किया गया है। यहां आम नागरिकों के लिए प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। लेकिन मृतक अक्सर इस क्षेत्र में पहुंचकर ही मछलियां पकड़ता था।

### वन विभाग का तर्क, घटना के बाद बढ़ा दी है सतर्कता

पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने सोमवार शाम 6.30 बजे सूचना दी थी, जिसके बाद वन अमले और पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कोर क्षेत्र से शव के अवयव बरामद किए, जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है तथा लोगों से कोर एरिया में प्रवेश न करने की अपील की गई है। नियमों के अनुसार मृतक के परिवार को वन विभाग द्वारा मुआवजा देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### नीट पीजी का मॉप अप राउंड स्थगित, नया शेड्यूल होगा जारी

**भोपाल।** नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में दो चरण हो चुके हैं। अब मॉप अप राउंड की तैयारी है। लेकिन फिलहाल इसे स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला आल इंडिया थर्ड राउंड की काउंसलिंग में देरी के चलते लिया गया है। संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई), मध्यप्रदेश द्वारा जारी सूचना के अनुसार, राज्य स्तरीय माप-अप राउंड सात जनवरी 2026 से शुरू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक टाल दिया गया है। आल इंडिया और राज्य काउंसलिंग के संशोधित समय-सारणी की घोषणा होने के बाद मॉप-अप राउंड की नई तिथियां जारी की जाएंगी।

## कमीशन का लालच देकर ढाई लाख रुपए ऐंठे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अयोध्या नगर इलाके में नोटरी का काम करने वाले जालसाज ने तीन लोगों को ढाई लाख रुपए का चूना लगा दिया। उसने स्टांप में निवेश के नाम पर लोगों से निवेश करवाया। इसके बाद पैसा लेकर भाग निकला। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, धनराज सिंह राजपूत, मुकेश व जीतेंद्र साहू ने नोटरी संचालित करने वाले सावन सोनी को यह रकम दी थी। उसका आफिस मीनाल के गेट नंबर चार के सामने था। सावन ने तीनों को लालच दिया कि स्टांप के धंधे में अच्छा फायदा है। यदि इसमें निवेश करोगे तो खासा कमीशन मिलेगा।

## नाबालिग ने उम्र छिपाकर किया पासपोर्ट के लिए आवेदन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** विदेश जाने के लिए एक नाबालिग ने खुद को वयस्क दिखाने के लिए पासपोर्ट आवेदन में ही जन्मतिथि गलत दर्ज कर दी। जब दस्तावेज सत्यापन हुआ तो मामला पकड़ में आ गया। जांच में वास्तविक उम्र 16 वर्ष सामने आने के बाद पासपोर्ट कार्यालय ने आवेदन खारिज करते हुए आवेदक को सख्त चेतावनी दी और फाइल बंद कर दी। जानकारी के अनुसार, पासपोर्ट आवेदन की प्रारंभिक जांच के दौरान अधिकारियों को उम्र को लेकर संदेह हुआ। इसके बाद स्कूल से जुड़े दस्तावेज मांगे गए। रिकॉर्ड मिलान में साफ हुआ कि आवेदन में दर्ज जन्म वर्ष बदला गया था। ताकि, आवेदक वयस्क प्रतीत हो। नाबालिग होने की पुष्टि होते ही पासपोर्ट अदालत ने तत्काल आवेदन निरस्त कर दिया। पासपोर्ट ऑफिस के अनुसार, किशोरी ने मामले में पुलिस को सूचना न देने का आग्रह किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उसे भविष्य के लिए सचेत किया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि स्कूल मार्कशीट के अनुसार आधार कार्ड में जन्म तिथि का सुधार कराया जाए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि नाबालिग आवेदकों के मामले में माता-पिता की उपस्थिति और आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य होते हैं। चेतावनी के बाद किशोरी ने गलती स्वीकार की, जिसके बाद फाइल क्लोज कर दी गई। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल के अधिकारियों का कहना है कि आवेदन में गलत तथ्य, अधूरे दस्तावेज या जानकारी छिपाने पर पासपोर्ट आवेदन सीधे खारिज किया जा सकता है।

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों पर उठ रहे सवाल

## कैग ने छह साल पहले ही दी थी चेतावनी, फिर भी नहीं जागी सरकार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** देश के सबसे साफ इशहर इंदौर के भागीरथपुरा में में दूषित पानी से 12 से च्यादा मौतों को लेकर भले ही सरकार और विपक्ष आमने-सामने हैं, लेकिन इसी बीच कैग की छह साल पुरानी एक रिपोर्ट ने राच्य सरकार पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने छह साल पहले 2019 में ही इस खतरे के प्रति आगाह करते हुए अपनी रिपोर्ट जारी की थी। इनमें भोपाल और इंदौर का जिक्र करते हुए दोनों शहरों की जलापूर्ति को लेकर कई सवाल उठाने के साथ चेतावनी जारी करते हुए सुधार के उपाय भी सुझाए थे, इसके बाद भी राच्य सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अब विपक्षी कांग्रेस भी इस रिपोर्ट को मुद्दा बनाकर सरकार से जवाब मांग रही है।

**सरकार पर लापरवाही और चेतावनी को नजरअंदाज करने का आरोप:** कैग ने 2019 की रिपोर्ट में भोपाल और इंदौर शहर की जलापूर्ति को लेकर कई बड़े खुलासे किए थे। रिपोर्ट के अनुसार एमपी सरकार ने 2004 में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से प्रदेश के चार बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में पानी के प्रबंधन के लिए 200 मिलियन डॉलर (तब के 906.4 करोड़ रुपए) का कर्ज 25 साल के लिए लिया था। यह लोन शहरों में पानी की आपूर्ति और उसकी क्वालिटी को सुधारने के लिए था। प्रोजेक्ट के मुताबिक इसके तहत टारगेट रखा गया था कि इन चारों शहरों में हर नागरिक को पर्याप्त और साफ पानी मुहैया कराया जाएगा। कर्ज लेने के लगभग 15 साल बाद भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने 2019 में भोपाल और इंदौर के जल प्रबंधन और लोन की रकम के खर्च पर रिपोर्ट जारी की। इसमें दोनों शहरों में गंभीर कमियां बताते हुए भ्रष्टाचार उजागर किया गया था। छह साल पहले जारी इस रिपोर्ट के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।



फाईल फोटो

### कैग रिपोर्ट में बताई गई थी ये खामियां (छह साल पहले)

- इंदौर में सिर्फ 4 जोन व भोपाल में सिर्फ 5 जोन में ही पहुंचा रोजाना पानी
- भोपाल-इंदौर के 9.41 लाख परिवारों में से केवल 5.30 लाख के पास नल कनेक्शन
- लीकेज रोकने में दोनों ननि विफल, सुधारने में लगा रहे 22 से 182 दिन
- 2013 से 2018 के बीच पेयजल के 4481 सैंपल लिए, भौतिक, रासायनिक और जीवाणु परीक्षण के बाद इसे पीने लायक नहीं माना गया
- इस रिकार्ड पर भी दोनों शहरों के ननि ने कार्रवाई की जानकारी नहीं दी
- तीसरी स्वतंत्र एजेंसी से जांच में 54 सैंपल में से 10 में गंदगी और मल कोलिफॉर्म मिला
- 2013 से 2018 के बीच भोपाल के 3.62 लाख और इंदौर के 5.33 लाख लोगों को गंदा पानी मिला।
- हेल्थ डिपार्टमेंट के रिकार्ड के अनुसार दोनों शहरों में पांच साल में 5.45 लाख लोग जल से होने वाली बीमारियों से
- दोनों निगमों में पानी का नियमित ऑडिट नहीं। 30 से 70 प्रतिशत तक पानी की आपूर्ति की बिलिंग नहीं। दोनों शहरों में 470 करोड़ रुपए बकाया
- भोपाल में 20 ली. प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) और इंदौर में 62 एलपीसीडी तक ही पानी की हो रही आपूर्ति
- दोनों निगमों में ओवरहेड टैंक (पानी की टंकियां) नियमित तौर पर नहीं की जाती हैं साफ

**सपनों का घर**

# कुबेरों ने मुंबई में खरीदे 51 महलनुमा घर

**जेएनएन, मुंबई।** भारत के धन कुबेरों ने साल 2025 में 51 आलीशान घर खरीदने पर 7,186 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। खास बात यह कि अधिकांश पैसे वालों का रिहायश के लिए मुंबई सबसे पसंदीदा शहर रहा, जहां अत्यधिक महंगी आवास श्रेणी में 5,128.12 करोड़ रुपये में 35 घर खरीदे गए। ये सौदे देश में अल्ट्रा लक्जरी प्रापर्टी बाजार के बढ़ते आकार और मजबूत वृद्धि की झलक पेश करते हैं।

रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स कंपनी जैपकी के विश्लेषण के मुताबिक अत्यधिक महंगे आवास बाजार पर लगातार मुंबई का दबदबा कायम है। हालांकि दिल्ली में भी महंगे घरों के प्रति कुछ रुझाान रहा है। दिल्ली-एनसीआर में मुख्य रूप से लुटियंस जोन में ऊंची कीमत वाले 12 आलीशन सौदे पिछले साल में किए गए। मुंबई में जहां ऊंची इमारतों में अपार्टमेंट पर ग्राहकों ने दांव लगाया, वहीं दिल्ली में ज्यादातर लोगों ने एपीजे अब्दुल कलाम रोड और गोल्फ लिंक्स जैसे क्षेत्रों में स्वतंत्र बंगलों पर पैसा खर्च किया।



**अल्ट्रा लक्जरी घरों के सौदे**

- **2023** में 79 घर 7,178.78 करोड़ में खरीदे
- **2024** में 31 घरों के सौदे हुए 4,056.76 करोड़ में
- **2025** में गुरुग्राम में 1 घर 114 करोड़ में बिका
- **35** घर 5,128.12 करोड़ में बिके इस साल
- **09** घर 200 करोड़ से ज्यादा में
- **30** घरों के सौदे 100 करोड़ से ज्यादा में हुए

**बेंगलूरु में 3 घर 350 करोड़ में बिके, मुंबई में 51 घरों के सौदे हुए 7,186 करोड़ रुपए में**

यहां धन कुबेरों ने बीते वर्ष 12 बंगले खरीदे, जिनके लिए उन्होंने कुल 1,594.11 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। देश भर में पिछले साल हुए कुल 51 में से 21 आलीशान घर अकेले वर्ली में खरीदे गए। मुंबई में विशेषतौर पर वर्ली, जुहू और मालाबार हिल तथा दिल्ली-एनसीआर (गुरुग्राम सहित) में लोग अल्ट्रा लक्जरी मकान खरीदना चाहते हैं। यहां खास सुविधाओं वाले घरों की मांग लगातार बढ़ रही है। वर्ली के ओबेरॉय 360 वेस्ट में इन आलीशान घरों के लिए सबसे अधिक सौदे हुए। इनमें 8 सौदे जैपकी की सूची में शामिल रहे। यह 2025 में किसी भी एक आवासीय परियोजना के लिए सर्वाधिक हैं। कोविड महामारी के बाद रिहायशी जरूरतमंदों के साथ-साथ निवेशकों के बढ़ते आत्मविश्वास से अत्यधिक महंगे आवास का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

# दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा रेलिंग विहीन सितलहा पुल



## किसी बड़े हादसे के इन्तजार में जिम्मेदार अधिकारी

विगत वर्ष रेलिंग विहीन पुल की समस्या को दैनिक जागरण समाचार पत्र ने प्रमुखता के साथ उठाया था, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया था और एक बडे हादसे का शिकार वृद्ध महिला को होना पड़ा था, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह पटेल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवबालक पाण्डेय ने संयुक्त विज्ञाप्ति जारी करते हुए जिला कलेक्टर से जल्द से जल्द सितलहा पुल में रेलिग, एवं त्योंथर पुल की भांति जाली लगाएं जाने की मांग की है।

### डेथ प्वाइंट बनता जा रहा है यह स्थल

**जवा ब्यूरो।** लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा अंतर्गत टमस नदी के जवा सितलहा मार्ग में बना पुल विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते पुल में जगह-जगह गड्ढे हैं, वही रेलिंग के अभाव में आये दिन पुल से गिरकर एक ओर जहां दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। वहीं एक वर्ष में आधा दर्जन पुरूष एवं महिलाओं ने पुल से कूद कर अपनी जान दे चुके हैं जबकि पुल में माह अक्टूबर में रेलिंग लग जानी चाहिए थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते अभी तक उक्त पुल में रेलिंग नहीं लगाई गई हैं, जबकि उक्त पुल से स्कूली बच्चों का आना-जाना रहता है और हजारों की संख्या में बड़े वाहनों की आवा-जाही बनी रहती, लेकिन इस और किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।

# मऊगंज में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आज

**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में 7 जनवरी को कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में टीएल पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# स्कूलों में 9 जनवरी तक नहीं लगेंगी कक्षाएं

**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिले के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक की सभी कक्षाओं में 9 जनवरी तक अवकाश के आदेश दिए हैं। लगातार तेज शीतलहर तथा तापमान में हो रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया गया है। इस अवधि में स्कूल खुलेंगे किन्तु उनमें कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित नहीं होंगी। अवकाश अवधि में भी सभी शिक्षक स्कूलों में उपस्थित रहकर अन्य शासकीय कार्य संपादित करेंगे।

# मनरेगा का नाम परिवर्तन के विरोध में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का रहा नेतृत्व

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के अंतर्गत हनुमना में कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश महासचिव सुखेन्द्र सिंह बन्ना के निर्देशन में जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल की उपस्थिति में भाजपा के द्वारा मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में जिला मऊगंज के हनुमना में एसडीएम रश्मि चतुर्वेदी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, दादा नरेंद्र बहादुर सिंह, खटखरी ब्लॉक अध्यक्ष भरत सोनी, दिनकर मिश्रा मंडलम, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सरपंच प्रतिनिधी रोहित अमृत लाल शुक्ला, आशीष तिवारी निलेश केशरी, शैलजा गुप्ता, शिवलाल साकेत, सुरेन्द्र गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, शिवराम तिवारी सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि ज्ञापन पत्र में कांग्रेस ने जिक्र किया है कि भारत को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है जिसमें गरीब और वंचित लोगों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया था लेकिन वी.वी.जी राम जी विकसित भारत गारंटी फार रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण कानून के जरिए भारत सरकार ने इस अधिकार को सरकारी मेहरबानी में बदल दिया है हम सब किसान मजदूर इस फसलों को देश में हर गांव में विरोध करेंगे और मनरेगा बचाव का अभियान चलाएंगे। मारेगा के तहत मजदूरों का समय सीमा पर भुगतान किया जाए। हम सब किसान मजदूर जनता जानदार से स्पष्ट मांग है कि फैसले को वापस लिया जाए। नाम को वापस लिया जाए नहीं तो हम लोग को आंदोलन प्रदर्शन करेंगे मांग की गई है।

# कलेक्टर मऊगंज ने 6 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**मऊगंज, ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन जिले में लोक शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 6 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। यह आदेश मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत जारी किए गए हैं। आदतन अपराधियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी द्वारा दिए गए जाँच प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कृष्ण कुमार उर्फ लल्लू केवट पिता हरिवंश केवट आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम बरावं, सद्दाम हुसैन पिता अब्दुल बहाव आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम देवरा तथा सोनू उर्फ सानू उर्फ राहुल खान पिता मोहम्मद रफीक खान आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम ठुर्रिहा को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह अजय सिंह उर्फ अज्जू पिता वंशगोपाल सिंह आयु 30 वर्ष निवासी गनिगवां, पुरूषोत्तम उर्फ पारितोष पाण्डेय पिता राजकुमार पाण्डेय आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम शिवपुरवा टिकरी तथा ऋावेश मिश्रा उर्फ डिल्लू पिता नीरज उर्फ चंद्रिका प्रसाद मिश्रा आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम घुरेहटा को भी जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। इन सभी आदतन अपराधियों के विरूद्ध थाना क्षेत्रों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आमजनता की सुरक्षा तथा लोक शांति बनाए रखने के लिए इनके विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में बाल विवाह रोकने किया प्रेरित



**हनुमना, नि.प्र.।** महिला एवं बाल विकास परियोजना हनुमना क्रमांक 2 के तत्वाधान में ग्राम पंचायत हाटा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालिका भ्रूण हत्या बंद करने, बाल विवाह रोकने, बच्चियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना अधिकारी शंखधर त्रिपाठी द्वारा स्वागत लक्ष्मी कार्यक्रम के तहत बेटियों के जन्म पर उत्सव बनाने के लिए प्रेरित किया गया। विकासखंड समन्वयक सर्वेश सिंह गहरवार द्वारा बेटी नारी चौपाल कार्यक्रम के तहत नारी सशक्तीकरण एवं बच्चियों की पढ़ाई के प्रति माता पिता का समर्पित योगदान करने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं किशोरी बालिकाओं ने बघेली लोकगीत गाकर बेटी जन्मोत्सव मनाया। लोगों को शपथ के माध्यम से बाल विवाह रोकथांभ हेतु प्रतिबद्ध किया गया। इस अवसर पर परमानंद गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के साथ ग्राम की गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं, किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

# मऊगंज में कलेक्टर ने 33 आवेदनों में की सुनवाई

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आमजनता के 33 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में जमुना प्रसाद साकेत निवासी ग्राम कुलहा ने जमीन के पट्टे के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। तेजा प्रसाद निवासी ग्राम लेड़ुआ ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार नईगढ़ी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। शिवप्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम घुरेहटा ने उनकी जमीन से मिट्टी के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने तथा आरोपी ठेकेदार अरविंद त्रिपाठी से मुआवजा दिलाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को जमीन का सीमांकन कराने तथा भूमि विवाद पर समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। दिलीप पटेल निवासी ग्राम जुड़मनिया मुरली ने गांव में पेयजल व्यवस्था के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को आवेदन में समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। भीमसेन मिश्रा निवासी ग्राम गोदरी ने खुले घूम रहे गौवंश के व्यवस्थापन के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने उप संचालक पशुपालन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। इंद्रमणि यादव निवासी ग्राम देवरा ने पूर्व सरपंच अजय बहादुर सिंह द्वारा शासकीय ट्यूबवेल को कब्जे में लेकर सिंचाई के लिए किए जा रहे उपयोग को रोकने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज तथा कार्यपालन यंत्री पीएचई को ट्यूबवेल से अवैध कब्जा हटाने के लिए समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन के सीमांकन, मजदूरी भुगतान, बिजली बिल में सुधार सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर में 250 मरीजों की हुई जांच



**सोहागी, नि.प्र.।** पूर्व बीईओ स्व. रामसुख शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में अवध शीला मैरिज गार्डन सोहागी में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। संवाददाता को आयोजकों ने बताया कि शिविर मे रामजी दुबे व अखिलेश दुबे डीएम कार्डियोलॉजिस्ट गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर एवं डॉ.हरिशंकर चंदेल की टीम के द्वारा 250 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर रोगियों को हृदय रोग से संबंधित जांचों की सलाह दी गयी। इस मौके पर डॉ. अखिलेश दुबे ने संवाददाता को बताया कि हृदय रोग दुनिया भर में तेजी से फैल रहे हैं। बदलती जीवनशैली के कारण हर उम्र वर्ग में दिल से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। सही जानकारी के अभाव और जागरुकता की कमी के चलते लोग जाने अनजाने हृदय रोगी बन रहे हैं। वहीं समय पर उपचार न मिलने के कारण समस्या और भी बढ़ जाती है। संतुलित आहार और अनुशासित जीवनचर्या अपनाकर हृदय रोगों से बचा जा सकता है। क्षेत्र के रोगियों में जागरुकता का अभाव है। कई रोगी रोग की जानकारी होने के बाद भी वर्षों तक उसका समुचित उपचार नहीं करवाते हैं और घरेलू नुस्खों को अपनाते हुए समय व्यर्थ व्यतीत करते हैं। जो अत्यधिक घातक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि हृदय के विकारों का दुष्परिणाम शरीर के अन्य सभी अंगों पर पड़ता है व विलंब के कारण उपचार और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। निःशुल्क ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि का चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही रोगियों से अपने रोग व उसके सही उपचार के बारे में जागरूक एवं तत्पर रहने की अपील की।

# गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर लगी रोक

**गोविंदगढ़, ब्यूरो।** रीवा जनपद के ग्राम पंचायत मडवा में शंकरगढ़ मोड़ से जंगल हरिजन बस्ती की ओर 200 मीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। संवददाता को ग्रामीणों ने बताया कि गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर पूर्व मे उप सरपंच बृजेंद्र पटेल द्वारा आपत्ति जताई गई और उक्त सड़क का निर्माण शंकरगढ़ हरिजन बस्ती में कराए जाने की मांग की थी लेकिन उनकी मांगों पर पंचायत द्वारा अमल नहीं किया गया और शंकरगढ़ मोड़ से हरिजन बस्ती की और 200 मीटर सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे उपसरपंच बृजेंद्र पटेल ने सड़क की गुणवत्ता देखी और लेबरों से पूछताछ की जिस पर पाया गया कि पंचायत के कार्य में बाहर से मजदूर लाए गए और कार्य भी गुणवत्ता विहीन पाया गया, इसके बाद मौके पर ही इंजीनियर से उप सरपंच द्वारा बात की गई और सड़क निर्माण का कार्य रोका गया। साथ ही उप सरपंच बृजेंद्र पटेल ने गुणवत्ता युक्त अच्छी सड़क बनाई जाने की मांग की है।

# एपीएस विश्वविद्यालय रीवा के परीक्षा परिणामों पर उठे सवाल



### एबीवीपी ने छात्रों के प्रदर्शन के साथ सौंपा ज्ञापन

**मऊगंज ब्यूरो।** एपीएस विश्वविद्यालय रीवा के हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में छात्र अपने परिणामों से असंतुष्ट नजर आए, जिसके चलते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा परिणामों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कई विद्यार्थियों को अपेक्षा के विपरीत अंक मिले हैं, वहीं कुछ विषयों में सामूहिक रूप से अत्यंत कम परिणाम आने से मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। छात्रों का कहना है कि कड़ी मेहनत के बावजूद उचित अंक न मिलना उनके भविष्य के साथ अन्याय है। प्रदर्शन के उपरांत एबीवीपी के कार्यकर्ताओं एवं छात्र प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि संदिग्ध परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाए तथा जिन छात्रों के साथ अन्याय हुआ है उन्हें शीघ्र न्याय प्रदान किया जाए। इस दौरान एबीवीपी के रीवा विभाग संयोजक कमल नयन तिवारी, मऊगंज जिला संयोजक सुंदरम मिश्रा, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष लव पांडे, विश्वविद्यालय इकाई मंत्री दीपा सिंह सहित हनी सिंह, अंजली मिश्रा, राधा गौतम, सानू मिश्रा और शिवानी पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। एबीवीपी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। साथ ही छात्रों ने भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी एवं जवाबदेह मूल्यांकन प्रणाली लागू करने की मांग की है।

# घरेलू हिंसा के प्रति चलाया जागरुकता अभियान



**त्योंथर ब्यूरो।** समग्र जन चेतना विकास परिषद द्वारा त्यौंथर ब्लॉक में घरेलू हिंसा के मुद्दे पर एक व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। संवाददाता को परिषद के सदस्यों ने बताया कि इसमें इनविजिबल स्कार्स फाउंडेशन द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है। यह अभियान तेजी से प्रभाव दिखा रहा है और अब तक 25 से अधिक गाँवों में पहुँचकर 2500 से ज़्यादा लोगों को जागरुकता एवं परामर्श दिया जा चुका है। अभियान के तहत टीम गाँव-गाँव जाकर महिलाओं, युवाओं और समुदाय के अन्य वर्गों को घरेलू हिंसा के प्रकार, कानूनी अधिकार, सुरक्षा के उपाय और सरकारी सहायता योजनाओं की जानकारी दे रही है। टीम द्वारा समूह संवाद, पोस्टर अभियान और महिला जनसभाओं के माध्यम से लोगों को संवेदनशील बनाया जा रहा है। सदस्यों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू हिंसा पर खुलकर बात करने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ित महिलाएँ बिना डर के आवाज उठा सकें। जागरूकता अभियान से गाँवों में सकारात्मक संवाद शुरू हुआ है और लोग समस्याओं को समझकर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ग्रामीण समुदाय ने इस पहल की सराहना की है और कई जगहों पर महिलाओं ने बताया कि इस अभियान ने उन्हें अपने अधिकारों को समझने और मदद लेने का साहस दिया है। संस्था जल्द ही बची हुई पंचायतों में भी इस जागरूकता अभियान को विस्तार देने जा रही है।

# मऊगंज बीआरसी पर कार्यवाही के संबंध में संभागीय कमिश्नर से मिला प्रतिनिधिमण्डल



**मऊगंज ब्यूरो।** शहीद केदारनाथ नगर मऊगंज के बीआरसी श्याम रजक के हाल ही में पीएम पोषण घोटाले के संबंध में सोशल मिडिया में चल रहे आडियो वीडियो के तारतम्य में समुचित जांच हेतु मऊगंज बीआरसी श्याम रजक को हटानें संबंधी मऊगंज कलेक्टर के नाम से 24 दिसंबर 25 को प्रेषित पत्र तथा कमिश्नर रीवा सम्भाग रीवा म.प्र. व डीपीसी रीवा को दी गई प्रतिलिपि पर समुचित कार्यवाही करानें हेतु 05 जनवरी को प्रतिनिधिमण्डल सम्भागीय कमिश्नर से मिलकर इस संबंध में तत्काल कार्यवाही का अनुरोध कर प्रशानिक कसावट बनाए रखनें का अनुरोध किया। कमिश्नर ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुन्द्रिका प्रसादत्रिपाठी विश्वमित्र वरिष्ठ समाजसेवी व सह्योगी रामेश्वर गुप्ता व सेवानिवृत्त शिक्षक व सह्योगी वृजलाल तिवारी उपस्थित रहे।

# नंदीघाट पैरा को पर्यटक स्थल घोषित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



### जनसमस्याओं और छात्र हितों के उठाए मुद्दे

**त्योंथर ब्यूरो।** क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं और छात्र हितों की अनदेखी के विरोध में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जशवंत सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

### ज्ञापन में रखी ये प्रमुख मांगें

ज्ञापन में प्रमुख मांगें ग्राम पंचायत पैरा में प्राचीन और ऐतिहासिक नंदीघाट मंदिर पैरा की धार्मिक व सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए इसे अविलंब पर्यटक स्थल घोषित कर सौंदर्यीकरण कराया जाए। त्योंथर महाविद्यालय में छात्रों के लिए खेल मैदान की व्यवस्था हो जिससे छात्रों को खेलने के लिए कही भटकना न पड़े और महाविद्यालय में एनसीसी कोर्स का संचालन शुरू किया जिससे छात्रों में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत रहे। श्री सिंह ने कहा की त्योंथर महाविद्यालय को परीक्षा के लिए सेल्फ सेंटर बनाया जाए ताकि जिन छात्रों को कही इधर उधर न भटकना पड़े और सुचारू रूप से सभी छात्र अपना परीक्षा दे सकें। सबसे अंतिम में ज्वलंत समस्या जो आजके युवाओं में व्याप्त है, नशा क्षेत्र में तेजी से फैल रहे नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन व्यापक अभियान चलाए और अवैध कारोबार को बंद कराए। जशवंत सिंह ने कहा प्रशासन की निष्क्रियता के कारण त्योंथर के युवा सुविधाओं से वंचित हैं। यदि प्रशासन ने कुछ दिनों के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

### ज्ञापन सौंपने में ये रहे शामिल

मुख्य रूप से इलाही बख्श, शुभलाल कोल पार्षद, अजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, राघवेंद्र सिंह जिला महासचिव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विवेक सिंह गहरवार, शुभम दुबे, पत्रकार प्रवीण शर्मा, अनुरेश पाल, सिद्धार्थ पटेल, अमित सिंह, तरुणेंद्र द्विवेदी, हिमांशु द्विवेदी, अर्पित सिंह, कुलदीप पाठक, सुमित सिंह, रोशनी दीपांकर, सेजल सिंह, रागिनी तिवारी, साक्षी सिंह, प्रतीक्षा सिंह, प्रियंका दीपांकर, प्रार्थना सिंह, प्रिंसी वर्मा, रिंकी गुप्ता, कोमल कुशवाहा, आंचल तिवारी, रेशमा यादव, स्नेहा उपाध्याय, रूबी साकेत, प्रज्ञा जायसवाल, नित्या कुशवाहा, अंशुल पाल, आयुष केशरवानी, अजय तोमर, तन्मय खुराना, विपुल तोमर, अरुणेंद्र विश्वनाथ वर्मा, आकाश तिवारी, धर्मेंद्र माझी, विजय कश्यप, अयान खान, सुखचैन यादव, पंकज यादव, रंजीत मांझी, प्रभाकर सिंह, अमन सिंह, चंद्रमणि मांझी, रजनीश आदिवासी, बाबुलेश मांझी, इंदू खान, विजयशंकर वर्मा, चंदन आदिवासी, अमित गुप्ता, हर्ष गुप्ता, रत्नाकर सिंह, रत्नेश नामदेव, संदीप सागर, आदित्य सिंह, राजकुमार, पीयूष वर्मा, ऋषि दुबे, शुभम गोस्वामी, आकाश कुमार, सत्यम सिंह, धनंजय सिंह, सत्यम मिश्रा, शिवांश सिंह, सुजीत कोरी, घनश्याम तिवारी, सोनू मांझी, सैफ खान, अखिलेश यादव एवं सैकड़ों लोग प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मैदान से हटकर

# गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करेंगे शिखर धवन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अगले महीने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करने जा रहे हैं। ये शिखर की दूसरी शादी होगी और दोनों अगले महीने यानी फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते है। धवन और सोफी को पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान एक साथ देखा गया था और इसके बाद दोनों ने खुद ही इस रिश्ते पर मुहर लगाई थी। धवन जनवरी 2026 में 40 साल के हो गए। उन्होंने 40वां जन्मदिन मनाया था तब सोफी ने उनके लिए सोशल मीडिया पर एक स्पेशल पोस्ट डाला था। रिपोर्ट के मुताबिक धवन और सोफी फरवरी के तीसरे महीने में शादी कर सकते हैं। शादी में शामिल होने के लिए क्रिकेट और बॉलीवुड की कई हस्तियों को निमंत्रण दिया गया है। शादी की तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी है और अब धवन अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। सोफी शाइन आयरलैंड की रहने वाली हैं और अबू धाबी में एक कंपनी में सेकेंड वाइस प्रेसिडेंट की पोस्ट पर काम करती हैं। सोफी का जन्म जून 1990 में लिमरिक आयरलैंड में हुआ था और उन्होनें लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से मार्केटिंग और मैनेंजमेंट की डिग्री हासिल की है। (जेएनएन)



## खेल एक नजर

### अनाहत 28 मिनट में ब्रिटिश ओपन स्क्वाश के फाइनल में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 साल की अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर-19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है।



### जम्मू कश्मीर ने पहली बार जीता बीसीसीआई खिताब



**सूरत, जेएनएन।** जम्मू कश्मीर की अंडर-16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को मिजोरम को पारी और 182 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए बीसीसीआई के किसी टूर्नामेंट का पहला खिताब है। इस चार दिवसीय मुकाबले में जम्मू कश्मीर ने एक दिन शेष रहते जीत दर्ज की। मैच में जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 300 रन की बढ़त हासिल की। मिजोरम की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रन पर ऑलआउट हो गई थी, जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 95.1 ओवर में 400 रन बनाए। कप्तान एस. खजूरिया ने जम्मू-कश्मीर की ओर से 102 रन और अथर्व शर्मा ने नाबाद 92 रन की पारी खेली। जम्मू कश्मीर के गेंदबाजों ने मिजोरम को दूसरी पारी में 42.4 ओवर में 118 रन पर समेट दिया।

## एशेज सीरीजः सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का पहली पारी में स्कोर 518/7, इंग्लैंड के खिलाफ 134 रन की बढ़त

# स्मिथ ने शतक लगाकर द्रविड़ को पीछे छोड़ा, हेड की सेंचुरी

**जेएनएन, सिडनी**

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज सीरीज के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। हेड ने 105 गेंद पर शतक पूरा किया। वह 2002-03 में मैथ्यू हेडन के बाद किसी एक एशेज सीरीज में तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बन गए। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले उनका इस सीरीज में उच्चतम स्कोर 61 रन था, जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था। स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं। उस्मान ख्वाजा जब अपना 88वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए क्रीज पर आए, तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। उन्होंने उसी मैदान पर 49 गेंदों में 17 रन बनाए, जहां उन्होंने 15 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। नाइटवॉचमैन माइकल नेसर (24) के कार्स की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट होने के बाद उन्होंने अपनी रन-रेट बढ़ा दी।



### सिर्फ ब्रैडमैन से पीछे स्मिथ

■ स्मिथ एशेज में 13 शतक लगा चुके हैं, जो किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए दूसरे सर्वाधिक शतक हैं। डॉन ब्रैडमैन ने सर्वाधिक 19 शतक लगाए हैं। एससीजी में शतक लगाने से पहले स्मिथ 12 शतकों के साथ जैक हॉब्स की बराबरी पर थे। स्मिथ के इंग्लैंड के खिलाफ ये 13 शतक किसी बल्लेबाज द्वारा एक ही टीम के खिलाफ लगाए गए संयुक्त रूप से दूसरे सर्वाधिक शतक हैं। इस मामले में भी ब्रैडमैन इंग्लैंड के खिलाफ 19 शतकों के साथ सबसे आगे हैं। सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज और जो रूट ने भारत के खिलाफ13-13 शतक लगाए हैं।

■ 3682 रन स्मिथ एशेज में बना चुके हैं और इस प्रतियोगिता में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। ब्रैडमैन ने सर्वाधिक 5028 रन बनाए हैं। नाबाद 129 रनों की पारी के दौरान स्मिथ ने 3636 रन बनाने वाले हॉब्स को पीछे छोड़ा है। स्मिथ द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए रन ब्रैडमैन के इंग्लैंड के खिलाफ 5028 रनों के बाद किसी एक टीम के खिलाफ बनाए गए दूसरे सर्वाधिक रन हैं।

**37** शतक स्मिथ टेस्ट में लगा चुके हैं, जो किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए छठे सर्वाधिक शतक हैं। वह राहुल द्रविड़ के 36 शतकों से आगे निकल चुके हैं। स्मिथ को इतने शतकों के लिए 219 पारियां लगीं। केवल पोंटिंग (212) और कुमार संगाकारा (218) ने ही उनसे तेज 37 टेस्ट शतक लगाए हैं।



■ ट्रेविस हेड ने एससीजी में अपना पहला टेस्ट शतक लगाया है। अब उनके नाम उन सातों ऑस्ट्रेलिया के मैदानों पर टेस्ट शतक हो गए हैं जहां वह खेले हैं। इससे पहले स्टीव वॉ, मैथ्यू हेडन, जस्टिन लैंगर और डेविड वॉर्नर ने ही ऑस्ट्रेलिया के सात मैदानों पर टेस्ट शतक लगाए हैं।

**12** टेस्ट शतक हेड ने अब तक लगाए हैं और सातवीं बार 150 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। केवल चार अन्य बल्लेबाजों ने पहले 12 शतकों के दौरान इससे अधिक बार 150+ का स्कोर बनाया है। ब्रैडमैन, जहीर अब्बास, वीरेंदर सहवाग और डेनिस एमिस (11 शतकों में) सभी ने आठ बार यह कारनामा किया है। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों में केवल ब्रैडमैन (8) और स्टीव वॉ (7) ने ही पहले 12 शतकों के दौरान हेड से पहले सात या उससे अधिक बार 150+ का स्कोर बनाया है। हालांकि, हेड का सर्वोच्च स्कोर 175 का है जो उन 47 बल्लेबाजों में सबसे कम है, जिन्होंने टेस्ट में सात या उससे ज्यादा बार 150+ का स्कोर बनाया है।

# श्रेयस की अर्धशतक के साथ शानदार वापसी गिल, सूर्यकुमार और यशस्वी ने किया निराश

### विजय हजारे ट्रॉफी

**जेएनएन, जयपुर**

कप्तान श्रेयस अय्यर की चोट से वापसी पर 82 रन की शानदार पारी से मुंबई ने हिमाचल प्रदेश को सात रन से हराकर ग्रुप-सी से विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अय्यर ने 53 गेंद की पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़कर न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू वनडे सीरीज से पहले अपनी फिटनेस साबित करने की कोशिश की। खराब मौसम के कारण मैच को 33 ओवर का कर दिया गया, जिसमें मुंबई ने नौ विकेट पर 299 रन बनाने के बाद शिवम दुबे (68 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से हिमाचल प्रदेश को 32.4 ओवर में 292 रन पर आउट कर छह मैचों में पांचवीं जीत दर्ज की। मुंबई के लिए मुशीर खान (51 गेंद में 73 रन) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, जबकि यशस्वी जायसवाल और भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने क्रमशः 15 और 24 रन का योगदान दिया। वहीं पंजाब ने 40 ओवर के मैच में गोवा को छह विकेट से शिकस्त दी। मयंक मार्कंडेय के तीन और अर्शदीप सिंह, सुखदीप सिंह तथा कृष भगत के दो-दो विकेटों से गोवा को 33.3 ओवर में 211 रन पर आउट करने के बाद पंजाब ने हरनूर सिंह (नाबाद 94) और नमन धीर (68) की शानदार पारियों से 35 ओवर में चार विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल (11) और कप्तान प्रभसिमरन सिंह (दो) के पांचवें ओवर में 17 रन तक आउट होने के बावजूद पंजाब की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी दबाव में नहीं आयी।



### अमेरिका में जन्में अमन ने जड़ा दोहरा शतक

अमेरिका में जन्में अमन राव की ताबड़तोड़ नाबाद दोहरे शतक से खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी हैदराबाद ने बंगाल को 107 रन से करारी शिकस्त दी। आईपीएल नीलामी में राजस्थान से जुड़े 21 साल के राव ने सिर्फ तीसरे लिस्ट-ए मैच 109 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। यह इस टूर्नामेंट का दूसरा दोहरा शतक था। इससे पहले दिसंबर में ओडिशा के स्वस्तिक सामल ने सौराष्ट्र के खिलाफ 212 रन बनाए थे। हैदराबाद ने पांच विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज (58 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने बंगाल की टीम शाहबाज अहमद (108) के नाबाद शतक के बावजूद 44.4 ओवर में 245 रन पर सिमट गई।

### रिषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली जीती

रिषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने रेलवे को छह विकेट से हराकर एक दौर का मुकाबला बाकी रहते क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शीर्ष पर काबिज दिल्ली ने पांच साल में पहली बार नॉकआउट में जगह बनाई। रेलवे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया लेकिन आयुष बडोनी और नवदीप सैनी ने तीन-तीन विकेट लेकर उसे 40.4 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया। रेलवे के छह विकेट 23.2 ओवर में 99 रन पर गिर गए थे। कुश मराठे (51 रन) की अकेले टिक सके। दिल्ली ने 21.4 ओवर में चार विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश आर्य ने 41 गेंद में 80 रन बनाए। पंत ने नौ गेंद में तीन छक्कों और एक चौके के साथ 24 रन बनाए। वहीं एक अन्य मैच में गुजरात ने ओडिशा को 233 रन से हराया। अक्षर पटेल ने 60 गेंद में 73 रन बनाए और पांच ओवर में सिर्फ 14 रन दिए। गुजरात ने छह विकेट पर 333 रन बनाए, लेकिन ओडिशा की टीम 28.1 ओवर में 100 रन पर आउट हो गई। अन्य मैचों में सौराष्ट्र ने सेना को 111 रन से हराया, जबकि हरियाणा और आंध्र का मैच बराबरी पर छूटा।

# कड़े संघर्ष के बाद 45 की वीनस 12 साल छोटी मैग्डा लिनेट से हारीं



**वेलिंगटन, जेएनएन।** वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया, लेकिन आखिर में वह मंगलवार को ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं। वर्ष 2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रही वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं, जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था। मंगलवार का मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने अपने से 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जिस तरह की चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को ऑकलैंड ओपन के अलावा 12 जनवरी से होबार्ट में होने वाले टूर्नामेंट तथा साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से शुरू होगा।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : पुरस्कार राशि में 16% की बढ़ोतरी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है और 18 जनवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में यह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के आयोजकों ने मंगलवार को स्थानीय मुद्रा में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) निर्धारित की गई है। यह कम से कम भारतीय मुद्रा में 6 अरब और 75 करोड़ रुपए हैं। यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष एकल वर्ग में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (2.8 मिलियन डॉलर) मिलेंगे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके साथ ही आयोजकों का कहना है कि मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले सभी एकल और युगल खिलाड़ियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत बढ़ी हुई पुरस्कार राशि मिलेगी।

### टी-20 रैंकिंगः मंधाना व शेफाली टॉप-10 में, हरमनप्रीत को फायदा





**दुबई, जेएनएन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी-20 की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई। हरमनप्रीत रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से नीचे आ गई है। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड शीर्ष पर हैं। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गई।

# सेन मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में, आयुष ने ली जी जिया के खिलाफ किया उलटफेर

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत के आयुष शेट्टी ने 2024 पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली जी जिया को सीधे गेमों में हराकर उलटफेर किया, जबकि लक्ष्य सेन ने भी मंगलवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के साथ पुरुष एकल के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। यूएस ओपन सुपर 300 जीतकर प्रतिभा का परिचय देने वाले युवा खिलाड़ी शेट्टी ने अंतिम 32 के मैच में 21-12, 21-17 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। यह मुकाबला महज 39 मिनट चला। शेट्टी के सामने अंतिम 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई की चुनौती होगी। भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य



सेन ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में पराजित किया। पिछले सत्र के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सेन ने मलेशिया ओपन में विश्व रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 70 मिनट में 21-16, 15-21, 21-14 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव या हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद वापसी करने वाली मालविका बंसोड़ को महिला एकल में हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन से 11-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### बेयरस्टो ने महाराज के ओवर में बनाए 34 रन

**सेंचुरियन, जेएनएन।** क्विंटन डीकॉक और जॉनी बेयरस्टो के बीच पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। कैपिटल्स ने 20 ओवरों में सात विकेट पर 176 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया, लेकिन सनराइजर्स ने केवल 14.2 ओवरों में ही लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। सनराइजर्स की इस जीत के नायक बेयरस्टो (45 गेंद पर नाबाद 85 रन) और डीकॉक (41 गेंद पर नाबाद 79 रन) रहे। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 177 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे सनराइजर्स को 17 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर लौटने में मदद मिली।

## सिटी स्पोर्ट्स

# प्रशांत की हैट्रिक, विक्रमादित्य की विस्फोटक बल्लेबाजी से जीती टीम

### इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट



**भोपाल, खेप्र।** न्यूज अटल प्रदेश और राज एक्सप्रेस ने 31वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अटल न्यूज ने निर्धारित 18 ओवर में 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए। विक्रमादित्य पांडे ने 24 गेंद में 44 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद अकबर और अदिल अशरफ ने 19-19 रन बनाए। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आर्य शर्मा ने चार और सुमित शर्मा ने दो विकेट लिए। जवाब में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पांच विकेट खोकर 158 रन बना पाई। सुमित ने नाबाद 67 रन बनाए, जबकि आर्य शर्मा ने 32 और दीपक राय ने 31 रन का योगदान दिया। अशरफ ने दो विकेट लिए। अन्य मैच में राज ने 18 ओवर में सात विकेट खोकर 117 रन बनाए। जलील ने 32, जैद हुसैन ने 20 और नरेश ने 19 रन का योगदान दिया। स्वदेश ज्योति के कप्तान अक्षत शर्मा और केके गंगवार ने तीन-तीन विकेट लिए। स्वदेश की टीम 16.3 ओवर में 86 रन पर ऑलआउट हो गई। अक्षत ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। राज के प्रशांत ने हैट्रिक समेत चार विकेट लिए, जबकि जलील को तीन सफलता मिली।

# ड्रैगन बोट में मप्र की स्वर्णिम शुरुआत

### चैंपियनशिप का खेल मंत्री ने किया शुभारंभ



**भोपाल, खेप्र।** मेजबान मध्यप्रदेश ने 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट सीनियर, जूनियर पुरुष व महिला ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। प्रतियोगिता में मप्र ने सीनियर 10 मिक्स इवेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र ने रजत तथा पंजाब ने कांस्य पदक जीता। कड़ाके की सर्दी के बीच छोटी झील पर आयोजित राष्ट्रीय ड्रैगन बोट में पहले दिन दो किमी की रेस हुई। डी-10 सीनियर मिक्स के फाइनल मुकाबले में 9:46.267 समय के साथ मप्र ने सोने का तमगा हासिल किया। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर मालती राय व एशियन कैनो फेडरेशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। चैंपियनशिप में देश के एक हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मप्र कयाकिंग कैनोइंग के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो किलोमीटर के बचे हुए फाइनल व 500 मीटर की हिट्स फाइनल रेस आयोजित होगी।



### बीडीसीए अंडर-18 टीम की कमान ओजस को

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) ने हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के लिए अंडर-18 टीम की कमान ओजस शुक्ला को सौंपी है। बीडीसीए के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि टीम पहला मैच उज्जैन के खिलाफ 7 से 10 जनवरी को खेलेगी। बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने खिलाड़ियों को किट वितरित की।



**टीम :** ओजस (कप्तान) आलिफ हसन (उप कप्तान), हर्षित शर्मा (विकेटकीपर), जय रघुवंशी (विकेटकीपर), कुश राजपूत, कनिष्क गौतम, सिद्धांत परिहार, मलय श्रीवास्तव, रिदय माहेश्वरी, रुद्र प्रताप सिंह तोमर, रबजीत सिंह मल्ही, अंजेश पाल, दिव्यांश बंडोलिया, दीपेश सेन और अर्णव पुंडीर।

### टेबल टेनिसः पूनम सिविल सर्विसेज टीम में चयनित



**भोपाल, खेप्र।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी पूनम इसरानी का चयन सिविल सर्विसेज टीम में किया गया है। वे लगातार 32वीं बार मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता 12 से 16 जनवरी को चंडीगढ़ में होगी। पूनम इसरानी संभागीय औषधि प्रयोगशाला, इंदौर में कार्यरत हैं।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आज

**रीवा।** औद्योगिक विकास तथा निवेश प्रोत्साहन के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 7 जनवरी को आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से आरंभ होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक 7 जनवरी को आयोजित की जा रही है। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे आरंभ होगी। सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।


Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets

यदि आप कब्ज, गैस और एसिडिटी से परेशान हैं तो आज ही लीजिए 'पेट सफा' आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स/टेबलेट्स। पेट सफा पहली रात से असर दिखाता है, और इसकी आदत भी नहीं पड़ती।

रात को एक चम्मच खाओ सुबह फ्रैश हो जाओ...

कब्ज़ गैस एसिडिटी

पेट सफा...... तो हर रोग दफा

Divisa


# अवैध खदान में चल रही ब्लास्टिंग घर छोड़ने को विवश लोग

## ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की उठाई मांग

जागरण, रीवा

चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्येपुर गांव से मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने क्षेत्र में खदानों में अवैध रूप से ब्लास्टिंग को लेकर शिकायती ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि रिहायशी इलाके के पास हो रही अवैध ब्लास्टिंग ने उनकी नीच हराम कर दी है। आरोप लगाया कि शासकीय भूमि के पास कुछ लोगों द्वारा रात के समय लगातार ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे आसपास रहने वाले सैकड़ों गरीब परिवारों की जान को खतरा बना हुआ है। ब्लास्टिंग के कारण पानी की टंकी की सीढ़िया क्षतिग्रस्त हो गई है साथ ही टंकी में दरार आ गई हैं, इसके साथ ही पास स्थित आंगनवाड़ी केंद्र की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उड़कर घरों के अंदर गिर रहे हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में अवैध खनन से लगातार भय का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध खनन पर रोक लगाने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सौ वर्षों से निवासरत आदिवासियों को किया जा रहा भूमि से बेदखल



**रीवा।** गुढ़ तहसील के ग्राम केरहा गड्डी निवासी करीब दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुष ने कलेक्टोरेट पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि जिस भूमि वे पुरखों से निवास करते आ रहे हैं जहां उनके मकान बने हैं, वे लोग खेती करते आ रहे हैं , उस जमीन से उन्हें बेदखल किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वे लोग अनुसूचित जनजाति गोंड जाति के हैं, ग्राम केरहा गड्डी में खसरा नंबर 711 से लेकर 726 तक में वे लोग करीब सौ वर्षों से निवास करते चले आ रहे हैं, आज उन लोगों को उनकी जमीन, जल, जंगल से बेदखल किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनकी जमीन पट्टा नहीं अपितु पुश्तैनी जमीन है। हमारे आजीविका का साधन खेती है, इसी भूमि में निवास करने के साथ ही खेती भी करते आ रहे हैं, रामाधार पिता रामखेलावन पटेल बजरंगपुर सरहंगों के साथ बंदूक, कट्टा आदि लेकर आते हैं और कहते हैं कि तुम लोग परिवार सहित यहां से भाग जाओ अन्यथा तुम लोगों को जान से खत्म कर देंगे। शिकायतकर्ताओं ने मांग की कि जो लोग उन्हें धमका रहे हैं।

**पुस्तैनी जमीन है, बंदूक, कट्टा दिखाकर धमका रहे**


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर

डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)

परामर्श शुल्क मात्र 300/-

मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)

चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।

Kamta कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311


## अपर कलेक्टर का प्रभार सीईओ जिला पंचायत को

**रीवा।** अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी के अवकाश में जाने के कारण कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अपर कलेक्टर का प्रभार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेह्ताब सिंह गुर्जर को देने के आदेश दिए हैं। त्रिपाठी के अवकाश से वापस लौटने तक श्री गुर्जर अपने मूल पद के साथ अपर कलेक्टर के भी दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## घर के रास्ते सराफा दुकान में घुसा बदमाश, चांदी जेवर लेकर हुआ चंपत

**सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपरहटी की घटना**

**जागरण,रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उपरही में मंगलवार की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब घर के रास्ते सर्राफा दुकान में घुसा एक बदमाश चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गया। बताया गया कि आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया वहीं पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपरही में संचालित सराफा दुकान के संचालक परिवार सहित प्रयागराज गंगा स्नान के लिए गए हुए थे। वृद्ध विनोद खण्डेलवाल अकेले घर में थे, शाम को दरवाजा बंद कर वो टहलने चले गए। इसी समय एक बदमाश घर के रास्ते से दुकान के अंदर घुस गया और चांदी के जेवर चुराकर भागने लगा, इस दौरान कुछ जेवर रास्ते में गिर गए। बताया गया कि जब तक लोग कुछ समझ पाते आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत सिटी कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। बताया गया कि आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जिसके बाद पुलिस अब आरोपी की तालश में लगी हुई है, पीड़ित विनोद खण्डेलवाल ने बताया कि कितना चांदी का जेवर चोरी हुआ है, यह परिवार के लोगों के प्रयागराज से वापस आने के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में लगी हुई है।

## वृद्धाश्रम में एसपी ने वृद्धजनों के बीच मनाया जन्मदिवस



**जागरण, रीवा।** रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी नें आश्रम के वृद्धजनों सहित पुलिस स्टाफ के साथ मिलकर अपने जन्मदिन की खुशियां बांटी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थितजनों के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए कहां कि मनुष्य के जीवन में मनुष्य ऋण चुकाना ही जीवन का प्रमुख उद्देश्य है, इसलिये हम जैसे भी हैं, जिस परिस्थिति में हैं, हमें हमेशा अपना आचरण ऐसा रखना चाहिए कि हम एक दूसरे की मदद, सहायता और समस्या को दूर कर सकें। तभी हमारा जो मनुष्य ऋण है, उसे चुकाया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि जो हमारे वृद्धजन हैं वो हमारे लिये सम्माननीय हैं, उन्हीं के बताए रास्ते में हमें चलना चाहिए, चाहे वह हमारे मां बाप ही क्यों ना हो, चूंकि जीवन में हमारे पहले गुरू हमारे मां बाप ही होते हैं।

## सुरक्षा मानकों की अनदेखी: 13 बसों पर चलानी कार्रवाई

**परिवहन विभाग ने 49 बसों को किया चेक, 13 पर कार्रवाई**



**जागरण, रीवा।** परिवहन विभाग ने रीवा-प्रयागराज और हनुमना मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों की सुरक्षा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, फर्स्ट-एड बॉक्स, व्हीएलटीडी (वीडियो लॉगिंग डिवाइस) और फिटनेस मानकों की जांच की गई। 49 बसों को चेक किया गया जिनमे 13 में सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई। जिन पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप चालानी कार्रवाई की गई। बताया गया कि जांच में पाया गया कि कुछ बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं लगे थे वहीं कुछ में आपातकालीन द्वार सही तरीके से कार्य नहीं कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, कुछ बसों में फिटनेस संबंधी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था, और कुछ बसों में व्हीएलटीडी (वीडियो लॉगिंग डिवाइस) का इंस्टॉलेशन भी नदारद था। हर यात्री बस में अग्निशमन यंत्र होना अनिवार्य है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत आग को बुझाया जा सके। साथ ही यात्रियों के सुरक्षित बाहर निकलने के लिए बसों में आपातकालीन द्वार होना जरूरी है, जो किसी भी दुर्घटना या आपातकाल में काम आ सके। ये डिवाइस यात्रियों की सुरक्षा और बस के संचालन के दौरान होने वाली घटनाओं को रोकने लिए जरूरी होते हैं। विशेष चेकिंग अभियान रीवा आरटीओ के निर्देशन में चलाया गया जिसमे परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड प्रभारी रीवा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बस संचालकों को चेकिंग के दौरान निर्धारित समय के भीतर सुरक्षा मानकों को पूरा करने विभाग ने यह स्पष्ट किया कि यात्री बसों में सुरक्षा को लेकर यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा, और इस प्रकार की अनियमितताओं को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही कहां गया कि यात्री बसों के संचालन में कोई भी लापरवाही या गड़बड़ी यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल सकती है, और इसीलिए परिवहन विभाग ने यह जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जो आगे भी जारी रहेगी।

## तेज रफ्तार बाइक सवार नहर में गिरे, 2 की मौत 1 की बची जान

**सेमरिया थाना क्षेत्र के शाहपुर चौकी क्षेत्र का मामला**



**जागरण, रीवा।** बाइक सवार तीन युवक बीती रात हादसे का शिकार हो गए। अचानक अनियंत्रित होकर बाइक नहर में गिर गई। हादसे में दो युवकों की नहर के पानी में डूबने से मौत हो गई जबकि एक की जान बच गई। घटना सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सामने आई। देर रात घटना की सूचना ग्रामीणों ने कंट्रोल रूम में दी थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन के पास घटना की जानकारी पहुंची। बताया गया कि घटना के तुरंद बाद वहा मौजूद लोगों ने एक युवक को सुरक्षित नहर से बाहर निकाल लिया जबकि दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। मंगलवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया जिसके बाद दोनों युवकों का शव बरामद किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मृतक मनोज विश्वकर्मा पुत्र नंदलाल विश्वकर्मा 30 साल निवासी पड़रा थाना सिविल लाइन और शुभम विश्वकर्मा 32 निवासी ग्राम पहाड़ीखेरा जिला सतना अपने एक अन्य साथी पंकज विश्वकर्मा पुत्र रामलाल विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी मसमासी रामनगर के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बीती रात्रि करीब 8.30 सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र क्षेत्र में नहर में बाइक सहित तीनों युवक समा गए। इस दौरान पंकज विश्वकर्मा को देर रात ही ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से बाहर निकाल लिया था जबकि मंगलवार की सुबह मौके पर पहुंचे एसडीआरएफ की टीम के उप निरीक्षक विकास पांडे के नेतृत्व में टीम ने नहर में सर्चिंग करते हुए मनोज विश्वकर्मा और शिवम विश्वकर्मा के शव को दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जिन्हें पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुराहाल था, फिलहाल घटना कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पॉक्सो एक्ट मामले में तत्कालीन लालंगाव प्रभारी की बढ़ी मुसबीत

**न्यायालय ने जारी किया था कारण बताओ नोटिस, अब आईजी ने मांगा जवाब**

**जागरण, रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के तत्कालीन लालगांव चौकी प्रभारी आर.बी सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गढ़ थाना में धार 74, 78 बीएनएस एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी पर न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सिरमौर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने आईजी को उक्त मामले की जानकारी दी। अभियुक्त विवेक पटेल को गिरफ्तार कर लालगांव पुलिस ने 30 दिसंबर को अभिरक्षा में लिया था साथ साथ ही 12 जनवरी तक न्यायिक रिमांड स्वीकार करने के आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। जबकि बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांत अरनेश कुमार विरुद्ध स्टेट ऑफ बिहार 2014 8 एससीसीसी पेज क्रमांक 273 में दिए गए दिशा निर्देश के पालन में 7 वर्ष का कारावास से दंडनीय अपराधों में केस डायरी के साथ चेक लिस्ट संलग्न कर उसमें अभियुक्त को गिरफ्तार करने की आवश्यकता एवं सामग्रियां प्रस्तुत किया जाना है। संबंधित मजिस्ट्रेट अभियुक्त की गिरफ्तारी से संतुष्ट होकर उसके हिरासत को अधिकृत करेगा। अर्थात न्यायिक रिमांड स्वीकार करेगा। उक्त निर्देश का पालन नहीं करने पर संबंधित पुलिस अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के अलावा क्षेत्रीय अधिकार रखने वाले उच्च न्यायालय में अवमानना का मुकदमा भी चलाया जा सकता है। बताया गया कि उक्त प्रकरण में अभियुक्त को गिरफ्तार करने पर पुलिस ने चेक लिस्ट संलग्न नहीं की और अभियुक्त को गिरफ्तार करने का कारण भी नहीं बताया साथ ही अभियुक्त के आपराधिक रिकार्ड की केस डायरी भी संलग्न नहीं की। इसे लेकर न्यायालय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जिस पर कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस अधीक्षक रीवा के पत्र के बाद आईजी गौरव राजपूत ने विश्वविद्यालय थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक आरबी सिंह को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने का समय दिया है, तय समय पर जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क निर्माण कर रहे श्रमिक के ऊपर गिरा पत्थर



**जागरण, रीवा।** सेमरिया बायपास में सड़क पर काम कर रहा श्रमिक मंगलवार को हादसे का शिकार हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक श्रमिक बायपास के नीचे काम पर लगा हुआ था, इसी दौरान बायपास के ऊपर से अचानक उसके ऊपर पत्थर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल श्रमिक रोहित कुमार रावत 19 वर्ष को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सर्जरी वार्ड में घायल का उपचार किया जा रहा है।

## एडीओपी उमेश प्रजापति भेजे गये चुरहट

**जागरण, रीवा।** राज्य शासन गृह मंत्रालय द्वारा राज्य पुलिस सेवा के उप पुलिस अधीक्षक संवर्ग के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव स्थानांतरण आदेश जारी किये गये हैं। गृह मंत्रालय के उप सचिव बुद्धेश कुमासर द्वारा मंगलवार को जारी आदेश के मुताबिक तेदूखेड़ा दमोह में पदस्थ रहे एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर सिरमौर में पदस्थ किया गया है और सिरमौर एसडीओपी रहे उमेश प्रजापति को चुरहट में पदस्थ किया गया है। चुरहट में एसडीओपी रहे आशुतोष द्विवेदी को उप पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल बनाया गया है। इसके अलावा कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक राज्य औद्योगिक सुरक्षा रीवा विलय गोठरिया को कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर बनाया गया है।

## मोहनिया टनल में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**रीवा।** चोरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनिया टनल में मंगलवार की रात बोलेरो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक के बीच आमने सामने से टक्कर हो गई। बताया गया कि टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक हुए हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।


मेट्रो हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रीवा

अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध

उपलब्ध विभाग: हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स), प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, पीडियाट्रिक, पॉलीट्रामा, पल्मोनरी मेडिसिन

न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा

अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775, 7771000668

10 जनवरी 2026 को लीवर की विशेष जांच फाइब्रोस्केन निःशुल्क की जाएगी

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)

उपलब्ध सुविधा: एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, फाइब्रोस्केन, ERCP

पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

Call Now 8770352872, 7566926696

पता - बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में 11 जनवरी, रविवार

प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक

डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय शुक्ला MBBS, M.D., D.M. (Endocrinology & Metabolism) SGPGI लखनऊ

विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ

कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)

चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।

अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध

विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा

मो.-7247097637

परामर्श शुल्क 300/- परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पेलक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

Minerva मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा

जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी

आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज

फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा विशेष सूचना दिनांकः 10, 11 जनवरी 2026 कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध

असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.) 9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपतियों के लिए)

कम खर्च बेहतर इलाज

सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा

उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI, फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET), एग फ्रीजिंग, एंब्रियो फ्रीजिंग, स्पर्म फ्रीजिंग

डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग, निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध

टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830

खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उरहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com